डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹71500 10 ग्राम
₹91000 01 किलो
सेंसेक्स 78,041.59 -1,176.45
डॉलर 85.013 -0.089

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

पौष कृष्ण पक्ष 7, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 22 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-68, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 हार्दिक पांड्या विजय हजारे ...

## एक नजर

### जमीनी विवाद में मारपीट: पिता-पुत्र सहित महिला गंभीर रूप से घायल

**चतरा।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के डाहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में संजय यादव, उनकी पत्नी अंजू देवी और पुत्र महावीर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहाँ से गंभीर स्थिति को देखते हुए तीनों को गया के मगध मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घायल युवक की बेटी ने बताया कि पड़ोसी अक्सर घर आकर गाली-गलौज करते थे। विरोध करने पर उनके पिता, माता और भाई पर हमला कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि यह पुराने जमीनी विवाद का नतीजा है। हंटरगंज थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### बहू की हत्या के दोषियों को उम्रकैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त अरविंद कुमार की अदालत ने शनिवार को दहेज के लिए बहू की हत्या के दोषी पाकर कोतवाली थाना के तत्कालीन दारोगा बिहार के भोजपुर जिला निवासी रामप्रशण दुबे, उनकी पत्नी ललिता देवी और बेटे काशीनाथ दुबे को उम्र कैद की सजा सुनाई। साथ ही, तीनों पर जुमार्ना भी लगाया गया है। साजिश रचकर अपनी बहू की हत्या करने के आरोप में 04 मई 1998 को डोरंडा थाने में कांड संख्या 111/1998 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उस समय रामप्रशण दुबे रांची कोतवाली थाने में पदस्थापित थे। प्राथमिकी के बाद अपने प्रभाव से केस काफी दिनों तक किसी न किसी कारण से लंबित चला आ रहा था। वर्ष 2014 में मामला खुला और उसमें सेशन नंबर बैठाकर आगे की सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट भेज दिया गया। वहां तीनों पर 24 जुलाई 2015 को दहेज हत्या और साजिश रचने के आरोप में आरोप गठित किया गया था।

## आज कल




# पुलिस लाइन रोड स्थित खाद्य दुकानों में फूड सेफ्टी ऑफिसर की छापेमारी, नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश

- उपभोक्ता की शिकायत पर दुकानों की कई खाद्य सामग्री के सैंपल सील, जांच के लिए रांची लैब भेजे गए
- क्रीम रॉल, वेज पैटीज, पनीर पैटीज, समोसे सहित अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए

**मेदिनीनगर।** शनिवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी गुलाब लकड़ा ने पुलिस लाइन रोड स्थित विभिन्न खाद्य दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान कई खाद्य पदार्थों के सैंपल सील कर रांची स्थित प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए। क्रीम रॉल, वेज पैटीज, पनीर पैटीज और समोसे सहित अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। छापेमारी में एक्सपायरी तेल और खराब गुणवत्ता वाले चिप्स जैसी सामग्रियां भी पाई गईं।

**खामियां उजागर: लाइसेंस और डस्टबिन की अनियमितताएं :** जांच के दौरान यह पाया गया कि कई दुकानों पर भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के लाइसेंस की प्रति प्रदर्शित नहीं थी। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत सभी दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान में लाइसेंस स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करने का आदेश दिया गया। इसके



अलावा, कई दुकानों में डस्टबिन के ढक्कन नहीं पाए गए, जो स्वच्छता मानकों का उल्लंघन है। फूड सेफ्टी ऑफिसर गुलाब लकड़ा ने कहा कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। खराब गुणवत्ता वाले खाद्य पदार्थ स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने दुकानदारों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी खाद्य सामग्री का निर्माण और बिक्री एफएसएसएआई के नियमों के तहत होनी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि इस तरह की जांच आगे भी जारी रहेगी।

**शिकायत के लिए संपर्क करें :** आम जनता को खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह की शिकायत हो तो वे फूड सेफ्टी कार्यालय (ब्राह्मण स्कूल के पीछे) में संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा, एमएमसीएच के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (पलामू पीआरडी और डीसी पलामू) पर भी शिकायत दर्ज की जा सकती है।

**सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर सजा का प्रावधान :** गुलाब लकड़ा ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (ऋ़रअक) के नियमों का उल्लंघन करने पर दोषी दुकानदार पर जुमार्ना लगाया जा सकता है। बार-बार उल्लंघन करने पर प्रतिष्ठान का लाइसेंस निलंबित या रद्द किया जा सकता है। खराब गुणवत्ता शेष पेज 11 पर

# स्कूली बस पलटने से एक छात्र की मौत, आधा दर्जन घायल



### सिकिदरी घाटी में स्कूल बस पलटी, कई बच्चे घायल

**रांची।** राजधानी के सिकिदरी घाटी में वॉटरफाल देखने गए बच्चों को ले जा रही स्कूली बच्चों से भरी बस एकाएक अनियंत्रित होकर घाटी में पलट गई। हादसे में स्कूल बस में सवार लगभग दो दर्जन बच्चे घायल हो गए, जिन्हें रांची के ही मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी बच्चों को बेहतर इलाज के लिए रांची के मेदांता में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राइजिंग स्टार स्कूल कोडरमा के 60 बच्चे और लगभग 10 शिक्षक स्कूल बस में थे। सिकिदिरी घाटी में दुर्घटना की यह कोई पहली घटना नहीं है। इस घटना से पहले 2022 में भी सिकिदिरी- हुंडरू फाल वाली रोड पर डॉक्टर मोड़ के पास ही बिहार के गया जिले के बाराचट्टी के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल की एक बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। इस बस में लगभग 64 बच्चे और 6 शिक्षक सवार थे। यह सभी हुंडरू फॉल पिकनिक मनाने जा रहे थे। उनकी बस भी सिकिदिरी घाटी में पलटी थी। उस दौरान भी लगभग एक दर्जन से ज्यादा बच्चे घायल हुए थे।

- मोटर साइकिल सवार को बचाने में स्कूली बस पलटा
- स्कूल छुट्टी के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही थी स्कूल बस

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के संगबरिया गांव में सामने से आ रहा मोटरसाइकिल सवार को बचाने के प्रयास में स्कूली बच्चों से भरा बस अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में एक छात्र की मौत हो गई। जबकि करीब आधा दर्जन बच्चे जख्मी हैं। सभी को बेहतर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार मेराल के पाराडाइज पब्लिक स्कूल का बस था, जो छुट्टी के बाद बच्चों को लेकर घर छोड़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान दुर्घटना हुई। दुर्घटना में पतहरिया गांव निवासी रामप्रवेश पाल का 13 वर्षीय पुत्र राजू पाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना में सोगरा बेगम वर्ग 2, कृतिका रानी वर्ग 7, राधा कुमारी एक, आकाश यादव वर्ग 6, नीरज पाल वर्ग 2, अंकुश यादव जख्मी हो गए। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेराल में प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत थाना प्रभारी विष्णु कांत प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. वीरेंद्र कुमार डॉक्टर अनिल शाह ने घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भेजा। दुर्घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने पदाधिकारी के समक्ष विरोध प्रकट करते हुए मेराल बंका सड़क को जाम कर दिया। आक्रोशित लोगों का कहना है कि एसपी तथा डीसी घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिवार के लोगों को मुआवजा उपलब्ध कराकर दोषी पर कार्रवाई करें। बीडीओ सतीश भगत से आश्वाशन के बाद करीब दो घंटा के बाद सड़क जाम हटा लिया गया। जाम स्थल से शव को उठा कर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेजा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि पीड़ित परिवार के प्रति पूरी संवेदना है। प्रशासनिक स्तर से हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल से कुछ दूर पर बीडीओ सतीश भगत ने अपने टीम के साथ जेई, एई, पंचायत सचिव रोजगार सेवक के साथ योजना का निरीक्षण कर रहे थे, बस पलटने की सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच बस से बच्चों को निकल इलाज के लिए भेजने में मदद किया। संगवारिया मुखिया संजय राम, पढ़ुआ मुखिया आशीष बीआर, लोवादाग शेष पेज 11 पर

# भारत में स्किल कैपिटल बनने का सामर्थ्य : मोदी



- कहा, दुनिया की स्किल डिमांड पूरा करने में सक्षम है देश
- प्रधानमंत्री ने कुवैत में भारतीय समुदाय को किया संबोधित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत आज दुनिया की स्किल कैपिटल बनने और स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है। भारत के स्टार्टअप और फिनटेक हेल्थ केयर से लेकर स्मार्ट सिटीज और ग्रीन टेक्नोलॉजी तक कुवैत की हर जरूरत के लिए कटिंग एज सॉल्यूशन बना सकते हैं। भारत का स्लिड यूथ कुवैत की फ्यूचर जर्नी को भी नए स्ट्रेंथ दे सकता है।

प्रधानमंत्री शनिवार को दो दिवसीय यात्रा पर कुवैत पहुंचे, जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस दौरान भारतीय समुदाय से जुड़े लोगों ने उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए बताया कि भारत सरकार विदेश में काम करने वाले भारतीयों के कल्याण के लिए विभिन्न देशों के साथ समझौते कर रही है। ई-माइग्रेट मंच के माध्यम से विदेशी कंपनियों और पंजीकृत एजेंट को एक साथ लाकर प्रभावी जनशक्ति समाधान दिया जा रहा है। पिछले 5 वर्षों में इस पोर्टल के माध्यम से हजारों लोगों को खाड़ी देशों में रोजगार मिला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत-कुवैत के बीच संस्कृति और वाणिज्य के माध्यम से बने संबंध आज नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। कुवैत भारत का एक महत्वपूर्ण ऊर्जा और व्यापार भागीदार है। कुवैती कंपनियां भारत में बड़ा निवेश कर रही हैं। कुवैत और भारत के नागरिकों ने संकट के समय में हमेशा एक दूसरे की मदद की है। प्रधानमंत्री ने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि 43 साल बाद कोई भारतीय प्रधानमंत्री कुवैत की यात्रा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान से यहां आने में 4 घंटे लगते हैं, लेकिन प्रधानमंत्री को आने में चार दशक लग गए। प्रधानमंत्री ने स्थानीय भारतीय समुदाय की सराहना की। उनहोंने कहा कि वह उनकी उपलब्धियां को सेलिब्रेट करने आए हैं। कुवैती नेतृत्व भी भारतीयों के योगदान को की प्रशंसा करता है। उन्होंने कहा कि भारत उन चुनिंदा देशों में है, जिन्होंने कुवैत को स्वतंत्रता मिलने के बाद मान्यता दी थी। कोविड के दौरान कुवैत ने भारत को लिक्विड ऑक्सीजन सप्लाई किया और उस दौरान कुवैत को वैक्सीन और मेडिकल टीम भेजकर भारत ने भी लड़ने का साहस दिया।

### मंत्री दीपक बिरुआ ने परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण पर समीक्षा बैठक की, कहा

# जो पदाधिकारी लक्ष्य पूरा नहीं करेंगे उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

- लर्नर एवं ड्राइविंग लाइसेंस में आमजनों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो
- सड़क सुरक्षा के नियमों का अनुपालन नहीं करने वालों पर कार्रवाई करें

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजस्व, पंजीकरण एवं भूमि सुधार मंत्री तथा परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने शनिवार को कहा कि लर्नर एवं ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत कराए जाने में आमलोगों को अनावश्यक परेशानी नहीं हो।



पदाधिकारी प्रत्येक दिन आम जनता से मुलाकात करें और उनकी परेशानियों को यथाशीघ्र निष्पादित करने की दिशा में कार्य करें। वे परिवहन विभाग के राजस्व संग्रहण एवं कार्यों की समीक्षा बैठक में पदाधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। मंत्री बिरुआ ने कहा कि राजस्व संग्रहण के लिए वार्षिक लक्ष्य को चार महीने में पूर्ण किया जाना अनिवार्य है। पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी को समझें। लक्ष्य पूर्ण करने में असमर्थ पदाधिकारियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के क्रम में मंत्री द्वारा टैक्स, परमिट तथा वाहनों के रजिस्ट्रेशन की काफी कमी पाई गई। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिया कि गत माह के सभी प्रकार के लंबित कार्यों को यथाशीघ्र निष्पादित किया जाए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को वाहनों के भौतिक निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया। मंत्री ने चिरकुंडा, धनबाद में चल रहे चेकपोस्ट की तरह अन्य जिलों में चेकपोस्ट चालू शेष पेज 11 पर




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन ने शनिवार को तिरुपति की पावन धरती पर विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बालाजी और श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में पूजा-अर्चना की और राज्यवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और स्वस्थ जीवन की कामना की।

## इंडिया

# असफलता की कुंठा या असंभव लक्ष्य से बढ़ रही कोटा में आत्महत्याएं?



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

राजस्थान के कोटा में 16 वर्षीय आईआईटी जेईई उम्मीदवार ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। कोटा में कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या का इस वर्ष का यह 17वां मामला है जबकि गत वर्ष कोचिंग छात्रों द्वारा आत्महत्या के 26 मामले दर्ज किए गए थे। बिहार के वैशाली जिले का रहने वाले लड़के को छत के पंखे से लटका हुआ पाया गया, जबकि कमरे में आत्महत्या रोकने वाली डिवाइस लगी हुई थी। पिछले साल छात्रों की आत्महत्या के मामलों में वृद्धि को देखते हुए, जिला प्रशासन ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें सभी छात्रावासों और पेइंग गेस्ट आवासों को कमरों में स्प्रिंग-लोडेड पंखे लगाने की आवश्यकता थी।कोटा जिला प्रशासन और राजस्थान सरकार के कई उपायों के बावजूद, भारत के कोचिंग हब कोटा में छात्रों की आत्महत्या के मामले सामने आ रहे हैं। पिछले साल सितंबर में, राजस्थान सरकार ने आत्महत्या को रोकने के लिए अनिवार्य स्क्रीनिंग टेस्ट, रैंकिंग-आधारित सॉर्टिंग के बजाय छात्रों को वर्णानुक्रम में छांटना और केवल कक्षा 9वीं से ऊपर के छात्रों के लिए ही प्रवेश का नियम बनाया।केंद्र ने जनवरी में कोचिंग सेंटरों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए, जिसमें 16 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को दाखिला देने पर 1,00,000 रुपये का जुमार्ना लगाने की बात थी ।राजस्थान स्टेट क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2020 में राज्य में आत्महत्या के कुल 5658 मामले सामने आए थे, कोटा सिटी में कुल 173 मामले और कोटा रूरल में 126 मामले सामने आए थे । कोटा को अब लोग आत्महत्या की फैक्ट्री बताने लगे हैं। जो शहर हजारों को प्रशिक्षित कर मेडिकल, इंजीनियरिंग या ऐसे ही प्रतिष्ठित संस्थानों में नामांकन दिला रहा हो दिनों दिन हताशा का माहौल क्यों बना रहा है? क्या योग्यता से अधिक की चाहत की अंधी दौड़ में बच्चे पिछड़ जा रहे हैं या अभिभावकों को दमित महत्वाकांक्षा को पूरी करने में असमर्थ बच्चे माता-पिता के अत्यधिक दवाव के शिकार हो रहे हैं जैसा मोदी जी ने कहा था या हीन भावना के शिकार होकर अपने दुर्लभ जीवन का अंत कर गरीब मां-बाप को कभी न मिटने वाला संताप दे रहे हैं? बचाने के लिए संघर्ष करते अभिभावकों पर अपने कलेजे के टुकड़ों की मौत बहुत भारी पड़ रही है। हर



आत्महत्या के बाद थोड़ी सुगबुगाहट होती है फिर मामला किसी बड़े उद्योग की छोटी दुर्घटना की तरह सामान्य बन जाती है। यहां एक बात उल्लेखनीय है कि बंगाल, केरल और कुछ अन्य राज्यों में जहां सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहतर है, इतने कोचिंग संस्थान भी नहीं है और वहां के बच्चों की भीड़ भी यहां नहीं है। यश, पैसा और सफलता के लिए देश में बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा से जूझ रहे अभिभावक अपने बच्चों को इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर या अफसर बनाने की अंधी दौड़ में शामिल हैं और इसके लिए भ्रष्टाचार से लेकर पैसा जुटाने के हर तरीके आजमाने को तैयार हैं। ऐसे बेचैन माता-पिता का दबाव बच्चे के ऊपर रहता है और वह लगातार होते टेस्ट के कम अंक को अंतिम अवसर मानकर आत्महत्या जैसा कदम उठा लेता है। कुछ बच्चों ने परीक्षा देने के बाद आत्महत्या की, कुछ ने कम अंक आने पर तो कुछ ने अभिभावकों से बात करने के बाद, सवाल यह है कि दक्षिण भारत के इंजीनियरिंग, मेडिकल कॉलेज और प्रबंधन संस्थानों में एडमिशन के लिए पहले सिर्फ डोनेशन काफी था, पर यह रकम अब पचास लाख से करोड़ों तक पहुंच गई है, जबकि उनमें में प्रवेश के लिए कोचिंग जरूरी है। हिंदी पट्टी में ध्वस्त होती सरकारी शिक्षा व्यवस्था और समानांतर कोचिंग का प्रचालन बढ़ा है। मनोवैज्ञानिक इसे तनाव से उपजी समस्या बताते हैं। तनाव तो है, पर मूल कारण क्या है और क्या इसका समाधान निकल सकता है? कड़े प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए देश-विदेश में चर्चित राजस्थान का यह शहर अपने कोटा पत्थर के लिए कम कोचिंग उद्योग के लिए पिछले दो दशकों से जाना जाता है। मीडिया का भरपूर कवरेज इसे गली-गली में कोचिंग संस्थान खोलने में मदद करता रहा है, पर अब उसी मीडिया में दिनोदिन बढ़ती आत्महत्या की घटनाओं के समाचारों ने अभिभावकों को सकते में डाल दिया है और तनाव फैला है, जो पसरता हुआ बिहार, यूपी तक पहुंच रहा है, जहां से कुल लगभग दो लाख प्रतिवर्ष आनेवाले विद्यार्थियों में से बहुत बड़ी संख्या में बच्चे आते हैं। व्यापारिक नफा नुकसान से हटकर नीति निर्धारकों को चिंतन करना चाहिए कि क्यों बिहार या अन्य राज्यों के बच्चे पढ़ाई छोड़कर कोचिंग के लिए यहां आने को उतारू हैं ? क्या कोचिंग के सहारे किसी भी औसत बच्चे को चैंपियन बनाया जा सकता है? क्या सभी डॉक्टर, इंजीनियर या बड़े अधिकारी ही बनें संभव है ? जो बड़ी प्रतियोगिताओं में सफल नहीं हो पाते क्या उनके लिए देश के सारे दरवाजे बंद हैं? क्या कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं जिससे आस ना टूटे और जीवन बच सके? बहुत महंगे कोचिंग संस्थान के स्थान पर यदि सरकारी शिक्षण संस्थान सफेद हाथी साबित हो रहे हैं तो उनके स्थान पर निजी संस्थाओं को ही विकल्प बनाया जाए।

# शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने के लिए प्रशासन से सहयोग की अपील, नागरिकों और व्यापारियों की जिम्मेदारी भी बढ़ी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर को स्वच्छ, सुंदर और अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए नागरिक संघर्ष मोर्चा के नेता और सामाजिक कार्यकताओं ने सिविल सोसाइटी से प्रशासन के प्रयासों में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर को सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में जो प्रयास किए जा रहे हैं, उन्हें राजनीति से ऊपर उठकर सबको मिलकर कार्य करना चाहिए। अख्तर अख्तर जमा ने कहा, 'यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरी पलामू वासियों का प्रयास होना चाहिए। यदि हम सभी मिलकर इसे एक साझा उद्देश्य बनाते हैं तो हमारा शहर भोपाल, इंदौर और उज्जैन की तरह स्वच्छ और सुंदर बन सकता है।' साथ ही, नगर निगम के अधिकारियों और उनकी टीम को उनके कार्यों के लिए धन्यवाद भी दिया और कहा कि शहर को स्वच्छ रखने में प्रशासन के साथ जनभागीदारी जरूरी है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता दीपक तिवारी ने भी शहर की सफाई और सुंदरीकरण के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'अगर सभी मिलकर अपनी जिम्मेदारी समझें और प्रशासन का साथ दें, तो हम मेदिनीनगर को सुंदर और व्यवस्थित बना सकते हैं।' दीपक तिवारी ने शहर में बढ़ती आबादी और जाम की समस्या पर भी चिंता जताई और कहा कि शहर का विस्तार जरूरी है ताकि आने वाले समय में शहर में यातायात की व्यवस्था सुचारू रहे। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हृदयानंद मिश्रा ने भी शहर के विकास कार्यों को सकारात्मक रूप से देखा और कहा कि यदि इस दिशा में सभी लोग मिलकर काम करेंगे, तो मेदिनीनगर जल्द ही एक आदर्श शहर शेष पेज 11 पर

### अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की हुई बैठक

# अवैध खनन, परिवहन के विरूद्ध चलाएं जांच अभियान : एसडीओ



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** अनुमंडल कार्यालय के सभागार में एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया की अध्यक्षता में अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में अनुमंडल स्तरीय खनन टॉस्क फोर्स की समीक्षा के क्रम में बैठक में सर्वप्रथम क्षेत्र में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण को लेकर पूर्व कि बैठक में दिए गए निर्देश के अनुपालन प्रगति प्रतिवेदन की बारी- बारी से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में अनुमंडल क्षेत्र में बालू व अन्य अवैध खनन परिवहन व भंडारण न हो इसके लिए अनुमंडल स्तरीय खनन टास्क फोर्स, अंचल स्तरीय टास्क फोर्स सक्रिय मोड में रहकर औचक जांच अभियान चलाएं। अगर कोई भी अवैध खनन परिवहन, भंडारण करते पकड़ा जाता है तो वाहन, वाहन चालक एवं संलिप्त लोगों पर अविलंब नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही एसडीओ ने क्रशर संचालन क्षेत्र में पानी का छिड़काव करने व आमलोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मौके पर एसडीपीओ एस मो. याकूब, हुसैनाबाद सीओ पंकज कुमार, मोहम्मदगंज सीओ रणबीर कुमार, हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, दंगवार ओपी प्रभारी सोनू कुमार गुप्ता समेत कई अन्य पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद थे।

### कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल को हटाने का दिया प्रस्ताव

**छतरपुर।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के अकाउंटेंट को तत्काल हटाने का प्रस्ताव विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में लिया गया। बताते चलें कि विद्यालय की वार्डन चंदू कुमारी ने विद्यालय के ही लेखापाल के खिलाफ छतरपुर थाना में भयादोहन और छेड़छाड़ का प्रयास करने का आवेदन दिया था, जिसके बाद विभागीय जांच चल रही थी। इस क्रम में शनिवार को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी की उपस्थिति में प्रबंधन की समिति की एक अतिआवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। समिति ने जांचोपरांत पाया कि वार्डन, छात्राओं और अभिभावकों द्वारा लगाए आरोपों के बाद विद्यालय के हित में लेखापाल का स्थानांतरण आवश्यक है। लोगों के अनुसार वर्तमान वार्डन चंदू कुमारी जहां भी रही हैं वहां की शिक्षा व्यवस्था को उन्होंने बेहतर बनाने का काम किया है।

# प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत दो पंचायतों में शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**
**विश्रामपुर।** प्रखंड के सिगासिगी पंचायत सचिवालय व बाघमनवा पंचायत सचिवालय में प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर लगाया गया। बघमनवा में आयोजित शिविर का उद्घाटन मुखिया मंजू देवी व नोडल पदाधिकारी धनंजय कुमार ने किया।वहीं सिगसिगी में मुखिया किरण देवी, राजस्व कर्मचारी अरविंद मिश्रा व पंचयत सचिव मंजर अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में वृद्धा पेंशन, अबुआ आवास, सिंचाई योजनाओं, मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, प्रमाण पत्र संबंधित, जमीन संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुआ, जिसमे ज्यादा आवेदन मंईया सम्मान योजना का था। कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन भी किया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने लोगों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। मौके पर पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, रोजगार सेवक अरुण सिंह,वार्ड सदस्य गीता देवी, समाजसेवी मनीष कुमार, पिंटू चौधरी, राजेंद्र यादव, अजय यादव, रेखा कुमारी, बसंती देवी, संतोष कुमार, अजय कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## धान क्रय केंद्र का शुभारंभ, छह पंचायत के किसान केंद्र में बेच सकेंगे धान



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड परिसर में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा धान क्रय केंद्र से किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने कहा कि किसानों को धान की अच्छी कीमत मिलेगी। उन्होंने किसानों को अपना धान क्रय केंद्र में ही बेचने की बात कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनील कुमार ने कहा कि किसानों को धान की निर्धारित कीमत एवं बोनस उनके खाते में देने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि वर्तमान ने धान की कीमत प्रति क्विंटल 2300 रुपए, बोनस 100 रुपए निर्धारित है। उन्होंने कहा कि किसान अपना धान सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचेंगे तो उन्हें अच्छी कीमत मिलेगी। एफपीओ संचालक प्रियरंजन सिंह ने कहा कि धान क्रय केंद्र में धान लेकर आने वाले किसानों को पूरी मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि उद्घाटन के दिन पांच किसानों ने अपना धान क्रय केंद्र में लाकर दिया है। इससे केंद्र ने धान खरीद शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र में दंगवार, बेल बिगहा, बनियाडीह बराही, लोटानिया, बड़ेपुर, देवरी खुर्द और देवरी कला के किसान अपना धान बेच सकेंगे। मौके पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक जयगोविंद यादव, मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, सरिता देवी, अनिता देवी, फूलवंती देवी, प्रखंड सलाहकार समिति के अध्यक्ष यमुना सिंह,राणा प्रताप सिंह,लाल बहादुर सिंह के अलावा कई किसान मौजूद थे।

# देवरी खुर्द से बनकट तक सड़क का अतिक्रमण और लापरवाही ने बढ़ाई ग्रामीणों की मुश्किलें

**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद ।** देवरी खुर्द से बनकट होकर जपला तक की मुख्य सड़क, जो 40 से 60 फीट चौड़ी है, जो आज अतिक्रमण के कारण संकीर्ण हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क के दोनों ओर लोगों ने बड़े पैमाने पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिससे न केवल सड़क की चौड़ाई घटी है, बल्कि आवागमन में भी गंभीर परेशानियां उत्पन्न हो रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि देवरी खुर्द के मुखिया द्वारा 15 वीं वित्त आयोग की राशि से बीच सड़क पर ही नाली का निर्माण करा दिया गया है। इसकी शिकायत उसी समय की गई थी, लेकिन अधिकारियों ने अनदेखी कर दी। यह नाली भविष्य में सड़क के चौड़ीकरण के दौरान टूट सकती है, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग होगा। सड़क किनारे स्थित प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को भी अतिक्रमण के कारण स्कूल आने-जाने में कठिनाई हो रही है। ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल डालटनगंज द्वारा इस सड़क के पक्कीकरण के लिए निविदा संख्या-के तहत 1.425 किमी सड़क निर्माण का कार्य स्वीकृत किया गया है। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि बिना अतिक्रमण हटाए सही तरीके से सड़क का निर्माण संभव नहीं है। संवेदक द्वारा सड़क निर्माण के प्रारंभ में पर्याप्त मिट्टी का भराव भी नहीं किया गया, जबकि नहरी क्षेत्र होने के कारण मिट्टी भराव का प्रावधान प्राक्कलन में मौजूद है। इस संबंध में ग्रामीणों ने अप्रैल 2024 और सितंबर 2024 में आयोजित जनता दरबार में आवेदन देकर सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की थी। इसके बाद स्थानीय सीओ पंकज कुमार ने केवल औपचारिक मापी कराई, लेकिन आज तक अतिक्रमण नहीं हटाया गया। हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सह आईएएस अधिकारी को भी आवेदन दिया गया, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि संवेदक नाली निर्माण में अनियमितता कर सिंचाई पइन को ही नाली में परिवर्तित कर सरकारी धन निकालने की फिराक में है। अभियंता और संवेदक की मिलीभगत से सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका है। अतिक्रमण और लापरवाही के चलते सड़क निर्माण कार्य में देरी हो रही है। इससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। ताकि अतिक्रमण हटाकर सड़क निर्माण कार्य को पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। देवरी खुर्द के निवासियों ने अंचल पदाधिकारी और संबंधित प्रशासन से आग्रह किया है कि वे सड़क की मापी कराकर इसे अतिक्रमण मुक्त कराएं और संवेदक की लापरवाही की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करें।



## विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर ध्यान शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**
**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नीलांबर पीतांबरपुर में यूएनओ द्वारा स्वीकृत प्रथम बार विश्व ध्यान दिवस को लेकर शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। ध्यान दिवस के अवसर पर पहुंचे योग प्रशिक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय ने भारत के लोगों को ध्यान में शिक्षित और सशक्त बनाने के लिए आर्ट ऑफ लिविंग के साथ साझेदारी की है। जिसे लेकर हर घर ध्यान पहल को तब से पूरे देश भर में अति सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि ध्यान आपके दृष्टिकोण को बदलने में मदद करता है। यह चीजों को समझने के आपके रवैये में सुधार लाता है। यह आपके आस-पास के लोगों के साथ आपकी बातचीत को बेहतर बनाता है। आप क्या कहते हैं, आप कैसे प्रतिक्रिया करते हैं और विभिन्न स्थितियों में कैसे कार्य करते हैं। इन सबके बारे में आप अधिक जागरूक हो जाते हैं। योग प्रशिक्षिका रागिनी कुमारी ने कहा कि यह सिद्ध हो चुका है कि ध्यान शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करता है, समग्र स्वास्थ्य में सुधार लाता है, तनाव, चिंता और अवसाद को कम करता है, साथ ही व्यक्ति को अपने मन को प्रबंधित करने की क्षमता प्रदान करता है और उसकी सहनशक्ति बढ़ाता है। इसलिए हमे योग को अपने जीवन के नित्यक्रिया में शामिल करने की आवश्यकता है। वही शिविर कार्यक्रम में अलका टोपो, सुलेखा सिंहा,सुषमा कुजूर, सतीश कुमार, नितेश कुमार पांडे ,अवध किशोर राय, शशि कुमार, आलोक कुमार ,चंदन कुमार ,अरुण कुमार आदि कई लोग उपस्थित रहे। वही विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में आर्ट ऑफ लिविंग के जयप्रकाश का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# मुख्य पथ में दुर्घटनाओं की त्रासदी का अंत नहीं

### सोनबरसा और नागबाबा के बीच भी पहले से है डेंजर जोन

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** जपला-मोहम्मदगंज मुख्य पथ के सबनवां गांव के पास सड़क किनारे अनियंत्रित तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से अलाव ताप रहे 2 युवाओं की मौत और 3 के घायल होने के बाद एक बार फिर इस पथ पर सड़क सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। इस मार्ग में सोनबरसा मोड़ और नागबाबा के बीच पहले से ही डेंजर जोन के रूप में चिन्हित स्पॉट बना है। ऐसे में जब कभी भी दुर्घटना होती है, सड़क सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने की आवाज उठती है। मगर बाद में सब कुछ वही ढाक के तीन पात कहावत चरितार्थ हो जाता है। सड़क सुरक्षा सप्ताह या पखवाड़ा मनाने के दौरान मंत्रियों और अधिकारियों के स्तर से दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुख्ता प्रबंध करने की बात कही जाती रही है। बावजूद इसके इस मामले के सुर्खियों में बने रहने पर भी कोई कदम नहीं उठाया गया है। सबनवां की दुर्घटना के बाद एक फिर से ग्रामीणों ने इस दिशा में पुख्ता प्रबंध करने की आवाज उठायी है। इस पर आगे क्या होता है, यह देखने वाली बात होगी। मुख्य पथ में दुर्घटनाओं को लेकर चिन्हित इन इलाके के लटपौरी, कोल्हुआ-सोनबरसा, भजनियां पंचायतों के मुखिया उमेश राम, प्रिया सिंह, सोनी देवी, सबनवां निवासी प्रखंड 20-सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति और प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों क्रमशः ज्याउद्दीन खान, नदीम खान, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार सिंह के अलावा युवा समाज सेवी प्रशांत कुमार सिंह, अरुण गुप्ता सहित अन्य कई लोगों ने सड़क सुरक्षा व्यवस्था के तहत इसके तय मानक के अनुरूप कार्य करने की जरूरत बताया है।

### मृतकों के सुपुर्द- ए- खाक में शामिल हुए एसडीपीओ



**मोहम्मदगंज** सबनवां मोड़ पर स्कूटी व बाइक की टक्कर में मृतक 30 वर्षीय अरशद खान, 21 वर्षीय आसिफ खान का पोस्टमार्टम के बाद शवों को सबनवां गांव के कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। जनाजे में एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, जेएमएम नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, कांग्रेसी नेता मसरूर अहमद, हुसैनाबाद नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह के अलावा अफरोज अहमद सिद्दीकी, पंचम खान, नदीम खान, सज्जू खान, फैयाज खान, नवाजिश खान, अमीनुल हक अंसारी के अलावा बड़ी संख्या में शामिल अन्य लोगों ने मातमपुर्सी की। दिवंगतों को जन्नत नसीब करने की दुआ मांगी।

### मध्य विद्यालय कुंदरी के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर गए



**नीलाम्बर पीतांबरपुर।** प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कुंदरी के कक्षा छठी से आठवीं के छात्र शैक्षणिक भ्रमण पर गए। इसके साथ ही उन्होंने पिकनिक भी मनाया। छात्रों ने पहले बरवाडीह में कोयल नदी पर बने मंडल डैम का भ्रमण किया एवं उसके बारे में जानकारी ली। इसके बाद वे बेतला नेशनल पार्क पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कमलनाथ तिवारी ने बताया कि बाल संसद द्वारा विद्यालय प्रबंधन से शैक्षणिक भ्रमण का आग्रह किया गया था। इसके बाद विद्यालय के छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाया गया।उन्होंने आगे कहा कि इससे बच्चों का ज्ञानवर्धन होता है। इस दौरान छात्रों ने स्वादिष्ट भोजन का भी लुत्फ उठाया। भ्रमण के दौरान छात्रों के अलावा राजेश कुमार यादव,प्रकाश कुमार रंजीत महतो आदि विद्यालय के शिक्षक तथा छात्रों केअभिभावक उपस्थित रहे।

# गुरु गोष्ठी के आदेश की अनदेखी प्रधानाध्यापकों का वेतन स्थगित



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राम नरेश राम ने हुसैनाबाद के सभी प्रभारी प्रधानाध्यापकों को दिसंबर माह का वेतन स्थगित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश उन स्कूलों पर लागू होगा जिन्होंने दिनांक 5 दिसंबर 2024 को आयोजित गुरु गोष्ठी में दिए गए निर्देशों का अनुपालन नहीं किया। गुरु गोष्ठी में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिला कार्यालय से प्राप्त मदवार राशि को खर्च करने और उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही, कक्षा 1 और 2 के छात्र-छात्राओं को पोशाक वितरण का कार्य पूरा करने का आदेश दिया गया था। लेकिन अब तक अधिकांश विद्यालयों ने इन आदेशों का पालन नहीं किया है। इस आदेश के तहत केवल राजकीयकृत बालक मध्य विद्यालय, हुसैनाबाद को वेतन स्थगन से मुक्त रखा गया है, क्योंकि इस विद्यालय ने समय पर छात्रों को पोशाक वितरित कर दिया है। अन्य सभी विद्यालयों के प्रभारी प्रधानाध्यापकों को आदेशों की अवहेलना के कारण वेतन से वंचित किया गया है। प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री राम ने स्पष्ट किया कि यह निर्णय आदेशों की अवहेलना के प्रति गंभीरता को दर्शाता है। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया है कि वे अविलंब लंबित कार्यों को पूरा कर उपयोगिता प्रमाणपत्र जमा करें, अन्यथा आगे और भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इस मामले की प्रतिलिपि जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को सौंपी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।शिक्षकों के वेतन स्थगन से हुसैनाबाद के शैक्षणिक वातावरण में हलचल मच गई है। सभी विद्यालय अब जल्द से जल्द अपने कार्यों को पूरा करने में जुट गए हैं।

## हुसैनाबाद नपं में अलाव के नाम पर हो रही हैं खानापूर्ति



**नवीन मेल संवाददाता**
**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के द्वारा अलाव के नाम पर राशि की बंदरबांट करने का आरोप पूर्व वार्ड पार्षदों ने लगाया है। पार्षदों ने कहा कि नगर पंचायत का चुनाव नहीं होने से नगर पंचायत की मनमानी काफी बढ़ गई हैं।अलाव जलाने के नम पर खानापूर्ति की जा रही हैं, बुधवार को अंबेडकर चौक व जेपी चौक दो जगहों पर अलाव की शुरूआत की गई थीं। दो दिन बाद शनिवार को फिर पुनः अलाव जलाकर एक दो लकड़ी रखकर खानापूर्ति कर दी गई हैं। यह अलाव कितने देर तक जलेगा, इसी लकड़ी से अंदाजा लगाया जा सकता हैं। लोगों ने अलाव के नाम पर गरीबों के नाम पर जेब भरने वाले कर्मियों पर नगर विकास विभाग से जांच कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**पर्यटन**

## भीमचूल्हा में पाइपलाइन का काम नहीं हुआ पूरा

# फूल-पौधों को मुरझाने से बचाने का हो रहा प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**
**मोहम्मदगंज।** पिकनिक टाइम और भ्रमणकाल को देखते हुए सैलानियों के स्वागत के लिए पर्यटक स्थल भीम चूल्हा में बरसात में उग आए झाड़ियों की सफाई का काम पूरा कर लिया गया है। इससे पहले पीने के पानी और फूल-पौधों के पटवन के लिए लगाए सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति में आई खराबी को भी ठीक कर दिया गया है। मगर पूरे पार्क एरिया में जलापूर्ति के पाइपलाइन बिछाने का काम अभी तक नहीं किया जा सका है। ऐसे में नियमित पटवन के बिना मुरझा रहे फुल-पौधों और मखमली घास हराभरा नहीं हो सक रहे हैं। जबकि इस पर्यटक स्थल पर इसकी स्थापना के बीत रहे चौथे साल में सौर ऊर्जा चालित जलापूर्ति व्यवस्था बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आई है। बावजूद इसके इससे इस पर्यटक स्थल को हराभरा बनाए रखने के लिए अबतक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं किया जाना सवाल खड़े कर दिया है। ऐसी मनमानी और लापरवाही के लिए संबंधित एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की जाने लगी है। लोगों का कहना है कि पाइपलाइन का काम पूरा नहीं करने से नियमित पटवन के बिना फुल-पौधे और घास के मुरझाने से पार्क की रौनक फिकी पड़ गई है। ऐसी स्थिति में बीत रहे और आने वाले साल पर पहुंचने वाले सैलानियों को इस पर्यटक स्थल पर हरियाली की कमी खलेगी। बताते चलें कि इस स्थल के विवाह मंडप पर स्थापित सोलर पैनल के साथ एक-एक हजार लीटर की क्षमता के दो पानी टंकियों से उसकी दीवार के सहारे नीचे तक चार नल कनेक्शन देने के बाद पूरे पार्क एरिया में पाइपलाइन बिछाने का काम अभी तक नहीं किया गया है। हालांकि इसके नल कनेक्शन से पीने पानी की जरूरत पूरी होने लगी है। जबकि फुल-पौधों और घास को मुरझाने से बचाने के लिए पुजारी गंगा तिवारी की पहल पर वहां पहुंचे धर्मप्रेमी चापानल अथवा नल कनेक्शन से बाल्टी-बाल्टी पानी ढोकर पटवन कर इसे हराभरा बनाने में जुटे रहते हैं। पुजारी सह गाइड गंगा तिवारी का इस संबंध में कहना है कि उन्होंने स्थिति से संबंधित एजेंसी को अवगत करा दिया है। एजेंसी ने पाइपलाइन बिछाने के काम को जल्द ही पूरा करने की बात कही है। फिर भी सीमित क्षमता में पटवन कराकर इसे हराभरा रखने की कोशिश की जाती है।



### कौशल विकास की ओर से राजनंदगांव भेजे गए दो कैंडिडेट

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड में संचालित जेएसएलपीएस की इकाई की ओर से शनिवार को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत दो कैंडिडेट को प्रशिक्षण एवं रोजगार के लिए राजनंदगांव (छत्तीसगढ़) भेजा गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जेआरपी उदय कुमार ने बताया कि दोनों कैंडिडेट वहां इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में भेजे गए हैं। इनमें श्रीकांत कुमार मेहता और छोटू कुमार मेहता (पंसा) शामिल हैं। उन्हें पुलिस और प्रशासनिक सत्यापन के साथ प्रखंड कार्यालय से विदा किया गया है। इस मौके पर आइपीआरपी मीना कुमारी, वीरेंद्र कुमार सिंह और डीओ विकास कुमार भी मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन पर टिकट जांच के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

# चालान के नाम पर टीटीई ने मांगे 300 रुपये, नहीं देने पर दी बंद करने की धमकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर टिकट जांच के नाम पर अवैध वसूली का मामला सामने आया है। चैनपुर निवासी आशीष कुमार ने आरोप लगाया है कि बरवाडीह से ट्रेन से यात्रा कर वह अपनी छोटी बहन और भाई के साथ प्लेटफॉर्म नंबर एक पर उतरा था। इस दौरान टीटीई ने टिकट मांगते हुए उससे 300 रुपये की मांग की।



### टीटीई ने दी धमकी और जबरन पैसे लिए

आशीष ने बताया कि उसने टीटीई को एकमात्र टिकट दिखाया, लेकिन टीटीई ने चालान के नाम पर 300 रुपये देने को कहा। आशीष और उसकी बहन ने बार-बार पैसे न होने की बात कही, लेकिन टीटीई ने उसकी बात नहीं सुनी। आशीष ने बताया, 'पैसे न होने के कारण टीटीई मुझे और मेरी बहन-भाई को धमकाते हुए कंट्रोल रूम ले गया और जबरन पैसे देने का दबाव बनाया।'

### पूर्व में भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएं

स्थानीय लोगों का कहना है कि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर टिकट जांच के नाम पर अवैध वसूली आम बात हो गई है। कई यात्रियों ने पहले भी फुटओवर ब्रिज पर टिकट जांच के दौरान वसूली की शिकायत की है। यह घटना रेलवे प्रशासन के लिए गंभीर सवाल खड़े करती है। यात्रियों ने मांग की है कि स्टेशन पर टिकट जांच के नाम पर हो रही मनमानी को तुरंत रोका जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

छोटी बहन ने कहा, 'हमारे पास सिर्फ 100 रुपये थे, जो टीटीई ने ले लिए। इसके बाद हम घर जाने में भी असमर्थ हो गए।'

### भुक्तभोगी का बयान

आशीष ने आगे बताया, 'नाबालिग होने की वजह से मैंने अपने भाई-बहन के लिए टिकट नहीं लिया था। टीटीई ने चालान के नाम पर पैसे वसूलने के लिए डरा-धमकाया।'

### टीटीई का पक्ष

जब इस घटना पर टीटीई से पूछा गया, तो उन्होंने अपना नाम बताने से इनकार करते हुए कहा, 'लड़के के पास केवल एक ही टिकट था। चालान के तहत उससे 300 रुपये मांगे गए थे। उसने अपनी मर्जी से मुझे 100 रुपये दिए।'

## तापमान में बढ़ोतरी, ठंड से मिली राहत

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। एक सप्ताह पहले तक सर्द हवाओं और न्यूनतम 6 डिग्री सेल्सियस के तापमान ने ठिठुरन बढ़ा दी थी, जिससे लोगों को ठंड से बचने के लिए विशेष उपाय करने पड़े थे। हालांकि, अब मौसम ने करवट ली है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की वृद्धि हुई और यह 13.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। बादलों के छाए रहने से तापमान में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले एक सप्ताह तक तापमान स्थिर रहने की संभावना है, जिससे शहरवासियों को ठंड से राहत मिलती रहेगी।

# मेदिनीनगर : कचरे में मिला नवजात शिशु का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट रोड के पास शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे कचरे में एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद प्रशासन ने शव को दफना दिया।

गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल परिसर में एक नवजात का शव टुकड़ों में मिला था, जिससे क्षेत्र में पहले ही संवेदनशील माहौल था।

### घटना से इलाके में आक्रोश और चर्चा

शिवाला घाट रोड पर नवजात का शव मिलने से पूरे मोहल्ले में दिनभर यह घटना चर्चा का विषय बनी रही। स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह सात से आठ बजे के बीच जब वे कचरा फेंकने गए थे, तब वहां शव नहीं था। मोहल्ले में रहने वाली एक महिला ने बताया कि सबसे पहले शव को एक ई-रिक्शा चालक ने देखा और शोर मचाया।

### पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफ दर्ज की एफआईआर

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि इस मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि नवजात के शव को दफनाने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि नवजात को यहां किसने और क्यों फेंका। इस घटना ने न केवल क्षेत्र में आक्रोश पैदा किया है, बल्कि समाज में जागरूकता और सुरक्षा के उपायों को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े कर दिए हैं।

# एसएनसीयू दुर्घटना टालने वाले चिकित्सा कर्मियों का किया गया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 21 दिसंबर 2024 को सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उन चिकित्सा पदाधिकारियों और कर्मियों को सम्मानित करने के लिए आयोजित किया गया जिन्होंने 12 दिसंबर 2024 को विशेष नवजात देखभाल इकाई (एसएनसीयू) में हुई संभावित दुर्घटना को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम में चिकित्सा कर्मियों के अद्वितीय प्रयासों और सतर्कता की सराहना की गई। उनकी त्वरित कार्रवाई और कर्तव्यनिष्ठा ने एक बड़े संकट को समय रहते रोक दिया। सिविल सर्जन ने अपने संबोधन में कहा, चिकित्सा सेवा में समर्पण और सतर्कता का यह उदाहरण प्रेरणा देने वाला है। इन कर्मियों ने न केवल अपनी जिम्मेदारी निभाई, बल्कि एक बड़ी घटना को टालकर कई जिंदगियां बचाईं।

इस आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा कर्मियों के कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना को पहचानना और उनके योगदान को प्रोत्साहित करना था। सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि यह सम्मान अन्य कर्मियों को भी प्रेरित करेगा कि वे अपने कार्यक्षेत्र में सतर्कता और समर्पण के साथ काम करें।

सम्मान समारोह में चिकित्सा अधिकारियों, कर्मियों और अतिथियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक धन्यवाद ज्ञापन और चिकित्सा सेवा में उत्कृष्टता को बनाए रखने की प्रतिबद्धता के साथ हुआ।

# सिविल सर्जन के आह्वान पर पत्रकार ने किया रक्तदान, ए पॉजिटिव ब्लड की कमी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव रक्त की विगत चार महीनों से कमी के कारण स्वास्थ्य विभाग को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या के समाधान के लिए सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष पहल की।



सिविल सर्जन ने प्रेस वार्ता में जानकारी दी कि जिले में रक्त की कमी को दूर करने के लिए सभी सरकारी, गैर-सरकारी और सामाजिक संगठनों को सक्रिय भागीदारी निभानी होगी। उन्होंने ए पॉजिटिव रक्त की गंभीर कमी पर विशेष जोर देते हुए रक्तदान के महत्व को रेखांकित किया।

प्रेस वार्ता के दौरान, पत्रकार गजेंद्र कुमार ने इस कमी को देखते हुए एक यूनिट रक्तदान करने की घोषणा की। इसके बाद, सिविल सर्जन की उपस्थिति में ब्लड बैंक में जाकर उन्होंने रक्तदान किया। सिविल सर्जन ने इस सराहनीय पहल के लिए पत्रकार गजेंद्र कुमार की प्रशंसा की और सभी नागरिकों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की, ताकि आने वाले समय में ब्लड बैंक में किसी प्रकार की कमी न हो।

# केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विश्व ध्यान दिवस पर विशेष ध्यान सत्र का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दुनिया भर में आज पहला विश्व ध्यान दिवस (वर्ल्ड मेडिटेशन डे) मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में विश्व शांति और सद्भाव के लिए विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें सभी कैदियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशिक्षिका सीमा सहाय ने किया। उन्होंने विश्व ध्यान दिवस मनाने के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ध्यान न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि दुरविचार को दूर कर मनुष्य को करुणा और समरसता की ओर अग्रसर करता है। ध्यान के माध्यम से मस्तिष्क को शांत और विचारों को केंद्रित किया जा सकता है, जिससे जीवन में सद्भाव और संतुलन का विकास होता है। जेल अधीक्षक ने आयोजन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम कैदियों में सुविचार और सकारात्मकता लाने में मदद करते हैं और इन्हें निरंतर आयोजित किया जाना चाहिए।

## ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर 65 वर्षीय सुरेश राम, जो बेलवाटिका के निवासी हैं, ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरपीएफ और परिजनों ने उन्हें तुरंत मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल सुरेश राम के परिजन अमित कुमार ने बताया कि सुरेश राम दोपहर के समय घर से टहलने निकले थे। टहलते हुए वह रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंच गए। उसी दौरान एक अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उन्हें सिर पर गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आरपीएफ ने परिजनों को टेलीफोन पर सूचना दी। परिजन तुरंत रेलवे स्टेशन पहुंचे और सुरेश राम को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। परिजन अमित कुमार ने कहा, 'पिताजी को कम सुनाई देता था, इस वजह से शायद वह ट्रेन का हॉर्न नहीं सुन पाए होंगे।' डॉक्टरों ने बताया कि सुरेश राम की हालत गंभीर है, लेकिन वे खतरे से बाहर हैं। परिजन और स्थानीय लोग रेलवे प्रशासन से प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा व्यवस्था और जागरूकता बढ़ाने की मांग कर रहे हैं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# लिलिपुट स्कूल में क्रिसमस का जश्न

### छोटे-छोटे सांताओं ने मन मोहा, खेलों और डांस से बढ़ी रौनक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चे, टीचर्स और स्टाफ रेड ड्रेस कोड और सांता क्लॉज की पोशाक में आए। छोटे-छोटे सांताओं ने अपनी मासूमियत से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में केक काटने, डांस, और क्रिसमस थीम पर आधारित खेल आयोजित किए गए, जिनका बच्चों ने खूब आनंद लिया।

स्कूल की शिक्षिका आँचल ने सांता क्लॉज का रूप धारण कर बच्चों में टॉफी और चॉकलेट्स वितरित कीं। प्राचार्या रेणु गोयल ने बताया कि स्कूल में सभी धर्मों का सम्मान करते हुए इस तरह के आयोजन किए जाते हैं, जिसमें अभिभावकों का भी भरपूर सहयोग मिलता है। डायरेक्टर राजीव गोयल ने अभिभावकों को क्रिसमस और नए साल की शुभकामनाएं दीं।

जश्न को सफल बनाने में बलराज, आन्या, आदविक, मितांश, जैनब, अनोखी, दर्श, अद्वित, श्रेयांश, अमृत, और दिविषा समेत कई बच्चों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिक्षकों और स्कूल स्टाफ ने कार्यक्रम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

# डालसा के प्रयास से बचा एक परिवार, पति-पत्नी में सुलह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) के माध्यम से पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद का सफल समाधान किया गया, जिससे एक परिवार के टूटने से बचा लिया गया।



वेद प्रकाश ने अपनी पत्नी लक्ष्मी कुमारी के साथ न रहने का आरोप लगाते हुए डालसा में आवेदन दिया था। मामले को पंजीकृत कर उनकी पत्नी को नोटिस भेजा गया। डालसा सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने विवाद के समाधान के लिए लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय को मध्यस्थ नियुक्त किया।

मध्यस्थता के तहत दो तारीखों में दोनों पक्षों के बीच सुलह का प्रयास किया गया, जिसके बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से विवाद खत्म कर लिया और संयुक्त सुलहनामा दाखिल किया। दोनों ने यह सुनिश्चित किया कि वे भविष्य में कोई विवाद नहीं करेंगे और अपने दांपत्य जीवन का निर्वहन प्रेमपूर्वक करेंगे। इसके बाद, दोनों पक्ष राजी-खुशी अपने घर लौट गए।

जानकारी के अनुसार गायत्री नगर, एकता पथ, सुदना, डालटनगंज के निवासी वेद प्रकाश हैं, उनकी शादी 13 दिसंबर 2023 को लक्ष्मी कुमारी, निवासी टोना, विश्रामपुर थाना, से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। विवाद के चलते लक्ष्मी 9 जून 2024 से मायके में रह रही थीं।

डालसा के प्रयासों की सराहना करते हुए यह कहा जा सकता है कि उनके द्वारा लिटिगेशन, प्री-लिटिगेशन, और अन्य मामलों में सुलह कराकर कई परिवारों को टूटने से बचाया गया है। इस मामले में भी डालसा का यह प्रयास सराहनीय रहा।

# क्रिसमस को लेकर तैयारियां शुरू, मसीही समुदाय में उल्लास



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मसीही समुदाय के प्रमुख पर्व क्रिसमस को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। चर्च की सजावट का कार्य अपने अंतिम चरण में है। शहर की दुकानों में क्रिसमस ट्री, कैप, झालर, लाइट्स और अन्य सजावटी सामान की बिक्री बढ़ गई है।

शहर के ऐतिहासिक चर्च, जैसे शांति की महारानी गिरजाघर और अन्य प्रमुख चर्चों को सजाने में मसीही समुदाय के लोग सक्रिय हैं। यीशु मसीह के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में, लोग अपने घरों को भी खूबसूरत ढंग से सजा रहे हैं।

दिसंबर की शुरूआत से ही क्रिसमस के स्वागत में विभिन्न कार्यक्रम और संदेशवाहक सभाएं आयोजित की जा रही हैं। जानकारी के अनुसार, 24 दिसंबर की शाम को समुदाय के लोग चर्चों में एकत्रित होंगे और रात 12 बजे यीशु मसीह का जन्मदिन मनाया जाएगा। इसके बाद आतिशबाजी की जाएगी। 25 दिसंबर को सुबह से ही चर्चों में विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी। शांति की महारानी गिरजाघर में प्रभु यीशु के जन्म की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। जन्म स्थल की प्रतीकात्मक झांकी और बालक यीशु का स्वरूप लोगों के बीच विशेष रुचि का विषय बनेगा। चर्च में जागरण, प्रार्थना, और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रभु यीशु के प्रति श्रद्धा प्रकट की जाएगी। समुदाय के युवाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों से इस पावन अवसर पर उल्लास और बढ़ेगा।

## वार्ड 13: पेयजल संकट और कचरा प्रबंधन की समस्याएं बनी चुनौती

# स्थानीय निवासियों ने निगम से सुविधाओं में सुधार की उठाई मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 13 में बुनियादी सुविधाओं की कमी स्थानीय निवासियों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है। वार्ड, जो पहले नगर परिषद का हिस्सा था, अब निगम में शामिल होने के बाद क्षेत्रफल के लिहाज से विस्तारित हो गया है। बावजूद इसके, पेयजल संकट, कचरा प्रबंधन, और स्ट्रीट लाइट की खस्ताहाल स्थिति जैसी समस्याएं लोगों की जिंदगी को प्रभावित कर रही हैं।



### क्षेत्रीय स्थिति और संभावनाएं

वार्ड संख्या 13 की आबादी निगम चुनाव के दौरान 4690 थी। यह क्षेत्र उत्तर में संतोषी तिवारी के घर से दक्षिण वाली गली होते हुए रेलवे लाइन तक, दक्षिण में मोहन सिनेमा से आबादगंज रेलवे क्रॉसिंग तक, पूर्व में रेलवे लाइन, और पश्चिम में हरिहरगंज रोड से मोहन सिनेमा चौक तक फैला हुआ है। नगर परिषद का हिस्सा होने के कारण पहले यहां कई विकास कार्य हुए थे, लेकिन वर्तमान में बुनियादी सुविधाओं की कमी ने निवासियों को परेशान कर दिया है।

### वार्ड नंबर 13 के स्थानीय निवासियों के विचार





**पेयजल संकट: समाधान की दरकार :** पेयजल आपूर्ति की समस्या इस वार्ड की सबसे बड़ी चिंता है। वार्ड वासी प्रकाश चंद्रा ने बताया, 'हमारे वार्ड में पानी की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सुदना और हमीदगंज जलापूर्ति स्थल नजदीक हैं, लेकिन इसके बावजूद पानी की नियमित आपूर्ति अब तक सुनिश्चित नहीं की गई है।' स्थानीय निवासियों ने इस मुद्दे को लेकर कई बार सांसद, विधायक, और नगर निगम के अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हुआ।

**कचरा प्रबंधन की बदहाल स्थिति :** शांतिपुरी स्थित ब्राह्मण विद्यालय का मैदान कचरा प्रबंधन की बदइंतजामी का प्रतीक बन गया है। वार्ड निवासी अक्षय सिन्हा ने बताया, 'पहले मैदान में लोहे के डस्टबिन लगे थे, लेकिन खराब हो जाने के बाद उन्हें बदला नहीं गया। अब लोग मजबूरी में मैदान में ही कचरा फेंकते हैं, जिससे गंदगी फैल रही है। निगम को इस दिशा में त्वरित कदम उठाने चाहिए।' मोहल्ले के अन्य निवासियों ने भी इस समस्या पर नाराजगी जताई और कहा कि निगम के अधिकारी कचरे की अनदेखी कर रहे हैं।

**स्ट्रीट लाइट की समस्या :** स्ट्रीट लाइट्स की खस्ताहाल स्थिति पर वार्ड वासी सुदर्शन चौबे ने कहा, 'हमारे मोहल्ले में लगी स्ट्रीट लाइट्स कब की खराब हो चुकी हैं। हमने कई बार इसे ठीक कराने की मांग की, लेकिन अब तक निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की।' अंधेरे में सड़कें असुरक्षित महसूस होती हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है।



*वार्ड के निवर्तमान पार्षद धीरेंद्र कुमार पांडे ने कहा, 'मैंने अपने कार्यकाल में वार्ड की अधिकतर समस्याओं का समाधान किया है। मैं हमेशा वार्ड के लोगों के सुख-दुख में शामिल रहता हूं। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार भी निगम चुनाव में जीत दर्ज करूंगा।'*

### स्थानीय निवासियों की अपेक्षाएं

वार्डवासियों ने उम्मीद जताई है कि आने वाले निगम चुनाव के बाद उनकी समस्याओं का समाधान होगा। लोगों का कहना है कि प्रशासन को पेयजल आपूर्ति, कचरा प्रबंधन, और स्ट्रीट लाइट्स जैसी बुनियादी सुविधाओं पर ध्यान देना चाहिए।

वार्ड संख्या 13 की स्थिति यह दशार्ती है कि बढ़ते क्षेत्रफल के साथ सुविधाओं के विस्तार और प्रबंधन की आवश्यकता भी बढ़ती है। यह समय है कि स्थानीय प्रशासन और निगम इस दिशा में ठोस कदम उठाए।

# हाथी के हमले से वृद्ध की मौत

## शव लेने पहुंचे पुलिस व वन कर्मियों के साथ ग्रामीणों की झड़प, वन कर्मी घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव में शुक्रवार रात्रि 2 बजे हाथी ने स्थानीय निवासी 60 वर्षीय गोपाल यादव को कुचल कर मार डाला। गोपाल यादव के छह वर्षीय पोती छोटी कुमारी को घायल कर दिया है। गांव में हाथी आने की घटना के बाद काफी हल्ला मचाने के बाद हाथी को भगाया गया। शनिवार सुबह हजारों ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे तथा शव को उठाने से रोक दिया। ग्रामीण व महिलाएं काफी आक्रोशित होकर वन विभाग के पांच वन रक्षियों के साथ हाथापाई करने से सभी घायल हो गए। ग्रामीण लगभग 5 घंटे तक शव को नहीं उठाने की जिद पर अड़े रहे। ग्रामीणों का मांग थी कि घटनास्थल पर डीएफओ व रेंजर पहुंच कर उनकी समस्याओं को सुने, घटनास्थल पर रेंजर व डीएफओ नहीं पहुंचे। चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार व बीडीओ सुबोध कुमार के काफी समझाने के बाद शव को उठाकर पुलिस अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा। परिजनों को वन विभाग द्वारा मौके पर 50000 दिए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर 3.50 लाख और दिए जाने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि घटना में ग्रामीण और पुलिस पदाधिकारी के साथ भी हाथापाई की गई है। इससे पुलिस कर्मियों को भी चोट आई हैं। वही वन विभाग के वनों के क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा वन कर्मियों की पिटाई की गई है। इसका वीडियो क्लिप है, उसके माध्यम से पिटाई करने वाले के विरुद्ध आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। हाथी को भगाने पर रेंजर ने कहा कि हाथी झुंड से बिछड़ गया है। हाथी बैड बिहेवियर के कारण झुंड से भटक गया है। इससे लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। घटना के बाद घायल वनपाल अनिमेष कुमार वनरक्षी प्रेमचंद दास राधेश्याम प्रसाद विपिन बिहारी महतो हेमंत तिर्की शामिल है।

### एक सप्ताह में दर्जनों घरों को हाथियों ने बनाया निशाना

प्रखंड क्षेत्र में सप्ताह के अंदर चपकली गांव में हाथियों ने कई किसानों के घरों को तोड़ दिया। साथ ही घरों में रखा अनाजों को खा गए। चपकली गांव निवासी सुरेंद्र भुइयां, राम लगन सिंह, संजू भुइयां, सोमारु भुइयां, विनोद भुइयां, जितेंद्र भुइयां, महावीर भुइयां, फुल मनिया कुंवर का घर जंगली हाथी तोड़ दिया है। इससे लोग बेघर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाया जाए तथा हमें सुरक्षा दी जाए इसी को लेकर के जंगली हाथी के हमले के मौत के कारण मौत के कारण ग्रामीण उग्र हो गए थे। सुबह 6 से लेकर 11 बजे तक के बीच ग्रामीण महिलाएं एवं वन विभाग के कर्मियों के बीच दो बार झड़प हो गई। काफी संख्या में पुलिस बल को बुलाना पड़ा था, लेकिन चिनियां थाना प्रभारी अमित कुमार के सूझबूझ के कारण बहुत बड़ा घटना होने से बच गया।

# डीडीसी ने योजनाओं की समीक्षा की, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्र ने प्रखंडकर्मियों तथा सभी मुखिया के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उप विकास आयुक्त ने बैठक में अबुआ आवास एवं मनरेगा से संबंधित योजनाओं की समीक्षा किया तथा कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में अबुआ आवास योजना की समीक्षा के दौरान डीडीसी ने पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को जिन लोगों को पहली किस्त की राशि दी गई है, उन सभी को प्लिंथ (फाउंडेशन) स्तर का कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया। इसके साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया को भी इस कार्य में सहयोग करने के लिए निर्देश दिया। ऐसे लाभुकों को फाउंडेशन लेवल तक का कार्य करने के उपरांत ही दूसरे किस्त की राशि उनके खाते में हस्तांतरित किये जाने की बात कही। उन्होंने मनरेगा की समीक्षा के दौरान जिन कुओं की खुदाई कार्य शुरू हो गया है, उसे 30 जून तक हर हाल में पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं मनरेगा कर्मियों को मनरेगा की योजनाओं को बरसात शुरू होने से पहले पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही अधिक से अधिक मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में बीडीओ रौशन कुमार, बीपीओ राजदीप कुमार, अनिल सिंह, नागेंद्र कुमार, प्रधानमंत्री आवास को-ऑर्डिनेटर स्नेहा सिंह, पंचायत सचिव वीरेंद्र सिंह, नंद कुमार मेहता, विकास जायसवाल, अमन केशरी, सीमा कुमारी, मुखिया फिरदौस आलम, सुशीला देवी, मनोज कुमार ठाकुर, रेखा देवी, अजय प्रसाद गुप्ता सहित सभी रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी में विद्यालय प्रबंधन समिति का पुनर्गठन 24 को




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** प्रखंड अंतर्गत पीएम श्री मध्य विद्यालय अरंगी में 24 दिसंबर को विद्यालय प्रबंधन समिति (एसएमसी) का पुनर्गठन किया जाएगा। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी ने आदेश जारी करते हुए तीन पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है। टीम में शिक्षक मृतुंजय दुबे, जितेंद्र शर्मा और बीआरपी पंकज कुमार को शामिल किया गया है। इन अधिकारियों को चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीईईओ ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया है कि इस चुनाव के लिए बच्चों और उनके अभिभावकों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसके अलावा, चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने का निर्देश दिया गया है। प्रधानाध्यापक को सुनिश्चित करना होगा कि पुनर्गठन प्रक्रिया में सभी संबंधित पक्षों की सहभागिता हो। गौरतलब है कि इस विद्यालय में समिति का गठन के लिए पहले भी दो बार चुनाव आयोजित किए गए थे। हालांकि दोनों बार चुनाव हंगामे और विवादों के चलते स्थगित कर दिया गया था। इस बार बीईईओ ने चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से कराने के लिए विशेष तैयारियां की हैं और पर्यवेक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया में बीआरपी पंकज कुमार ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी नियमों और प्रक्रियाओं का सख्ती से पालन किया जाएगा। साथ ही विवादों से बचने और अभिभावकों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए स्थानीय प्रशासन का सहयोग भी लिया जाएगा। बीपीएम नवीन प्रकाश ने बताया कि समिति के पुनर्गठन से विद्यालय के प्रबंधन में सुधार होगा और बच्चों के शैक्षणिक विकास में तेजी आएगी। स्थानीय निवासियों और अभिभावकों को इस बार चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने की उम्मीद है।

### युवती ने कीटनाशक खाया

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के परती कूशवानी गांव निवासी स्वर्गीय अरविंद बैठा की पुत्री दुर्गा कुमारी ने शनिवार को कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। आनन-फानन में परिजनों ने इलाज के लिए भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक डॉ. शैलेन्द्र कुमार, डॉ. एसके सिंह द्वारा इलाज किया जा रहा है।

# पहली बारिश में ही टूटा 8.50 लाख की लागत से बना चेक डैम

**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी (गढ़वा)।** वन विभाग द्वारा करीवाडीह पंचायत के मोहनी खोचा में 8.50 लाख रुपये की लागत से बनाया गया चेक डेम पहली बारिश में ही टूट गया, जिससे ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बीडीसी विकास कुमार सिंह, महेंद्र यादव, हिमांशु यादव, मृगेंद्र सिंह, जमुना राम, काजू कनौजिया, कुंदन भारती, बैजनाथ विश्वकर्मा, रुजुल पासवान और राजेश यादव ने बताया कि जंगली जानवरों और मवेशियों को पानी पिलाने के उद्देश्य से वनक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा यह चेक डेम बनवाया गया था। इसकी निगरानी अभिषेक त्रिपाठी और हेमंत कुमार पांडेय कर रहे थे। चेक डेम के टूटने से मिट्टी और पत्थर किसानों के खेतों में भर गए, जिससे उपजाउ जमीन बर्बाद हो गई। इतना ही नहीं, पास का ऐतिहासिक बुढ़वा बांध भी चेक डेम के टूटने के कारण ध्वस्त हो गया। बुढ़वा बांध से सैकड़ों एकड़ खेतों की सिंचाई होती थी, लेकिन अब यह भी बर्बाद हो गया।

### ग्रामीणों का आरोप: घटिया निर्माण कार्य



ग्रामीणों का कहना है कि चेक डेम निर्माण के समय घटिया सामग्री का उपयोग किया गया था। बीडीसी विकास कुमार सिंह ने कहा, निर्माण के समय ही कई लोगों ने इसका विरोध किया था, लेकिन विभाग ने किसी की बात नहीं सुनी। घटिया निर्माण के कारण यह पहली बारिश में ही बह गया। चेक डेम के टूटने से न केवल सरकार और विभाग का उद्देश्य विफल हुआ, बल्कि किसानों की जमीन को भी भारी नुकसान पहुंचा। ग्रामीणों ने मांग की है कि भ्रष्ट निर्माणकर्ताओं और जिम्मेदार अधिकारियों की जांच कर उन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### चेक डैम दोबारा बनाया जाएगा: प्रमोद

वनक्षेत्र पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने कहा, जंगली जानवरों और मवेशियों को पानी पिलाने के उद्देश्य से चेक डेम का निर्माण करवाया गया था। हालांकि, यह पहली बारिश में टूट गया। इसे दोबारा बनाया जाएगा।

### मुखिया संघ ने डीडीसी को सौंपा मांग पत्र

भवनाथपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष बेबी देवी ने डीडीसी को मांग पत्र सौंप कर मनरेगा योजना के तहत प्रत्येक पंचायत में मिट्टी मोरम पथ तथा पशु शेड निर्माण हेतु इसकी स्वीकृति दिलाते हुए उक्त दोनों योजनाओं को पुनः चालू कराने की मांग की। इस मौके पर मुखिया गायत्री देवी, इशरत जहां, लाईची देवी, अनिता देवी सरिता देवी, नंदलाल पाठक, सुकनी देवी आदि मौजूद थे।

# प्रखंड के सरांग पंचायत में खुला धान क्रय केंद्र, किसानों में हर्ष




**नवीन मेल संवाददाता**

**विशुनपुर।** प्रखंड के सरांग पैक्स में शनिवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। इसका उद्घाटन सरांग पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता, समाज सेवी संजय प्रसाद यादव, रागनी कुमारी, बच्चू प्रजापति ने किया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि पंकज सिंह ने कहा कि सरांग पंचायत के जतपुरा गांव में धान क्रय केंद्र खुलने से क्षेत्र के किसानों को धान बेचने में काफी सहूलियत होगी। धान क्रय केंद्र खुलने से पूर्व धान बिक्री को लेकर किसान चिंतित थे। कुछ किसान बिचौलियों को धान बेचने को मजबूर थे। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित दर 2300 रु प्रति किलो की दर से धान की खरीदारी शुरू हो गयी है। किसानों को प्रति क्विंटल 100 रु का बोनस भी सरकार देगी। जिन किसानों का धान खरीदने के लिए दूसरे प्रखंड में मैसेज चला गया है। उन किसानों का पुनः मैसेज आएगा और विशुनपुरा प्रखंड के सभी किसानों का धान खरीदा जाएगा। मौके पर सुनील गुप्ता, बिंदु प्रसाद, संजय यादव, रमेश प्रजापति, सत्यदेव यादव, सोना ठाकुर, अनिल यादव, जगतनारायण प्रजापति सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### विधायक का क्रसिंग प्लांट में नहीं चल रहा: भाजपा




**भवनाथपुर।** अद्योगिक नगरी के रूप मे स्थापित करने सहित पलामू प्रमंडल की पहचान और गौरव का प्रतिक एशिया का सबसे बड़ा क्रसिंग प्लान्ट का आज सम्पूर्ण अस्तित्व मिटने जा रहा है। यह भवनाथपुर विधान सभा के लिए दुर्भाग्य का विषय है। यह कार्य तब हो रहा है जब नव निर्वाचित झारखंड सरकार के नव निर्वाचित विधायक अनंत प्रताप देव अपना पद भार संभाले। इससे यह साबित हो रहा है कि विधायक क्रसिंग प्लांट में नहीं चल रही है। वह सिर्फ दिखाव व जनता को भूलवाने के लिए उन्होंने गढ़वा उपायुक्त को एक पत्र लिखा है। उन्होंने उल्लेख किया है कि स्थानीय लोगों के आक्रोश को देखते हुए फिलहाल क्रसिंग प्लान्ट का कटनी रोक दिया जाए।। इससे साफ प्रतीत होता है की वो फिलहाल ठीकेदार को पलांट काटने से रोकना चाहते है फिर सामान्य स्थिति में उनकी स्वीकृति है। यह बाते शनिवार को भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही के भवनाथपुर स्थित आवास पर प्रेस को संबोधित करते हुए भाजपा नेता सह जिला एससी मोर्चा के अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने कही। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, भाजपा नेता शैलेश चौबे, मंडल अध्यक्ष जय प्रकाश यादव, मनोज यादव, विनोद यादव, दयानन्द प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### झामुमो ने गृह मंत्री का पुतला दहन किया

**भवनाथपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा संसद सत्र में बाबा भीमराव आंबेडकर के उपर विवादास्पद टिप्पणी करने से आक्रोशित झामुमो के भवनाथपुर मंडल कार्यकताओं ने गृह मंत्री अमित शाह का शव यात्रा निकालकर पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने बाजार में शव यात्रा निकाली। विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए मुख्य बजार में पुतला दहन किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष ललू राम, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, विजय रावत, शमसेर अंसारी, राजेश राम, दिलीप कुमार चौबे, अग्रेश्वर राम, सुनिल पासवान, रामजन्म राम, प्यारे मोहम्मद अंसारी, विजय राम, सुनिल पाण्डेय, महिला मोर्चा अध्यक्ष जसवनता देवी, प्रभा देवी, शुशीला देवी, प्रमिला देवी, दौलतीया देवी आदि उपस्थित थे।

## आध्यात्म

## विश्व ध्यान दिवस का आयोजन

# मनुष्य को प्रति दिन ईश्वर का नाम जप करना चाहिए: माया



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विश्व ध्यान दिवस के शुभ अवसर पर श्री श्री ठाकुर अनुकूल चन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शंख ध्वनि, वंदे पुरुषोत्तम ध्वनि, दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। इसके बाद संध्या कालीन प्रार्थना, समवेत नाम जप ध्यान, सत्यानुशरण ग्रन्थ पाठ, नारी नीति ग्रन्थ पाठ, शाश्वती ग्रन्थ पाठ किया गया। भजन कीर्तन कार्यक्रम में धृति सुंदर लाल, विवेक शर्मा, पूजा देवी, दीपमाला अंबष्ट, माला मां द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया। इष्ट चर्चा करते हुए सत्संगी माया मां ने कहा कि श्री श्री ठाकुर जी का दीक्षा ग्रहण कर सत्य के पथ पर चलते हुए अच्छे कर्म कर अपने जीवन को सार्थक करना है, क्योंकि कर्म ही पाने की जननी है सत्संगी अखिलेश दा ने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को प्रति दिन ईश्वर का नाम जप एवं ध्यान, सत्संग करना चाहिये। ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि सर्वप्रथम अपने आप पर ध्यान देना चाहिए। यह मानव को स्वस्थ रहने के लिए यजन, याजन, ईष्टभ्रीति करना चाहिये। अपने गुरु की पूजा अभेद्य कवच है। ईश्वर की दीक्षा ग्रहण कर, शिक्षा प्राप्त करके सुविवाह करना चाहिये परमपिता के आदेश का पालन कर, सभी जीवों से प्रेम करना चाहिये। सभी लोगों का सम्मान करने से अपना भी सम्मान प्राप्त होता है अपने घर को स्वर्ग बनाना चाहिये। सत्संग का संचालन कर रहे ऋत्विक धृति सुंदर लाल ने कहा कि ऋषि तपस्वी अधिक से अधिक ईश्वर नाम जप एवं ध्यान करते थे, इसीलिए वे दीर्घायु होते थे। पुनः उन्होंने कहा कि ईश्वर नाम मनुष्य को तीक्ष्ण बनाता है और ध्यान ग्रहण करने की क्षमता बढ़ाता है।

### विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

सत्संग कार्यक्रम के पूर्व दीक्षा कार्यक्रम, घड़ा फोड़ प्रतियोगिता, सूई धागा प्रतियोगिता, टॉफी रेस प्रतियोगिता, किया गया घड़ा फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम चंद्रावती मां, द्वितीय माला माँ, तृतीय विमला मां को स्थान मिला टॉफी रेस प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में सुजय कुमार को प्रथम, प्रेरणा कुमारी को द्वितीय, तथा अंजली कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, तथा इसी प्रतियोगिता के द्वितीय ग्रुप में आंचल कुमारी को प्रथम, आशु कुमारी को द्वितीय, तथा अंजनी कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ सूई धागा प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में पूजा देवी प्रथम, मंजू देवी द्वितीय, निशा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा इसी प्रतियोगिता के द्वितीय ग्रुप में अदिति कुमारी प्रथम, आशु कुमारी को द्वितीय तथा शालु कुमारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।सभी विजेता प्रतिभागियों को जैन कंपनी के मैनेजर उमा शंकर सिंह तथा ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया सत्संग कार्यक्रम में श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के विभिन्न क्षेत्रों से सत्संगी बृंद उपस्थित हुये थे जय राधे राधे गायन एवं जय उदघोष के साथ कार्यक्रम का विश्राम किया गया आयोजित भंडारा कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने महा प्रसाद ग्रहण किया.सत्संग में राज कुमार दा, संजय दा, राहुल दा, शक्ति दास सिन्हा, धृतिदीप, राकेश दा, पप्पू जायसवाल, अजय दा, श्रवण कुमार, चंचला गुप्ता, राकेश वर्मा, अनिता देवी, निर्मला मां, संगीता देवी, दीपमाला, चांदनी कुमारी सहित बड़ी संख्या मे सत्संगी उपस्थित थे।

# किसान एक रूपया में फसल बीमा कराएं: मांझी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड सभागार में अन्नदाता महोत्सव में बीडीओ सतीश भगत की अध्यक्षता में उन्नत किसान विकसित भारत के तहत स्टेट बैंक प्रतिनिधियों ने किसान मित्र किसानों के साथ बैठक की। इस अवसर पर जिला अग्रणी विकास बैंक के एके मांझी ने बताया कि 31 दिसंबर तक बैंक से जिसका लेन देन ठीक नहीं है, वैसे किसान प्रज्ञा केंद्र में जाकर एक रुपए का फसल बीमा कराएं। किसान का बैंक से लेनदेन स्टैंडर्ड है वैसे किसान का स्वतः ही बीमा हो जाएगा। उन्होंने किसानों से बैंक से सहयोग प्राप्त कर किसान की आर्थिक स्थिति मजबूत करने की सलाह दिया। इसी तरह भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा के मुख्य प्रबंधक कौशल किशोर चौधरी ने किसानों से सामाजिक सुरक्षा के तहत राइस मिल, आटा मिल, दाल मिल, लाभ लेने तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा के तहत सालाना 20 का बीमा कराने एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत सालाना 436 रुपए का बीमा करने का सलाह दिया। प्रवीण कुमार मिश्रा ने पर्सनल इंश्योरेंस योजना का लाभ, तथा अटल पेंशन योजना का लाभ लोगों को लेने की सलाह दिया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट बैंक के एफएलसी निरंजन तिवारी ने किया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, किसान मित्र परशुराम कुशवाहा, चंदेश्वर राम, रामाशंकर चौबे, राजकुमार साव, विरेन्द्र महतो, कृष्णा ठाकुर, अजय कुशवाहा सहित काफी संख्या में किसान मित्र एवं किसान उपस्थित थे।

# पंचायत स्तरीय जन शिकायत निवारण कार्यक्रम आयोजित

**विभिन्न विभागों का लगाया गया स्टॉल**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मयूरहंड (चतरा)।** केंद्र सरकार के निर्देश पर सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड क्षेत्र के फुलांग,पेटादेरी, पंदनी पंचायत सचिवालय में शनिवार को प्रशासन ने गांव में सुशासन सप्ताह का आयोजन किया। शुभारंभ फुलांग में प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार व मुखिया रेणू देवी,पेटादेरी में बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा व मुखिया कलावति देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर आम जनता को प्रखंड व अंचल कार्यालय में जमीन म्यूटेशन, जाती, आय, आवासीय संबंधी बनवाने, वृद्धा, विधवा पेंशन का कार्य कराने तथा अन्य कार्यों का परेशानियों के समाधान के लिए पंचायत स्तरीय जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनो लोगों का ऑन द स्पॉट वृद्धा, विधवा पेंशन की स्वीकृति देने के साथ जॉब कार्ड, जाति, आय, आवासीय के अलावा अन्य प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। बीडीओ मनीष कुमार ने बताया कि 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में सुशासन सप्ताह के तहत प्रखंड प्रशासन द्वारा कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए शिविर का आयोजन की जाएगी। इससे क्षेत्र के लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जा सकेगा। मौके पर बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा, कल्याण पदाधिकारी चंदन कुमार, अंचल निरीक्षक सुदर्शन कुमार, बीपीएम पंकज कुमार,पंचायत सचिव मदन मरांडी,आशा कुमारी, रोजगार सेवक रुपेश कुमार, बीएफटी रमन पाण्डेय के अलावा काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### एक सप्ताह बाद भी पुलिस को नहीं मिली विकास यादव गुमशुदगी की कोई सुराग

# गुमशुदगी मामले में एक हिरासत में पूछताछ जारी, जल्द की जाएगी खुलासा : एसडीपीओ

**परिजन प्रतापपुर थाना परिसर के समीप बैठे अनशन पर**



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुन्दा (चतरा)।** कुन्दा थाना क्षेत्र के मेदवाडीह गांव निवासी विकास यादव के गुमशुदगी मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी प्रतापपुर व कुन्दा पुलिस को कोई सुराग नहीं मिलने से परिजन काफी परेशान हैं। विकास यादव की गुमशुदगी के मामले में प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बराटपुर जंगल से उनका बाइक लावारिस हालत में पुलिस बरामद की थी। इसके बाद भी पुलिस को अब तक कोई जानकारी नहीं मिली है। परिजनों में काफी रोज व्याप्त है और वह प्रतापपुर थाना परिसर के समीप पहुंचकर धरना पर बैठ गए हैं। परिजनों का कहना है कि जब तक गुमशुदा विकास यादव मामले में पुलिस कोई खुलासा नहीं करती है, तब तक वह थाना परिसर के समीप से नहीं हटेंगे। परिजनों ने पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। परिजन जानना चाह रहे हैं कि आखिर पुलिस इतने दिन बाद बीत जाने के बाद भी मामले में उद्भेन क्यों नहीं कर पाई। चतरा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन ने बताया की गुमशुदगी मामले में एक को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ की जा रही है। जल्द ही सारे मामला का खुलासा कर दिया जाएगा। विधायक जनार्दन पासवान ने कहा कि इस मामले का उद्भेदन जल्द हो इसे लेकर चतरा पुलिस अधीक्षक से बात की जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आज

**चंदवा।** लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर सामुदायिक पुलिसिंग के तहत रविवार को इंदिरा गांधी चौक स्थित मयूर होटल में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जानकारी देते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रंधीर कुमार सिंह ने बताया कि शिविर में ग्रांट मेडिकल कॉलेज मुंबई व एम्स दिल्ली के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सक मौजूद रहेंगे। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टररो के द्वारा रोगियों की जांच की जाएगी। जांच के बाद मोतियाबिंद के रोगियों का निःशुल्क ऑपरेशन दिव्यम आई हॉस्पीटल रांची में कराया जायेगा। इंस्पेक्टर रंधीर सिंह ने ज्यादा से ज्यादा नेत्र रोगियों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

### निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन 25 को

**बारियातू।** प्रखंड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बारिखाप मे 25 दिसंबर को शिविर लगाकर निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया जायेगा। जानकारी देते हुए डॉ. प्रमोद ने बताया की डिबीसीसी लातेहार, जन विकास मार्ग के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर लगाकर लेंस प्रत्यारोपण (आईओएल)विधि द्वारा जांच, ऑपरेशन किया जायेगा। साथ ही बताया कि ऑपरेशन प्रत्येक सोमवार, बुधवार को किया जाता है। इसके लिए रामेश्वर नेत्रालय मुरपा मोड़ बालूमाथ में प्रतिदिन जांच और रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। मोतियाबिंद रोगी शिविर में लाभ लेने के लिए अपना आधार कार्ड राशन कार्ड दो फोटो, मोबाइल नंबर अनिवार्य होगा।

### नगर प्रशासक ने किया सफाई मित्रों को सम्मानित



**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार के नगर प्रशासक राजीव रंजन ने शुक्रवार को शहरी क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वालों कर्मियों को सम्मानित किया। यह सम्मान दुर्गा, पूजा, दीपावली, छठ पूजा और विधानसभा चुनाव में किए गए कार्यों के लिए सफाई मित्रों को प्रशस्ती पत्र देकर नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सम्मानित किया। मौके पर नगर प्रशासन ने सभी सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाते हुए उन सभी की सराहन की। उन्होंने कहा कि आप ऐसे ही कार्य करते रहें, ताकि हमारे क्षेत्र का गौरव बढ़े। आपके द्वारा किए गए कार्य से अन्य नगर पंचायतों के कर्मी भी प्रेरणा लेंगे। आने वाले समय में हम सभी को मिलकर शहरी क्षेत्र को एक बेहतर, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए काम करना होगा। उक्त सम्मान समारोह में नगर प्रबंधक राजकुमार वर्मा, जयलक्ष्मी भगत, सहायक अभियंता कुमार रवि सहित नगर पंचायत के सफाई मित्र उपस्थित रहे।

### फूलसु व बालूभांग में शिविर का आयोजन

**बारियातू।** उपायुक्त लातेहार के निर्देशा पर सुशासन सप्ताह व प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत शनिवार को शिविर का आयोजन किया गया। प्रखंड क्षेत्र के फूलसु व बालूभांग दो पंचायतों में शिविर लगाया गया। शिविर में सरकार के विभिन्न महत्वकांक्षी योजनाओं के लिए स्टॉल लगाया गया। सभी स्टॉलो में संबंधत अधिकारी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में एचआईबी, मलेरिया सहित अन्य आवश्यक जांच किया गया। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 8 लाभुकों को 4 बकरी व 1 बकरा को पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशीला बागे के उपस्थित में वितरण किया गया। साथ में निःशुल्क दवाओं का वितरण किया। शिविर के माध्यम से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिया गया। शिविर में अबुआ आवास, जाब कार्ड, जन्म निबंधन, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाण पत्र, विभाग केसीसी, राशन कार्ड में नाम जोडंने के लिए व आधार शिडिंग के आवेदन प्राप्त हुआ है। मौके पर फूलसु मुखिया तेतेरी देवी, उप मुखिया रामकृष्ण गंझू, अर्जुन उरांव, सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# झारखंडियों को हक मिलना चाहिए : पुष्कर महतो



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सदर प्रखंड के उदयपुरा पंचायत के आरागुंडी ग्राम में झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा लातेहार जिला इकाई के तत्वावधान में शनिवार को झारखंड आंदोलनकारियों के सम्मान व अधिकारों की रक्षा विषय पर सम्मेलन आयोजित किया। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक व प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद झारखंड को अलग राज्य बनाया गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री झारखंड आंदोलनकारी दिशोम गुरू शिबू सोरेन पुत्र हेमंत सोरेन हैं। उन्होंने झारखंड आंदोलनकारियों को उनका हक व अधिकार देने की बात कही। झारखंड सरकार खनिजों का 26 प्रतिशत रॉयल्टी की मांग केंद्र सरकार से कर रही है। अभी तो सरकार ने मात्र डेढ़ प्रतिशत 36 लाख करोड़ रूपया की मांग कर रही है। समता जजमेंट के तहत और 26 प्रतिशत रॉयल्टी का अधिकार चाहिए। सम्मेलन में झारखंड आंदोलनकारियों के राजकीय मान सम्मान, अलग झारखंडी पहचान, आंदोलनकारियों की संतान को शत प्रतिशत रोजी-रोजगार एवं नियोजन के अधिकार और सम्मान पेंशन राशि कम से कम 50 हजार रुपए देने की मांग सरकार से की गई। दक्षिणी छोटानागपुर की अध्यक्ष रोजलिन तिर्की ने कहा कि झारखंडी की पहचान को बचाये रखना है। उन्होने झारखंडी अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा के लिए एक हूल करने की अपील की। मौके पर अनिल मनोहर खलखो, वीरेंद्र उरांव, श्याम बिहारी यादव, राजीव कुमार भास्कर, दया पांडेय, राधिका पासवान, रमन गंझू ,दीपक पांडे, राजू उरांव, जयराम भगत, आफताब खान, अर्जुन गंझू, दिनेश चंद्रवंशी व राजेश उरांव आदि मौजूद थे।

# सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत पंचायतों में शिविर का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत जिला अंतर्गत मनिका प्रखंड के बंदुआ, पल्हेया, जुंगुर, महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर, हामी, रेंगाई, ओरसा, बरियातू प्रखंड के फुलस, बालुभांग, बालूमाथ के बसिया, मारंगलोईया, बरवाडीह प्रखंड के केड़, छीपादोहर, गारू प्रखंड के कारवाई, लातेहार प्रखंड के पांडेयपुरा, चंदवा प्रखंड के चेटर, हेरहंज प्रखंड के सलैया , सरयू प्रखंड के गणेशपुर पंचायत में विशेष शिविर का आयोजन किया। जिला स्तरीय पदाधिकारियों के अलावा संबंधित प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी ,अंचला अधिकारियों द्वारा ऑन द स्पाट दर्जनों मामलों का निष्पादन कर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जन विकास योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र व राज्य सरकार से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से यह शिविर लगाया गया है। पंचायत स्तरीय शिविर में सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से योग्य लाभुकों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन प्राप्त हुए, इसमें विभिन्न आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया।

### लोहरसी ग्राम कचहरी में राजस्व शिविर का आयोजन

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के आदेश व अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक के निर्देश पर हल्कावार राजस्व शिविर आयोजित कर आम जनता के राजस्य व भूमि विवाद से संबंधित मामलों का ससमय निष्पादन करने के लिए प्रखंड के विभिन्न हलकों में राजस्व शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस निमित्त शनिवार को लोहरसी ग्राम कचहरी में हल्का 7 का राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सीएस-आरएस,रकबा सुधार समेत अन्य जमीन से जुड़े आवेदन आए। राजस्व कर्मी प्रतिमा एक्का ने बताया कि शिविर में आए आवेदन की जांच पड़ताल कर रिपोर्ट अग्रसरित किया जाएगा। इस अवसर पर माल्हन पंचायत के मुखिया जतरु कुमार मुंडा,कर्मचारी प्रतिमा एक्का,उमेश कुमार, मो आजाद समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# विधायक ने शिक्षकों की सराहना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हेरहंज।** प्रखंड उत्क्रमित मध्य विद्यालय घूरे के प्रांगण में शनिवार को एक दिवसीय सेवानिवृत्त सहायक अध्यापकों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रकाश राम ने सेवानिवृत अध्यापकों को सम्मानित कर शिक्षकों की सेवा भावना की काफी सराहना की। शिक्षकों के साथ कदम से कदम मिलाकर शिक्षण संस्थानों में आवश्यक कार्यों में साथ देने का आश्वासन दिया। उपस्थित प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी निर्मला लता ने भी शिक्षकों को धन्यवाद देते हुए बच्चों की भविष्य के प्रति विशेष ध्यान रखने की अपेक्षा की। मौके पर सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक बिंदेश्वर यादव, केदार यादव, शशि भूषण सिंह त्रिभुवन सिंह, महेश्वर सिंह, बृजमोहन राम, जीतू भगत,जीतू ठाकुर, इत्यादि को समारोह में शामिल, पारा शिक्षक संघ के अध्यक्ष मिथिलेश यादव, प्रकाश यादव , कमलेश यादव मौजूद थे।

# हाथियों ने घर में की तोड़-फोड़, पशु को मार डाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत गोखलाबागी टोला स्थित हनुमान चौकी में हाथियों ने उत्पात मचाते हुए किसान करमा भगत पिता फागु भगत के घर को पूरी तरह क्षतिगस्त कर दिया। साथ ही एक सुअर को मार डाला। बैल को बुरी तरह से जख्मी कर दिया। करमा भगत ने बताया कि इस पथ पर हाथियों का आना-जाना लगा रहता है। बीते वर्ष भी उसके घर को हाथियों ने क्षतिगस्त किया था। हाथियों के भय से हम लोग डेंबु गांव के मंजराही टोला में सोने चले जाते हैं। बती रात भी पशुओ को बांधकर हम लोग मंजराही सोने चले गए थे। हाथी लगभग तीन बजे आया और हमारे घर को बुरी तरह से क्षतिगस्त कर दिया। पास में बंधे हुए एक सुअर और एक बैल को मार डाला। दूसरे बैल को बुरी तरह जख्मी कर दिया। हम लोग सूचना पाकर सुबह जल्दी घर आए व इसकी सूचना मुखिया पंचायत समिति सदस्य को दिया। मुखिया सुरेश उरांव, पंसस संतोष भगत, प्रभारी वनपाल मंगल सिंह ने घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए हाथियों से बचाव व आवश्यक निर्देश दिए। मौके पर महेंद्र भगत, तुलेश्वर भगत, लाल आशिस नाथ शाहदेव, लवकुश सिंह, विरेन्द्र सिंह, बिश्वनाथ सिंह, सीवन उरांव, जीरामनी देवी,राधा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

# क्रिसमस का बाजार सजा, लोग कर रहे हैं जमकर खरीददारी



### क्रिसमस के समान और दाम

- क्रिसमस ट्री- 500-1500 रुपये।
- गिफ्ट आइटम -18 से 120 रुपये।
- बॉल-20-120 रुपये।
- चश्मा-500-800 रुपये।
- हेयर बैंड- 70-80 रुपये।
- पेपर स्टार 200- 250 रुपये।
- प्लास्टिक स्टार- 300 - 500 रुपये।
- झालर पैकेट- 300 रुपये।
- टोपी-20-200 रुपये।
- खिलौना -50 - 500 रुपये।
- चरनी -30 - 100 रुपये।
- पेपर चरनी-50-100 रुपये।
- चॉकलेट- 5 - 150 रुपये।
- क्रिसमस बेल - 20- 260 रुपये।
- मीत -500-800 रुपये।

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य प्रखंडों में क्रिसमस को लेकर हर चौक-चौराहा पर दुकान सज गई है। क्रिसमस पर्व को लेकर मसीही समुदाय के लोग इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। क्रिसमस की थीम पर सजी दुकानों में विभिन्न सजावटी सामग्रियां उपलब्ध हैं, जो त्योहार की खुशियों को दोगुनी कर रही हैं। खरीदार अपने घर और आंगन को सजाने संवारने के लिए बाजारों में खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। नये परिधानों की भी खरीददारी हो रही है। क्रिसमस में सबसे अधिक मांग झालरों, सैंटा,स्टार, चरनी और क्रिसमस ट्री की हो रही है। क्रिसमस बाजार लातेहार जिला मुख्यालय के मेन रोड, रेलवे स्टेशन, पूराना बस स्टेंड सहित अन्य क्षेत्रों में लगा है। दुकानदारों द्वारा लगाया गया आकर्षण केंद्र बना है। क्रिसमस पर लोग सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। दुकान में विभिन्न डिजाइन के संता क्लाउज, चरनी सेट, स्टार, बच्चों के ड्रेस, इलेक्ट्रिकल डेकोरेशन आइटम, एक्समस ट्री जैसे सामान मौजूद है।

### क्रिसमस गैदरिंग के साथ वार्षिक महोत्सव का आयोजन



**महुआडांड (लातेहार)।** वी विश यू मैरी क्रिसमस गीतों साथ शनिवार को धूमधाम से क्रिसमस गैदरिंग संत जेवियर एकेडमी महुआडांड़ में मनाया गया। गैदरिंग का शुभारंभ मुख्य अतिथि फादर संजय गिद्ध डालटनगंज धर्मप्रांत के शिक्षा डायरेक्टर फादर बरथोलोमी, फादर सुरेश तिर्की ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर चरणी आशीष के साथ हुआ। काफी संख्या में बच्चों के अभिभावक शामिल हुए। क्रिसमस गैदरिंग में चरनी क्रिसमस ट्री से सजाया गया था। क्रिसमस ट्री आकर्षण का केंद्र था। मंच पर बच्चों ने सांता क्लॉज वेशभूषा में क्रिसमस पर आधारित गीतों पर नृत्य किए। बिशप थियोडोर ने इस बार बच्चों के साथ मिल कर क्रिसमस गैदरिंग करना चाहते हैं, क्योंकि बच्चों से ही क्रिसमस की शुरूआत होती है। फादर ने बच्चों को अपने सन्देश में कहा कि आप सब मन लगा कर अध्ययन करें, क्योंकि मन नई नई चीजों को सोचने और आगे बढ़ने के लिए है। दिल से सभों को प्यार करें तथा कठिन मेहनत करें। उन्होंने सभी बच्चों के लिए प्र्थानाक की। मौक पर अभिभावक सहित कई बच्चे उपस्थित थे।


## कार्यालय नगर पंचायत, हुसैनाबाद (पलामू)

Email: - nphussainabad@gmail.com

ज्ञापांक............../दिनांक..................

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

हुसैनाबाद नगर पंचायत के द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं कार्यालय हेतु बाह्य श्रोत के माध्यम से मानव बल उपलब्ध कराने हेतु मानव बल उपलब्ध कराने वाली संस्थाऐं जो सरकारी एवं निजी कार्यालयों में मानव बल उपलब्ध कराऐंहैंसाथहीमानव बल उपलब्ध कराने का अनुभव रखतेहैं, वे दिनांक– 03.01.2025 कोअपराहन 04:00 बजेतक अपनी इच्छा की अभिव्यक्ति (सेवा शुल्कप्रतिशत के रुप में) बन्दलिफाफे में सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ कार्यालय में जमाकर सकते हैं।मानव बल उपलब्ध करानेवाले संस्थाओं के पास न्यूनतम निम्नदस्तावेज होना अनिवार्य है:–

1- Valid GST
2- ESIC Enrolment
3- EPFO Enrolment
4- Income Tax Return
5- Experience Certificate of related work.

आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं निकाय कार्यालय में कुलमानव बल निम्नतालिका के अनुसार उपलब्ध कराई जानी है:–

| SL. NO. | Name of Post | No. of Man-Force required. | Monthly Remuneration (maximum) | Remarks. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Staff Nursing | 1 | 16564-00 | Ayushman Arogya Mandir Hussainabad. |
| 2 | MPW (Male) | 1 | 11466-00 | |
| 3 | Guard (Male) | 1 | 11000-00 | |
| 4 | Cleaning Staff | 1 | 11000-00 | |
| 5 | Multi-Tasking Staff (knowing Hindi & English Typing and good knowledge of computer) | 1 | 12168-00 | Office of Nagar Panchayat Hussainabad. |

नोट :– विस्तृत जानकारी हेतु नोडलपदाधिकारी का सम्पर्क सूत्र– 9835206770 पर सम्पर्क किया जासकता है।

प्रशासक,
नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 342610 District (24-25)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

1.ई0–निविदा संख्या–EE/RDSD/PALAMAU-15/2024-25 P.R.No.340486

| Sl. No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रखण्ड सदर मेदिनीनगर के पंचायत चियांकी के ग्राम चियांकी में P.J.T B.Ed कॉलेज गेट से आहर सड़क तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 2148500.00 | 43000.00 | 5000.00 | 03 माह। |
| 2. | प्रखण्ड पांकी के पंचायत माड़न के ग्राम कन्दाखाड़ के ग्राम कन्दाखाड़ में निर्माणाधीन पुलिया में पहुंच पथ तथा गार्डवाल एवं Cut Off wall निर्माण। | 3806800.00 | 76500.00 | 5000.00 | 04 माह। |
| 3. | प्रखण्ड चैनपुर के पंचायत अयोध्या कोलहुआ के ग्राम अयोध्या कोलहुआ में कल्याण गुरूकुल छात्रावास में चाहरदिवारी, डीप बोरिंग, तड़ित चालक, विद्युतिकरण एवं दरवाजा निर्माण। | 3923100.00 | 79000.00 | 5000.00 | 04 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 23.12.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 23.12.2024 से दिनांक 30.12.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 01.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल
पलामू।

PR 342555 (Rural Development) 24-25 (D)

## न्यूज बॉक्स

### कैरो में जलसहिया की बैठक हुई

**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड सभागार में शनिवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के द्वारा जलसहिया का बैठक प्रखण्ड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में किया गया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र में स्थित चापाकल,डीप बोरिंग,नल-जल योजना भौतिक स्थिति की जांच करने तथा स्वच्छ भारत मिशन के तहत बनाये गए शौचालय का भी घर-घर जाकर भौतिक स्थिति का सत्यापन करने की बात कही। साथ ही साथ विभाग द्वारा सरकार के निदेर्शानुसार कराए जा रहें कार्यो में भी जलसहिया सहयोग करे ताकि कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय पूर्ण किया जा सके। मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनीय अभियंता सुमन खलखो, प्रखंड सोसल मोबोलेजर खालिख अंसारी,जलसहिया सबिया खातून,माधुरी उराव,बिनीता उराव,मुनि देवी,मनतोरानी उराव,रुकया खातून आदि उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में विद्या विकास समिति झारखंड के निर्देशन में कक्षा तृतीय चतुर्थ एवं पंचम के भैया बहनों के लिए अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षाए का आयोजन किया गया। इसमें 120 भैया बहन भाग लिए। इस परीक्षा का मुख्य उद्देश्य भैया बहनों के अंदर भारतीय संस्कृति परंपरा सेवा भाव विकसित करना है। परीक्षा को संपन्न कराने में विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी की भागीदारी रही।

### अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान की ली गई परीक्षा

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेन्हा में विद्या भारती द्वारा संचालित अखिल भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया. आयोजित परीक्षा में कक्षा तृतीय से दशम कक्षा तक के भैया बहनों भाग लिया। वही प्रधानाचार्य बिमलेश कुमार तिवारी ने कहा कि विश्व में प्रत्येक देश अपनी संस्कृति,परंपराओं,जीवन मूल्यों,ज्ञान विज्ञान एवम महापुरुषों के अनुभव को राष्ट्रीय धरोहर के रूप में भावी पीढ़ी को शिक्षा के माध्यम से सौंपने का प्रयास करता है। परीक्षा कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुदेश्वर साहू द्वारा भैया बहनों को प्रश्न पत्र वितरित कर किया गया। विद्या भारती की हर योजना भैया बहनों के सर्वांगीण विकास से संबंधित होता है। ऐसे परीक्षा से भारतीय संस्कृति की भाव जागृत होती है। आयोजित परीक्षा को सफल बनाने में परीक्षा प्रमुख डौली, कविता एवं विद्यालय के आचार्य आचायाओं का सराहनीय योगदान रहा।

### जिला निरिक्षण समिति ने बाल देखरेख संस्थाओ का निरीक्षण किया

**लोहरदगा।** जिला निरीक्षण समिति के पांच सदस्यीय टीम जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, डॉ बी के पांडेय, अनुरंजन कुमार संरक्षण पदाधिकारी संस्थानिक देखरेख, कुंती साहू अध्यक्ष सी डब्ल्यू सी और जय प्रकाश शर्मा ने किशोर न्याय (बालकों के देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के अंतर्गत जिले में संचालित बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया। 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए नदिया में विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण ग्रामीण समाज एवम कल्याण विकास मंच का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाल देखरेख संस्थान में बालकों को देखभाल करने की स्थिति, सफाई, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे के क्रियाशील होने एवं भोजन मेन्यु के अनुसार दिये जाने संबंधित चर्चा की गई और कुछ महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। समिति के सदस्य शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. बी. के. पांडेय के द्वारा आवासित बालकों का चिकित्सीय जांच की गई। जिला निरीक्षण समिति सदस्य जय प्रकाश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाले 6 वर्ष से छोटे बच्चों के लिए विशिष्ट दत्तक ग्रहण, 6 वर्ष से बड़े बालकों के लिए समर्पण और 6 वर्ष से बड़ी बालिकाओं के लिए होप संस्था है। जिले में कहीं भी किसी को यदि कोई अनाथ या गुमशुदा बच्चा मिले तो बाल कल्याण समिति या इन संस्थाओं से संपर्क किया जा सकता है या 1098 पर कॉल कर जानकारी दी जा सकती है। साथ ही जय प्रकाश शर्मा ने अपील की इन बेसहारा बच्चों के लिए कुछ सहयोग और सेवा हो सके तो करने का प्रयास करें।

### लोकसभा में हिंसक घटना लोकतंत्र की मयार्दाओं के खिलाफ : ओम सिंह

**लोहरदगा।** झारखंड भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह ने 19 दिसंबर 2024 को संसद परिसर में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना की कड़ी निंदा की है। जिसमें कांग्रेस नेता राहुल गांधी जी द्वारा भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी के साथ धक्का-मुक्की की गई, जिससे वे घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। ओम सिंह ने कहा, लोकसभा में इस प्रकार की हिंसक घटना लोकतंत्र की मयार्दाओं के खिलाफ है। वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी जी पर हुआ यह हमला निंदनीय है और इसकी जितनी भर्त्सना की जाए, कम है। उन्होंने आगे कहा कि संसद जैसे पवित्र स्थल पर इस प्रकार की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाती हैं और जनप्रतिनिधियों के बीच आपसी सम्मान और संयम की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। ओम सिंह ने संबंधित अधिकारियों से इस घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की है, ताकि दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जा सके और भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे संसद की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का सम्मान करें, जिससे देश की जनता का विश्वास लोकतांत्रिक संस्थाओं में बना रहे। ओम सिंह ने प्रताप चंद्र सारंगी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और उनके परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त किया।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया

**कुडू/लोहरदगा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। उपायुक्त डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने समारोह का शुभारंभ किया। स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चो के द्वारा नुक्कड़ नाटक,डांस सहित अन्य कार्यक्रम को डीसी सहित अन्य ने सराहा। समारोह में स्कूल में बेहतर प्रदर्शन करने वाली छात्राओं व शिक्षिकाओं को डीसी ने सम्मानित किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि निजी स्कूलों से बेहतर शिक्षा सरकारी स्कूलों में दी जा रही है। जिसका परिणाम है कस्तूरबा की छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर रिजल्ट दे रही है। मौके पर बीडीओ प्रवेश कु साव, सीओ मधुश्री मिश्रा,जिला शिक्षा नीलम टोप्पो ,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अरविंदा रौशन, चिकित्सा प्रभारी डॉ सुलामी होरो, वार्डन राखी कुमारी समेत अन्य मौजूद थे।

### योजनाएं बनाकर महिलाओं को संगठन से जोड़े : सुनीता उरांव

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी विद्यालय मैदान में महिला विकास मंडल सेन्हा का वार्षिक आम सभा 2023 - 24 का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला विकास मंडल के अध्यक्ष सुनीता उरांव, सचिव संगीता देवी, समन्वयक जयंत कुंडलना, आशा देवी, पूनम टोप्पो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रारम्भ किया। वही महिला विकास मंडल के अध्यक्ष सुनीता उरांव ने कहा कि योजना बना कर महिलाएं काम करें। आज दीदियों के प्रयास से प्रखंड क्षेत्र में काफी संख्या में महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका के क्षेत्र में कामयाब और सशक्त होकर आर्थिक स्थिति मजबूत कर रहीं हैं। महिला विकास मंडल का गठन 2008 में शुरू हुआ था। जो आज 53 गांव 863 महिला मंडल बना हुआ है।

# गुमला के भरनो में 22 जंगली हाथियों का आतंक, फसलें रौंदी, ग्रामीणों में दहशत

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

भरनो प्रखंड के सुपा महुवाटोली गांव में 22 जंगली हाथियों के झुंड ने दस्तक देकर आतंक मचा दिया है। लोहरदगा जिले के भंडरा क्षेत्र से आए इन हाथियों ने किसानों की फसलों को बर्बाद कर दिया और ग्रामीणों को दहशत में डाल दिया।



हाथियों ने बूढ़ीपाठ गांव के किसान बुधवा उरांव के खलिहान में मिसाई के लिए रखे 4 गट्ठर धान खा लिए। इसके अलावा रंथु उरांव के धान, शंकर उरांव के गेहूं और अजमद अंसारी के मटर समेत कई किसानों की फसलों को रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के झुंड ने खेतों और खलिहानों में तबाही मचाकर उनकी सालभर की मेहनत पर पानी फेर दिया। सुपा महुवाटोली स्थित आम के बगीचे में हाथियों के डेरा डालने से गांव के लोग भयभीत हैं। हाथियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण बगीचे में जुट रहे हैं। इस बीच भगदड़ में सुपा गांव के चंदर उरांव घायल हो गए। प्रशासन ने स्थिति को गंभीर मानते हुए ग्रामीणों से हाथियों से दूर रहने की अपील की है।

सूचना मिलते ही भरनो थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और वन विभाग के प्रभारी वनपाल राकेश कुमार मिश्रा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को हाथियों से छेड़छाड़ न करने और सावधान रहने की सलाह दी। फिलहाल, वन विभाग की हाथी भगाओ टीम झुंड को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर भगाने में जुटी है।

**ग्रामीणों की मुआवजे की मांग**

फसल नुकसान से पीड़ित किसानों ने वन विभाग से तत्काल उचित मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि बार-बार होने वाले हाथी हमलों से उनकी आजीविका खतरे में पड़ रही है।

ई-जनशिकायत कार्यक्रम में उपायुक्त ने बसिया और कामडारा प्रखंड की समस्याओं का लिया जायजा

# समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को दिया ऑन द स्पॉट निर्देश

**बसिया(गुमला)।** आज उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बसिया और कामडारा प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु उपायुक्त के समक्ष गुहार लगाई। मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम के माध्यम से बसिया प्रखंड के बारह और कामडारा प्रखंड से छब्बीस आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण उपायुक्त के समक्ष रखने का काम किया। इन आवेदनों में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। इसी तरह विद्यालय भवनों की जर्जर स्थिति, सिंचाई के लिए सुविधाओं का अभाव, डीप बोरिंग की आवश्यकता, सड़क निर्माण, पेंशन योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की



मरम्मती, आम बागवानी योजना और आधार कार्ड जैसे मुद्दे भी दर्ज किए गए। आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को इनके त्वरित व प्रभावी निष्पादन का ऑन द स्पॉट निर्देश दिया। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि ई-जनशिकायत कार्यक्रम दूरस्थ क्षेत्र के नागरिकों के लिए राहत प्रदान करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। ऐसे में ई-जनशिकायत की उपयोगिता को प्रभावी बताते हुए उन्होंने बताया कि यह उन नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी है जो किन्हीं कारणों से जिला मुख्यालय तक आने में असमर्थ हैं।

# रक्तदान शिविर के चौथे दिन कामडारा प्रखंड में 33 यूनिट रक्त का संग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** गुमला जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित रक्तदान अभियान के चौथे दिन आज कामडारा प्रखंड में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित इस शिविर में प्रखंड के तमाम प्रशासनिक अधिकारियों के साथ आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मिली जानकारी के अनुसार इस शिविर के माध्यम से कुल 33 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। ज्ञातव्य है कि गुमला जिला प्रशासन के तत्वावधान में जिले के सभी प्रखंडों में रक्तदान शिविर आयोजित करने का अभियान चलाया



जा रहा है। इस कड़ी में सोमवार को बिशुनपुर प्रखंड में रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। जिला प्रशासन ने तमाम लोगों के नाम यह अपील जारी की है कि अधिकाधिक संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें क्योंकि रक्तदान न केवल एक महादान है बल्कि दान के पुण्य के साथ साथ यह जरूरतमंदों की जान बचाने काम भी करता है।

### जंगली हाथियों के झुंड ने एक व्यक्ति की जान ली

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड के सुपा महुवाटोली गांव के पास 22 जंगली हाथियों के झुंड ने एक अधेड़ व्यक्ति को लात मारकर घायल कर दिया, और देर शाम उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सुपा मासूटोली निवासी चंदर उरांव (40) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हाथियों को देखने और उनसे बचकर भागने के प्रयास में चंदर उरांव घायल हो गए। वह हाथी के हमले के बाद खुद उठकर घर पहुंचे थे और शुरूआत में ठीक लग रहे थे, लेकिन बाद में उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो पहुंचाया, जहां डॉक्टर जाहिद अख्तर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि मृतक को गंभीर अंदरूनी चोटें आई थीं और इलाज में देर होने के कारण उनकी जान चली गई। सूचना मिलने पर भरनो पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा।

# एसडीपीओ ने अरमई स्कूल पहुंचकर छात्रों को पढ़ाया

## परीक्षा को लेकर दिए कई महत्वपूर्ण टिप्स

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव शनिवार को दिन के 11 बजे अरमई स्कूल पहुंचकर बच्चों की कक्षा ली। इस दौरान एसडीपीओ ने बच्चों को ब्रह्म मुहर्त में उठकर अध्ययन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बच्चे विषयवार घर पर अध्ययन करें ताकि उनका परीक्षाफल बेहतर आ सके। उन्होंने व्याकरण, गणित, रसायन व भौतिक शास्त्र की पढ़ाई में अधिक ध्यान देने की बात कही। एसडीपीओ ने बच्चों को सोशल पुलिसिंग के तहत कई कानूनों की भी जानकारी दी। जिसमें डायन-बिसाही जैसे अंधविश्वास को लेकर बच्चों को जागरूक करते हुए कहा कि डायन-बिसाही कुछ नहीं होता है। लोग बीमार पड़े तो चिकित्सक के पास जाकर इलाज करायें। उन्होंने बच्चों को इन



अंधविश्वासी व सामाजिक कुरीतियों से अपने घर व आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। एसडीपीओ ने बच्चों को साइबर अपराध की भी जानकारी दी। साथ ही बच्चों को नशापान से दूर रहने व उनके अभिभावकों को नशापान करने से रोकने का बच्चों से अपील की। मैट्रिक व इंटर की परीक्षा को देखते हुए लगातार एसडीपीओ विभिन्न स्कूलों में जाकर बच्चों को शिक्षित

### महिला बाल विकास निदेशक ने आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**गुमला।** गुमला जिले के भरनो प्रखंड के पांडा मसिया गांव में शनिवार को झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की राज्य निदेशक किरण पाशी ने आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र में दी जा रही सभी सरकारी सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया और बच्चों की पढ़ाई, पोषण, तथा साफ-सफाई की स्थिति की जांच की। निरीक्षण के दौरान बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार और चावल की गुणवत्ता परखी गई। बच्चों की उपस्थिति पंजी, वजन, लंबाई और पेयजल व्यवस्था की समीक्षा की गई।

### भरनो प्रखंड में पशु टीकाकरण शिविर का हुआ आयोजन

**गुमला।** भरनो प्रखंड के जामटोली और करंजटोली गांव में शनिवार को प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी अमरेश नारायण सिन्हा की पहल पर पशुओं को बीमारी से बचाने के लिए टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान 30 बकरियों को पीपीआर और 2 भैंसों को एफएनडी का टीका लगाया गया। इसके साथ ही पशुपालकों को मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय और उनके उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में पशुपालकों के बीच निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया गया।

कार्यालय, नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)।

शुद्धि पत्र

कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर द्वारा प्रकाशित PR341964 District(24-25).D में आमंत्रण सूचना संख्या :– 27/2024–25 में बंदोबस्ती खुली डाक को इस हद तक संशोधित पढ़ा जाय।

1. दिनांक 22.12.2024 के स्थान पर दिनांक 26.12.2024 को पूर्वा0 11.00 बजे से थाना बिश्रामपुर के प्रागंण पढा जाय।
2. आवेदन प्राप्ति की तिथि – दिनांक 23.12.2024 तक बढायी जाती है।
3. आवेदन जमा करने की तिथि – दिनांक 24.12.2024 तक बढायी जाती है।

उक्त संशोधन के अतिरिक्त शेष कंडिकाएँ यथावत रहेंगी।

प्रशासक,
नगर परिषद्, बिश्रामपुर

PR 342573 (District) 24-25 (D)

कार्यालय नगर पंचायत,हुसैनाबाद(पलामू)
Email: - nphussainabad@gmail.com

पत्रांक................/दिनांक....................

Very Short Tender Notice for E-Procurement
IMPORTANT INFORMATION
NIT No: NPH/10/SBD/2022-23 (5th Call)

| Sr. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | Construction & Commissioning of Fecal Sludge Treatment Plant of Capacity 10 KLD at Hussainabad town (Jharkhand) followed by Operation and Maintenance including desludging operations for 5 years |
| 2 | Estimated Cost (INR) | Construction Cost: 2,19,36,142.00 Operation & Maintenance Cost: 1,21,77,720.00 Total: 3,41,13,862.00 |
| 3 | Bid Security (INR) | 3,41,140.00/- (Rupees Three Lakhs Forty One thousand one hundred forty.) |
| 4 | Cost of Bid Document (INR) | 10,000.00/- (Rupees Ten Thousand Only); non- refundable |
| 5 | Time of Completion | 1 year of construction which comprises 9 months of construction and 3 months of defect liability period including one month of trial run and 5 years of O&M post DLP |
| 6 | Date of e-publication of tender | 21.12.2024 at 10:00 AM |
| 7 | Document downloading start Date | 21.12.2024 at 5:00 PM |
| 8 | Start date for seeking clarification | 21.12.2024 |
| 9 | End date for seeking clarification | 23.12.2024 |
| 10 | Pre bid meeting date, Time & Venue | 23.12.2024 at 03:00 PM, e-Procurement Cell, Nagar PANCHAYAT HU SSAINABAD. |
| 11 | Bid submission Start date | 21.12.2024 at 10:00 AM |
| 12 | Bid submission end date | 28.12..2024 at 05:00 PM |
| 13 | Bid opening date (online) | 30.12.2024 at 4.00 PM |
| 14 | Mode of Submission of Bids | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) |
| 15 | Name & Address of office Inviting Tender | Administrator, Nagar PANCHAYAT HUSSAINABAD |
| 16 | Helpline Number | e-tendering (https://Jharkhandtenders.gov.in) Mobile No-9835206770 |

I. Complete bid document is available on website http://Jharkhandtenders .gov.in
ii. Other details can be seen in the bidding SBD document
iii. For clarification regarding e tender and document you may contact to nodal officer Mobile no- 9835206770
iv. Only e tender will be accepted

Administrator
Hussainabad Nagar Panchyat

PR 342609 District(24-25).D

# विशाल महेन्दु के बॉक्साइट खनन पट्टे को समाप्त करने की अनुशंसा

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विशुनपुर अंचल में बॉक्साइट खनन पट्टा धारक विशाल महेन्दु के खनन पट्टे को शेष अवधि के लिए समाप्त करने की अनुशंसा निदेशक, खान विभाग, झारखंड, रांची को भेजी है। यह कार्रवाई अवैध खनन के गंभीर मामले में की गई है।

26 नवंबर 2024 को उपायुक्त द्वारा त्रिस्तरीय समिति का गठन कर बॉक्साइट खनन क्षेत्रों की जाँच कराई गई। 27 नवंबर 2024 को वन प्रमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में की गई इस जाँच में अनुमंडल पदाधिकारी (गुमला और चैनपुर), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी, और अंचलाधिकारी, घाघरा शामिल हुए।

जांच में पाया गया कि विशाल महेन्दु ने अमतीपानी मौजा के 64.99 एकड़ क्षेत्र के स्वीकृत खनन पट्टे के बाहर अवैध खनन किया।



फाइल फोटो

इस संबंध में गुरदारी थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई। उपायुक्त ने 6 दिसंबर 2024 को कारण पृच्छा नोटिस जारी किया, लेकिन संतोषजनक उत्तर न मिलने पर 18 दिसंबर 2024 को पत्रांक 1025/एम० के माध्यम से खनन पट्टे को समाप्त करने की अनुशंसा की। जांच में मेसर्स हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, लोहरदगा के खनन पट्टों में भी अनियमितताएँ पाई गईं। उन्हें भी कारण पृच्छा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

उपायुक्त ने कहा कि खनन नियमों के उल्लंघन के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अवैध खनन और नियमों का पालन न करने वालों पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

# गुमला के 40 खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता की हॉकी स्टिक वितरित, खेल विकास की नई पहल

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** हॉकी इंडिया के तत्वावधान में गुमला जिले के 40 होनहार खिलाड़ियों (20 बालक और 20 बालिका) को उच्च मानक की हॉकी स्टिक प्रदान की गई। यह वितरण कार्यक्रम जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जहां उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए ये स्टिक वितरित कीं। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि बेहतर खेल उपकरण खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निखार लाने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गुमला का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला खेल पदाधिकारी मनोज कुमार, अजय कुमार सिंह, कप्तान लोहारा, कुश्ती संघ के सचिव और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस पहल को गुमला जिले में खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने और खिलाड़ियों के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रशासन



का उद्देश्य है कि गुमला जिले को हॉकी के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाए। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि खेल और खिलाड़ियों के विकास के लिए इस प्रकार की पहल लगातार जारी रहेगी। यह कार्यक्रम गुमला जिले में खेल जगत को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है।

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची का कार्यालय

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या–02/परि0प्र0/2024–25

अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची में 68वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2024–25 हेतु आवासन हेतु टेन्ट से संबंधित सामग्रियों की आपूर्ति हेतु निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। वैसे उत्पादनकर्ता/विक्रेता/अधिकृत एजेंट निविदा दस्तावेज प्राप्त कर सकते हैं जिनका जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन निविदा आमंत्रण के तिथि के पूर्व प्राप्त हो। निविदा दस्तावेज 500/– का बैंक ड्राफ्ट भुगतान कर अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड राँची 834002 के परिचारी प्रवर कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

बैंक ड्राफ्ट पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची के नाम से होना चाहिए।
निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक– 24/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक–26/12/2024 समय 11:00 AM
निविदा खोलने की तिथि दिनांक– 31/12/2024 समय 11:30 AM

पुलिस महानिरीक्षक (प्रोविजन), झारखण्ड, राँची सह क्रय उप–समिति के अध्यक्ष के समक्ष निविदा खोली जाएगी।

अपर पुलिस अधीक्षक, अपराध अनुसंधान विभाग, झारखण्ड, राँची को यह अधिकार सुरक्षित है कि बिना कारण बताये निविदा को अस्वीकृत कर दें या निर्धारित मद में आवश्यकतानुसार संख्या को घटा या बढा दें।

अपर पुलिस अधीक्षक,
अपराध अनुसंधान विभाग,
झारखण्ड, राँची

PR 342564 (Police)24-25*D

## सांता क्लॉज

पूरा घर सजा हुआ और जगमग कर रहा था। कमरे के बीचो-बीच एक बड़ा खूबसूरत क्रिसमस ट्री और उसके बगल में ढ़ेरों चमचम करते क्रिसमस गिफ्ट पड़े हुए थे। टॉम के हाथों में अजनबी का पत्र था।वह अजनबी जिसे वह कुछ दिन पहले रात में काम से लौटते वक्त सड़क के किनारे बेसुध पड़ा देख कर अपने घर ले आया था।



रंजना वर्मा उन्मुक्त

उसकी सेवा से अजनबी की हालत में काफी सुधार होने लगा था। उसकी पत्नी उस पर गुस्सा होती थी। क्योंकि वह बेरोजगार था। किसी तरह मेहनत मजदूरी कर वह अपना घर चला रहा था। उस पर इस अजनबी व्यक्ति पर नाहक ही पैसे खर्च हो रहे थे। लेकिन वह पत्नी की बातों को नजरअंदाज कर, अपनी रजाई अजनबी को ओढ़ा कर खुद बच्चों के साथ उनकी रजाई घुसकर में सो जाता था ।मन ही मन वह भी चिंतित था कि इस बार उनका क्रिसमस फीका रहेगा। उसकी सेवा से निरंतर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहे उस अजनबी ने शायद उसकी पत्नी की सारी बातों को तथा उसकी गरीबी को भी महसूस कर लिया था। वह एक पत्र छोड़कर अपने घर वापस चला गया। वास्तव में वह एक धनिक व्यापारी था। अपनी पत्नी की मृत्यु का सदमा सहन न कर सका था और विरक्त भाव से घर से निकल गया था। उसके बच्चे दिन- रात उसकी तलाश कर रहे थे। जब उसे होश आया तो खुद को टॉम के घर में पाया। वह उसकी निःस्वार्थ सेवा से बेहद प्रभावित हुआ। उसने घर वापस जाकर उसके लिए कुछ पैसे और क्रिसमस गिफ्ट की व्यवस्था की। साथ ही पत्र लिखकर उससे उसे स्वीकार करने के लिए अनुरोध किया। बच्चे घर की सजावट, क्रिसमस ट्री और गिफ्ट पाकर कर खुशी से उछल रहे थे। पापा! क्या सांता क्लॉस आए थे?... वे बार-बार पूछ रहे थे। हां! बेटा सांता क्लॉज आए थे।... टॉम की आंखें नम थी।



# यात्रा वृत्त : काशी की गलियाँ, नौकायन और शहनाई

**2020** में कोरोना महामारी की विभीषिका से बचने के लिए लगाए गए लॉकडाउन में हमने एक दिन भी बाहर कदम नहीं रखा। लेकिन लॉकडाउन खत्म होने के कुछ महीनों बाद बेहद जरूरी कार्य से मध्म प्रदेश की रीवां के लिए हम चार लोग हजारीबाग से निकले। मैं, पतिदेव ओम प्रकाश जी, बेटी अनुभा और श्याम। पास ही में स्थित वाराणसी, जहाँ लौटते वक्त मात्र एक दिन रुकने का प्लान था। तय हुआ, शिव की नगरी में गाड़ी बनवाकर दो-एक दिन में रीवां जाएँगे। आए थे हरि भजन को, ओटन लगे कपासवाली स्थिति।



अनिता रश्मि

काशी पहुँचने पर विशाल गंगा पर बने पुल से पार होते समय आगवानी को तैयार गंगा ने हमारा ध्यान बँटा लिया। ओम जी के चतरा के व्यवसायी मित्र आजकल वाराणसी में थे। उन्होंने वाराणसी आकर गाड़ी ठीक कराने की सलाह दी थी। मित्र के होटल में ही ठहर गए हम। गाड़ी गई अपने डॉक्टर के पास।

अब कल कोई संभावना नहीं। आंशिक लॉकडाउन का असर है। बाहर से मँगाकर क्षतिग्रस्त सामान बदलेगा। - मित्र ने कहा।

मतलब चार-पाँच दिन इंतजार करना होगा?

हाँ! ईश्वर को धन्यवाद देने हम दूसरे दिन सुबह-सुबह ही काशी विश्वनाथ जा पहुँचे।

एक बार पहले भी काशी आना हुआ था। मात्र एक दिन के लिए...परिजन ने घुमाया था विश्वनाथ देवालय, हनुमान मंदिर, मदन मोहन मालवीय विश्वविद्यालय। तब हम बेहद पतली गलियों की भूल-भुलैया से विश्वनाथ मंदिर तक पहुँचे थे। अब गलियों से नहीं, चौड़े रास्ते से मंदिर तक जाया जा सकता है। परिसर के अंदर से सीधे गंगा का दर्शन। तीन-तीन स्वर्ण गुंबदोंवाले काशी विश्वनाथ के दर्शन के साथ वहाँ की बेहतरीन व्यवस्था ने भी ध्यान खींचा। आदतन आवश्यक जानकारी जुटाती रही। लौटते हुए विश्वनाथ मंदिर के पास के मस्जिद को भी बाहर से देखा।

मंदिर में पद्मश्री खाँ साहब भक्ति भाव में डूब शहनाईवादन किया करते थे। शहनाईवादक बिस्मिला खाँ और काल्पनिक शहनाईवादक नायक निशांत के सहारे मैंने एक कहानी बुनी थी...'शहनाई'। यहाँ उसकी याद जवाँ हुई।



### गलियों, घाटों का शहर

अगले दिन सूर्य रश्मियों संग जगते ही मैं और श्याम सुबह की सैर के लिए निकल पड़े। वाराणसी पूरा जग चुका था। बनारस की गलियों पर लिखा बहुचर्चित उपन्यास 'गली आगे मुड़ती है' की याद आनी ही थी। मैंने जिद की,

गलियों को देखना है श्याम।

बारिश की बूँदें मन को भिगोती हुईं। हम एक गली में घुसे, एक में अनेक पतली गलियाँ। यह खासियत है बनारस की। गलियों का शहर। इन्हीं गलियों में कभी बिस्मिल्ला खाँ उन दो संगीतज्ञ बहनों से मिलते थे, उन्हें सुनते थे।

एकाएक पुलिसवाले दौड़ते हुए आ पहुँचे।

इधर कहाँ चले। इधर से नहीं जा सकते।

इन गलियों के पास से भी मंदिर जाया जा सकता था। इसीलिए रोका उन्होंने।

हम थोड़ी दूर ही जाएँगे। केवल तस्वीर लेंगे बस।

नहीं! उधर जाना मना है।

बैरंग वापस। दूसरी गली में घुस तस्वीर ली। एक रिक्शा भी अंदर नहीं जा सके, इतनी सँकरी गलियाँ। कैसे रहते हैं लोग? लेकिन इनमें तो पूरा संसार सजा है, बनारस के प्रसिद्ध पकवान, रबड़ी, लस्सी, जलेबी, कचौड़ी, सोने-चाँदी की दुकानों के साथ अनेक व्यापारिक प्रतिष्ठान। छतोंवाले घर, छोटे-बड़े दरवाजों के अंदर से दुल्हन की तरह झाँकते पुराने दिनों की याद दिलाते दालान-कमरे।

पनवाड़ी की दुकान देखते ही हम जा पहुँचे। एक ग्राहक ने गिलौरियाँ गालों के बीच दबाईं। वहीं खड़े साथी से पूछा, खाएँगे? यहाँ आएँ और बनारसी पान का आन्नद न लें। नहीं। यहाँ के पान की क्या खासियत है?

मुँह में डालते ही मक्खन की तरह घुल जाता है। और स्वाद की पूछा मत। तुम भी लो न।

फिर न कहते ही, बंदर क्या जाने आदी (अदरक) के स्वादी! देश-विदेश में बनारसी पान का डंका बजता है। ओम जी कभी-कभार खाते थे। हमने दो बंडल बँधवा लिये।

### दशाश्वमेध घाट की सैर

उसी शाम को दशाश्वमेध घाट की सैर। अद्भुत नजारा। पहले से काफी सिमटी हुई सुरसरि। फिर भी विशाल। नौकाओं का संसार अलग रोमांच पैदा कर रहा था। गंगा की लहरों पर मचल रही थीं नौकाएँ पर बहुत कम। अधिकांश घाट के पास बँधी कोरोना को कोस रही थीं। मल्लाहों की आजाविका भी प्रभावित। पर्यटकों की भीड़ और नौका के द्वारा सामने से सारे घाटों का दर्शन, गंगा आरती के मनभावन दृश्य...मल्लाहों की आजीविका का बड़ा माध्यम। अभी न भीड़ थी, न नौकाओं का गंगा की छाती पर छितरा जाने का हुनर। ऊपर से छः बजे शाम तक की ही छूट थी। गंगा आरती देखने की इजाजत नहीं थी। पर्यटक और मल्लाह घाट छोड़ दें। - हिदायतें गूँजने लगीं बारंबार।

हम ऊपर की सीढ़ियों के पास बैठ गए। मंदिर में घंटा, शंख ध्वनि के संग आरती में एक विदेशी अमेरिकी साधु को देख दंग रह गई। शिव की तरह जटाजूट, आपादमस्तक भभूत और निरंतर डमरू वादन के साथ भजन की बहती सरिता। वे कई दशकों से भारतीय नाम धारण कर काशी के होकर रह गए थे...भारतीय आध्यात्मिक शक्ति के वशीभूत अनेक विदेशियों की तरह। भभूतधारी विदेशी पूरी भक्ति में डूब निरंतर डमरू बजाते रहे और भजन गाते रहे।

यह देखना एक सुखद अहसास को जीना था। जल्द ही हम वापस। रास्ते में मिली वही पुरानी गली, जिससे पहली बार काशी विश्वनाथ के दर्शन करने गई थी। तीसरे दिवस अस्सी घाट। सीढ़ियों पर जमी मोटी-मोटी माटी, अब हटाई जा रही। वहाँ माटी के नीचे दबी सीढ़ियाँ दिखलाई पड़ने लगी हैं। हर तरफ बदलाव का आलम। यहाँ भी साधु-सन्यासियों से भेंट। कोई अपने कमंडल में उलझा, कोई ध्यान में। यहाँ से नौका विहार करते हुए लगभग आधी गंगा की सैर की। उत्साह की चिड़िया उड़ी जा रही थी। पूरे इलाके में राजमहल की ऊँची इमारत के अस्सीम विस्तार को देखते हुए हम हर घाट से मिल रहे थे...हरिश्चंद्र घाट से भी...अनायास सत्यवादी हरिश्चंद्र, रोहिताश्व और शैव्या मन में करवटें लेने लगे।

मणिकर्णिका घाट का नौका पर से ही दर्शन किया। यहाँ आप अपनेआप से मिल सकते हैं। यहाँ हर वक्त कोई ना कोई चिता जलती ही रहती है। पूरे देश से लोग मणिकर्णिका घाट पर अस्थि विसर्जन के लिए आते हैं। दिवंगत व्यक्ति की मोक्ष की कामना में परिजन हर हाल में यहाँ पहुँचना चाहते हैं। काली पड़ गई सीढ़ियाँ और लकड़ियों के बीच से धधकती पीली-लाल अग्नि...चिताओं की चट!...चट!!... बताती हुईं जीवन का सत्य यही...बस! यही।

## अत्यधिक आबादी के दुष्परिणाम

बोझ धरा पर जनसंख्या का,
बढ़ता ही बढ़ता जाए।
घट रही हैं सुविधाएँ फिर भी,
आबादी बढ़ती जाए।
खूब बढ़ी आबादी ही तो,
संसाधन की कमी हुई।
छोटा परिवार सुखी परिवार,
सुविधाएँ भी मिल जाएँ।
परिवार जो सीमित होगा,
पोषण भी बढ़िया होगा।
परिवार नियोजन अपना लो बस,
जनसंख्या भी सीमित रहे।
जन जन को शिक्षित करना है ,
आबादी बढ़ने से रोको।
जनसंख्या के रूकने से,
सुविधाओं की कमी न हो।
बोझ जनसंख्या का अब,
बढ़ने से बचाना होगा।
देश तभी खुशहाल होगा,
जनता भी खुशहाल सभी।
बढ़ती आबादी बनी चुनौती,
बेरोजगारी पड़ा भारी है।
शिक्षा और कौशल का ,
घटने लगा सम्मान है।
स्वास्थ्य शिक्षा पर्यावरण
बेरोजगारी और गरीबी से,
बचना है देशवासियों को तो
बढ़ती जनसंख्या रोकना होगा।



पद्मा प्रसाद 'विन्देश्वरी'

## माँ की चतुराई

स्नेहा अपने पाँच साल के बेटे कुणाल को खुद ही पढ़ाया करती थी। बेटी के लिए एक ट्यूशन टीचर रख दिया था जो स्कूल का होमवर्क वगैरह करा देती थी। वैसे टीचर के जाने के बाद भी वह दोनो बच्चों को साथ ही पढ़ाती। इधर उसने नोटिस किया था जब तक वह बेटे के पास बैठी रहती वह बहुत मन लगाकर पढ़ता और फटाफट सबकुछ सुना भी देता पर स्नेहा के हटते ही वह पढ़ाई में ढिलाई कर देता और खेलने में लग जाता।



मीरा सिंह

बहन भी भाई को समझाती पर कुणाल का जबाब मानो पहले से ही तैयार रहता :

क्या करूँ दी, जब तक मेरे पास कोई नहीं बैठता मुझे कुछ भी याद नहीं हो पाता है। मम्मी जब तक रहती है सब याद कर लेता हूँ पर उनके हटते ही, मैं कुछ भी याद नहीं कर पाता हूँ।

स्नेहा के पति प्रायः ऑफिस के कामों से शहर के बाहर रहते। तो उनसे मदद की आशा बेकार थी। टीचर भी एक घंटे से ज्यादा समय नहीं दे सकती थी। इन्हीं सब उधेड़बुन में बैठी थी, तभी उसके दिमाग में एक युक्ति आई और वह दौड़कर बच्चों के पास गई। उसने बेटे को गोद में बिठाया और कहा कि, बेटे आपके पास कोई बैठेगा तभी पाठ याद कर पाओगे न। तो मैने गणेश जी से बात कर ली है। मैं जब नहीं रहूँगी तब वे तुम्हारा पाठ सुना करेंगे। गणेश जी उत्तर दिशा में रहते हैं तो तुम उधर ही मुँह करके याद करना फिर देखना तुम कभी भी उस पाठ को भुला नहीं पाओगे। उस समय टी.वी. पर बाल गणेशा आता था और मेरा बेटा उनका फैन था। मेरी बातो को सच मानकर उसने अपनी पढ़ाईं शुरू की। उसे अब सारे पाठ याद रहने लगे तो उसे पक्का विश्वास हो गया कि गणेश जी दीवार में ही रहते हैं। मेरी बेटी जो चौथी क्लास में पढ़ रही थी उसे मेरी चतुराई खूब समझ में आ रही थी।

## संघर्ष

एक दिन एक छोटा बच्चा गुड्डू,अपने पिता को सर पर लाइट की लड़ी लिए आगे बढ़ते देख रहा था। बारात के साथ सर पर लाइट का भार उठाये रामू काका शनैः-शनैः बारातियों के साथ चल रहे थे। छोटा गुड्डू सोच रहा था,क्या पिता जी भी सर पर भार उठाए उतने खुश हैं ,जितना और लोग। नहीं पिता जी तो पैसे के लिए सर पर भार उठाए हैं। गुड्डू की पढ़ाई, गुड्डी की शादी। पैसे नहीं हो तो कहाँ से घर का गुजारा चलेगा। यही सोचते बारातियों के संग,छोटा गुड्डू बढ़ता जा रहा था। पिता की मेहनत देख ,गुड्डू सोचता रहा। क्या कोई काम छोटा होता? नहीं मेहनत से की हर काम छोटा नहीं होता, हर काम सार्थक है।



विभा वर्मा वाची

कल बहन की पढ़ाई शादी के लिए पैसे कहाँ से आएँगे। आज पिता जी, अपनी मेहनत की कमाई से,पढ़ाई पूरी करा देंगे,कल मैं पिता जी का सहारा बनूँगा और बहन की शादी उसी धूम धाम से करूँगा,जैसा सभी करते है। गुड्डू अपनी पढ़ाई पूरी निष्ठा और लगन से पूरी की। सरकारी नौकरी की ख्वाहिश लिए आगे की पढ़ाई पूरी की।सरकारी नौकरी के लिए आवेदन किया। भगवान की कृपा से आवेदन स्वीकृत हो गई। पिता और भगवान की कृपा से गुड्डू सरकारी नौकरी के लिए चयनित हो गया। अब घर की हालत बदल गई। गुड्डू ने बहन की शादी बड़े धूम धाम से की। लेकिन पिता सर पर लाइट ले कर,बेटी की बारात उतने ही धूम धाम से लगाने आए जैसे औरों की बारात लगाते थे। गुड्डू पिता की समर्पित भावना को, दूर से खड़ा,निहारता रहा।

## खूँटा

**बाबा!** झुमकू को बाराती वाले खाने आए थे! उसे किसी ने नहीं बचाया। जानकी काकी कह रही थी। बाबा! बाराती वाले शेर कैसे बन गए? शेर सब को खा जाता है, बाराती वाले तो आदमी जैसे थे? बोलो ना बाबा! झुमकू का खूँटा तो यहीं है! छः साल की मिन्नी चार दिन से बुखार में तप रही थी। बार-बार अपने पिता से सवाल कर रही थी। 'झुमकू' सिर्फ एक बकरा नहीं, मिन्नी का दोस्त और भाई था। उसे अपने हाथों से खिलाती थी। नानी के घर से गोद में लेकर आई थी। उस दिन अचानक स्कूल के हेड़ मास्टर सा0 गोपाल का हाल-चाल लेने आए थे, कि लू लग जाने के बाद अब वो ठीक हुआ हो, तो उसे घर के काम के लिए आना चाहिए। अचानक बाहर बंधे बकरे पर नजर पड़ते ही हेड़ मास्टर सा0 के मन की मुराद जैसे पूरी हो गयी! बारातियों की आवभगत के लिए बकरे की जरूरत तो गोपाल के ही घर से पूरी हो गई! मन में सोचते हुए आदेश दे दिया -ये बकरा शाम तक मेरे घर हाजिर कर दो! गोपाल ने कहा - सर इसे तो बेचना नहीं है। मेरी बेटी की जान बसती है इस में! हेड़ मास्टर सा0 ने कहा- मेरी बेटी की शादी में तुम्हारी तरफ से सौगात! शाम से सुबह नहीं होनी चाहिए। गोपाल को अपना खूँटा गिरता हुआ नजर आने लगा। उसे अपना खूँटा सुरक्षित रखना था, क्योंकि उसी खूँटे से परिवार चलता था, गोपाल की चपरासी की नौकरी हेड़ मास्टर सा0 के रहम-ओ-करम पर टिकी थी। शादी का भोज हो गया था, चार दिन से रो-रो कर मिन्नी बुखार में तप रही थी और उसके ताप में गोपाल के आँसू भाप बने जा रहे थे!!



मंजुला शरण 'मनु'

## काव्य कोना

### चल ले चल

वो दूर क्षितिज पर
मिलन हो रहा धरती-व्योम का
है पक्षी का कलरव
युद्ध का हाहाकार जहाँ
चल ले चल मुझे उस शान्त
जगह पर।
चल ले चल मुझे उस पवित्र जगह
कृष्ण जहाँ सारथी बन
संचालन कर रहा
दो भाईयों की लड़ाई का
धर्म-अधर्म कूटनीति की परिणति
नीरवता की पुकार में आकंठ
अशान्ति में शान्तचित्त
ध्यानमग्न केशव शान्ति का
रहस्य छुपाये विचरण कर रहे
ले चल, चल ले चल
ले चल रे मन चल ले चल।

नाग मणि

# वसंतानुभूति

**ओ**हो, क्या बात है, अक्षरा! आज तो तुम्हारी फुलवारी चहक रही है। विवेक ने अक्षरा को छेड़ते हुए कहा, जो खुरपी से फुलवारी की निकाई और कोड़ाई कर रही थी।



मनोज कुमार झा 'मनु'

अक्षरा को बागवानी का बड़ा शौक था। साप्ताहिक छुट्टी की वजह से रविवार को नौकरी और बच्चों की जिम्मेदारी से थोड़ी फुर्सत मिल जाती थी। विवेक! तुम्हें तो बागवानी से कोई खास लगाव है नहीं; तो तुम क्या समझोगे? देखो, वसंतागमन हो चुका है। सारे फूल खिलखिला रहे हैं। यह वसंत के साथ-साथ मेरी देख-रेख का सुखद परिणाम है, अक्षरा ने प्रत्युत्तर दिया।

हाँ जी, मेरी प्राणेश्वरी! मै तुमसे सहमत हूँ। किन्तु, मै भी तो नौकरी के साथ-साथ तुम्हारे एवं बच्चों का ख़्याल रखता हूँ। बाहर की जिम्मेदारियाँ खुशी-खुशी निभाता हूँ और घर आने पर तुम्हारी खूबसूरती को निहारता रहता हूँ। भला, इसके अलावा मुझे फुर्सत कहाँ जो बागवानी करूँ! हाँ, बस एक काम नहीं कर पाता हूँ, जिसके लिए मुझे अपराध बोध है।

क्या?, अक्षरा ने प्रतिप्रश्न किया।

माँ-पिता की सेवा..., मुँह से अनायास ही शब्द निकल पड़े थे। लेकिन, विवेक इसके फलित आसन्न कलह के प्रति आशंकित हो उठा था।



किन्तु, यह क्या? अक्षरा ने अन्य दिनो की भाँति कोई कटूक्ति नहीं की। वह शांत मगर असहज अवश्य दिख रही थी। बच्चे सो चुके थे। वह अपने शयनकक्ष मे औंधे मुँह लेटी थी।

अरे, यह क्या? अक्षरा! तुम्हारी आँखों मे आँसू क्यों हैं? तुमने खाना भी नहीं खाया। कोई शारीरिक तकलीफ...?

नहीं, विवेक! कोई परेशानी नहीं है। लेकिन, सब सही रहने के बावजूद आज लगा, मानो तुम्हारे साथ ही पूरी कायनात मेरे ऊपर हँस रही हो।

अरी, बावरी! ऐसा कुछ भी नहीं है। चलो, आँसू पोंछो और खाना खाओ।

विवेक! आखिर आदमी इतना स्वार्थी क्यों हो जाता है कि उसे अपना अधिकार तो याद रहता है; किन्तु, वह कर्त्तव्य की उपेक्षा कर डालता है। मै भी तो अपनी जेठानी वा देवरानी की तरह ही खुदगर्ज.निकली न! मैने भी तो माँ-पिताजी को किराये के मकान मे रहने को मजबूर कर दिया न! भले, मैने मुँह से कुछ न कहा हो, पर अपकर्म तो मौन रहकर भी किया जा सकता है न!

अक्षरा! मै तो तुम्हें यही समझाता रहा कि उन्होंने हमें ज़िन्दगी ही नहीं दी बल्कि हमें अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए अगणित दुःख सहे हैं। बेशक, उनकी और भी संतानें हैं जिन्हें जिम्मेदारी का एहसास होना चाहिए था; परन्तु, मेरे माता-पिता तो मात्र वही हैं न! अक्षरा! तुम भी माँ हो, पढ़ी-लिखी और समझदार हो। जब तुम ही नहीं समझ सकी तो मै औरों को भला क्या दोष दूँ? अब अक्षरा और विवेक दोनो परस्पर आलिंगनबद्ध फूट-फूटकर रो रहे थे। सहसा, अक्षरा ने अपने आँसू पोंछे और बिस्तर से उठ खड़ी हुई। विवेक! चलो, कार निकालो। अभी चलते हैं। माँ-पिताजी को वापस लाना है, उनसे क्षमा माँगकर।

पिताजी वापस नहीं आएँगे, अक्षरा!

कैसे नहीं आएँगे; वे जानते हैं कि उनकी बहू जिद्दी व सनकी है, अक्षरा ने कहा और अपनी बात पर खुद ही हँस पड़ी। विवेक भी मुस्कराए-बिना नहीं रह सका। दोनो ने एक-दूसरे के आँसू पोंछे। और, अंधेरे को चीरती हुई कार सड़क पर सरपट भागने लगी थी।

## आशीर्वाद

श्याम नरायण जी बहुत-बहुत बधाई हो! सुबह गोशाला पहुँचते ही मुहल्ले के लोगों ने चुटकी लेते हुए कहा। भाई! किस बात की बधाई बाँट रहे हो! तभी गांव के सुंदर ने व्यंग बाण छोड़ा, अरे भाई साहब! पूरे मोहल्ले में लड्डू बँट गए और आपको पता भी नही चला कि आपके छोटे भाई राधे बाबू की बिटिया 'रानी' का लगन पक्का हो गया है। सभी ठठाकर हँसते हुए उनका उपहास करने लगे! श्याम बाबू ने अपनी इज्जत बचाने के लिए कहा, हाँ! हाँ!! यह खुशी की बात तो है ही, आखिर ?रानी' हमारी इकलौती बिटिया जो है। कहते हुए उनकी आँखों ने उनकी भावनाओं की धार को रोक ली। चेहरे पर किृत्रिम फूल की सज्जा बिखेर कर, वह वहाँ से चल दिये। सभी कानाफूसी करने लगे, ?लगता है रानी के लगन को लेकर दोनों भाईयों में सुलह हो गई है, खैर हमें क्या? घर आते ही पत्नी सुधा ने उनकी आंखों में नमी देखकर उनसे पूछा,?क्या हुआ जी? जानती हो राधे ने 'रानी' का लगन पक्का कर दिया, पूरे मुहल्ले में लडडू बाँटा, पर बड़े भाई की याद नहीं आई, संबधों का मजाक बनाना तो कोई उससे सीखे, गोशाला में सब उपहास कर रहे थे। तभी शयाम बाबू के कँधे पर किसी ने हाथ रखा पलटकर देखा तो राधे बाबू हाथ में लडडू का डिब्बा लिये खड़े थे। श्याम बाबू आहत भावना फट पड़ी, सुधा! पूछो इससे अब क्यों आया है? सुधा भी आग उगलने के लिए तैयार थी। पर तभी रानी ने अपने बड़े पापा और बड़ी मम्मी की चरण रज लेने के लिए झुकी, बस श्याम बाबू का क्रोध और नाराजगी अब आशीर्वाद में बदल गया।



मनीषा सहाय 'सुमन'

### रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

### आज का दोहा

**घर के भीतर घर बने, उनके भीतर और।**
**बना रही है अस्मिता, हर कमरे में ठौर।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

# मेरी सैंटा माँ

**सं**डे की सुबह घड़ी में नौ बज रहे थे। सत्या जी जोर -जोर से घंटी बजा रही थी। रीमा समझ गई अब कुछ देर हुई तो संडे खराब। उठकर चाय चढ़ा दिया। खटक पटर सुन कर घंटी की आवाज धीमी हो गई।



सविता गुप्ता

क्या माँ इतनी ठंड में सुबह-सुबह नहाने की क्या जरूरत? राज ने उठकर माँ को समझाने कि कोशिश की।

ज़िन्दगी बीत गई... अब क्या होगा? जवानी में तो चार बजे भोर में उठकर गंगा जी नहाने जाते थे। हाँ! ग्रैनी आप तो सुपर दादी हो। सात साल की पोती रूची ने भी प्यार जताया।

सब जानते हैं सत्या जी को रविवार का बेसब्री से इंतजार रहता है क्योंकि घर के सभी सदस्य घर पर रहते हैं,तो बातें करने का अवसर मिलता है,वरना अन्य दिनों में सभी भागा दौड़ी और अपने -अपने कार्यों में व्यस्त। शाम को रूची की ज़िद पर आइसक्रीम खाने का प्रोग्राम बना। अरे! इतनी ठंडी में कोई आइस्क्रीम खाता है भला। हाँ! ग्रैनी आप भी चलो ना!

प्यारी पोती के ज़िद के आगे सत्या जी भी जूते, जैकेट, टोपी पहन कर गाड़ी में बैठ गई।

घने कोहरे के कारण गाड़ी चलाने में काफी दिक़्कत हो रही थी। पाँच फीट आगे का भी कुछ साफ दिखाई नहीं दे रहा था। किसी तरह गाड़ी एक सुप्रसिद्ध मॉल पर रुकी। चारों तरफ क्रिसमस बड़ा दिन के आगमन की चकाचौंध थी। सभी उतर गए लेकिन सत्या जी बोली तुम लोग हो आओ मैं गाड़ी में ही बैठती हूँ मुझसे ज्यादा चला नहीं जाएगा। अनुनय विनय का भी सत्या जी पर कोई असर नहीं हुआ तो सभी चले गए। थोड़ी देर में एक दस साल का बालक जिसके तन पर ढंग के कपड़े भी नहीं थे ,लाल-लाल दिल की आकृति के बैलून बेचने के लिए गाड़ी की खिड़की पर आकर सत्या जी से आग्रह करने लगा। अरे! मैं क्या करूँगी इनका। ले लो ना दादीमाँ घर पर मेरी भी दादी हैं जो बहुत बीमार है। जिसके लिए दवाई खरीदना है। सत्या जी ने पर्स से सौ रुपए निकाल कर देना चाहा और कहा ये पैसे रखो, मुझे गुब्बारे नही लेना तुम और किसी को बेच दो। लेकिन बैलून वाले लड़के ने कहा नहीं दादीमाँ मैं ऐसे पैसे नहीं लूँगा और चला गया। सत्या जी टुकुर-टुकुर उस लड़के को देख रहीं थी जो हर आने -जाने वाले के पास जा कर बड़े आस से गुब्बारे लेने की याचना करता। एक घंटे बाद जब सब मॉल घुम कर वापस लौटे तो पूरी गाड़ी लाल -लाल गुब्बारों से भरी हुई थी और सत्या जी की लाल टोपी और सफेद जैकेट भी तन से गायब थे। पास में माँ के जैकेट और टोपी में बैलून वाले बच्चे को देख राज ने कहा वाह! मेरी सैंटा माँ।



*–संयोजन : नरेश अग्रवाल*

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# डोम सिटी में पर्यटक कर सकेंगे महाकुंभ के भव्य दर्शन

**एजेंसी। महाकुंभनगर**



जनवरी 2025 से त्रिवेणी के तट पर आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य, भव्य और नव्य स्वरूप प्रदान करने का योगी सरकार का संकल्प है। इसे मूर्त रूप देने के लिए पर्यटन विभाग भी निजी संस्थाओं के साथ मिलकर नए प्रतिमान बना रहा है। महाकुंभ नगर के अरैल क्षेत्र में तैयार हो रही डोम सिटी इसी की एक झलक देती है। संगम में महाकुंभ की शुरुआत के पूर्व ही आस्था और अध्यात्म की दुनिया आकार लेने लगी है। इस आयोजन के साक्षी बनने जा रहे करोड़ों पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए कुम्भ क्षेत्र आधुनिकता का एक ऐसा भव्य शहर तैयार हो रहा है जिसे देखकर हर किसी की आँखें चौंधिया जाएं। आधुनिकता, भव्यता और अध्यात्म का यह अद्भुत मेल है डोम सिटी, जिसे पर्यटन विभाग के सहयोग से एक निजी कंपनी ईवो लाइफ स्पेस प्रा. लि. तैयार कर रही है। इस पूरी डोम सिटी में 176 कॉटेज भी बनाए जा रहे हैं जहां ठहरने की सभी अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेंगी। 16x16 की हर एक कॉटेज में एसी, गीजर और सात्विक आहार की व्यवस्था होगी। कॉटेज का किराया स्नान पर्व के दिन 81 हजार और सामान्य दिनों में 41 हजार होगा। इसी तरह डोम का किराया स्नान पर्व के दिन 1 लाख 10 हजार और सामान्य दिनों के लिए 81 हजार रखा गया है। डोम की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। कॉटेज के वातावरण को आध्यात्मिक बनाने के लिए यहां धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन की प्रस्तुतियों की भी व्यवस्था होगी।

## बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिंदुओं को हटाने में लगे कट्टरपंथी

**एजेंसी। अयोध्या(आईएएनएस)**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर उत्तर प्रदेश के अयोध्या स्थित राममंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कट्टरपंथी हिंदुओं को हटाने में लगे हैं। आचार्य सत्येंद्र दास ने शनिवार को एक बयान में कहा कि बांग्लादेश में जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है तब से हिंदुओं को परेशान किया जा रहा है। यह दुखद है कि बांग्लादेश में जब से सत्ता परिवर्तन हुआ है, तब से वहां कट्टरपंथी बस गए हैं। वह अपना ध्येय बनाए हैं यहां किसी न किसी प्रकार से हिन्दुओं को हटा दिया जाय। इसी कारण वे लोग हिन्दुओं की संपत्ति लूट रहे हैं, उनके मंदिर तोड़ रहे हैं। आचार्य सत्येंद्र दास ने सरकार से अपील की है कि वहां हिंदुओं को बचाने के लिए कुछ करना चाहिए, वरना वहां हिन्दू नहीं बचेगा। जैसे पाकिस्तान में हिंदुओं को धीरे-धीरे खत्म कर दिया गया, बांग्लादेश भी पाकिस्तान हो जाएगा। यह दुख की बात है कि बहुत जगह से हिंदू वर्ग सरकार से कोई ठोस कदम उठाने की मांग कर रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे ही चलता रहा तो एक देश के हिंदू समाप्त हो जाएंगे। बहुत से देशों में हिंदू हैं और अपना काम कर रहे हैं। लेकिन बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन होने के ही बाद ऐसी घटना हो रही है। यह बहुत दुखद है, इस पर सरकार को संज्ञान लेना चाहिए। ज्ञात हो कि बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री की बढ़ीं मुश्किलें

# एलजी ने ईडी को दी केजरीवाल पर मुकदमा चलाने की मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली (हि.स.)**

आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें विधानसभा चुनाव से ऐन पहले बढ़ती नजर आ रही हैं। शुरू से ही विवादों में रही दिल्ली की नई आबकारी नीति के मामले में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को मंजूरी दे दी है। ईडी ने इसी महीने के आरंभ में केजरीवाल के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी।ईडी ने अपनी जांच-पड़ताल में कथित तौर पर आबकारी नीति को तैयार करने और उसके कार्यान्वयन में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार पाया था। इसका उल्लेख इस साल 17 मई को राऊज एवेन्यू कोर्ट में दायर अभियोजन शिकायत संख्या-7 में किया गया था। अदालत ने विगत 9 जुलाई को शिकायत का संज्ञान लिया। ईडी की अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया गया है कि केजरीवाल ने 'साउथ ग्रुप' के सदस्यों के साथ मिलकर 100 करोड़ रुपये की रिश्वत ली और 'टेलर-मेड' शराब नीति तैयार करके और उसे लागू करके निजी संस्थाओं को अनुचित लाभ पहुंचाया। इसमें कहा गया है कि साउथ ग्रुप के लिए विभिन्न शराब की दुकानों में हिस्सेदारी सुनिश्चित की गई थी और उसे आबकारी नीति 2021-22 के उद्देश्यों के विरुद्ध कई खुदरा क्षेत्र रखने की अनुमति दी गई थी। ईडी ने अभियोजन शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि अपराध की आय में से लगभग 45 करोड़ रुपये का इस्तेमाल गोवा चुनावों में केजरीवाल की मिलीभगत और सहमति से आम आदमी पार्टी के प्रचार के लिए किया गया था। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया, आम आदमी पार्टी अपराध की आय की 'प्रमुख लाभार्थी' थी। केजरीवाल पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक तथा राजनीतिक मामलों की समिति और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य होने के नाते अंततः गोवा चुनावों के दौरान धन के उपयोग के लिए जिम्मेदार थे। हालांकि, इस मामले में आम आदमी पार्टी और केजरीवाल खुद को बेकसूर और बेदाग बताते रहे हैं। वह समय-समय पर दावा करते रहे हैं कि दो साल तक चली जांच में 50 हजार पन्नों के दस्तावेज दाखिल किए गए और बड़ी संख्या में छापेमारी की गई, लेकिन कोई पैसा बरामद नहीं हुआ।



## भदोही में मां और तीन बच्चों के शव फांसी पर झूलते मिले, जांच में जुटी पुलिस

**प्रतापगढ़।** यूपी के प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात में भदोही गांव में एक ही परिवार के चार लोगों के शव फांसी के फंदे पर झूलते मिले। इसमें एक मां का शव है और उसके बाकी तीन बच्चे जुड़वा बताए जा रहे हैं। कमरे से जो तस्वीर सामने आई है उसमें मां समेत तीन बच्चों के शव कमरे में फंदे से झूलते हुआ मिले। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों की मानें तो घरेलू कलह के कारण महिला ने अपने तीन जुड़वा बच्चों के साथ फांसी लगाई।

# आज का राशिफल

**मेष :** ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। जो चल रहा है उसे सावधानीपूर्वक संभालें।

**वृष :** परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मिथुन :** जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**कर्क :** लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें।

**सिंह :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभ कार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। कार्य भार बढ़ेगा।

**धनु :** कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होंगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। समय का सदुपयोग करें। साधन और भोग-विलास के प्रचुर अवसर होंगे।

**मकर :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। परामर्श व परिस्थिति का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ :** कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है।

**मीन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।


## समाहरणालय, लातेहार
## (भू–अर्जन शाखा)
## समाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन की अधिसूचना
## (देखें नियम 6 का उप–नियम(1))

संख्या– /भू0 अ0 दिनांक–

भूमि अर्जन पुर्नवासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा–4 के प्रावधनों के तहत् सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–217 दिनांक–07.06.2024 के द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक के लिए M/s Social Action for Rural Development (SARDA) Chhotaki Murram Ramgarh Cantt. Ramgarh-829122 के द्वारा उक्त परियोजना हेतु S.I.A.(Social Impact Assessment) करने के लिए सहमति दी गई है। एतद् द्वारा राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक हेतु ग्राम–राजबार चादर–II में भूमि का रकबा–**101.76** एकड़ भूमि का सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करने हेतु अधिसूचना निर्गत की जाती है।

1. परियोजना का नाम :–राजबार ई0 एण्ड डी0 कोल ब्लॉक मौजा–राजबार अंचल–बालुमाथ जिला लातेहार
2. ग्राम का नाम :–राजबार चादर–II थाना नं0–195 राजस्व, थाना–बालुमाथ पुलिस स्टेशन–बालुमाथ जिला लातेहार
3. भूमि की विवरणी :–

| क्र0 सं0 | ग्राम का नाम | खाता संख्या | प्लॉट संख्या | भूमि का वर्गीकरण | कुल खतियानी क्षेत्र (रकबा) | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | खतियानी रैयत का नाम | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | भू–अर्जन की जाने वाली भूमि का चौहदी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 49 | राजबार चादर–II | 29 | 1039 | धान दो | 1.00 | 1.00 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– सोमर उरांव दक्षिण– जीतू उरांव |
| 50 | राजबार चादर–II | 29 | 1040 | धान दो | 0.75 | 0.75 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– विरबल उरांव दक्षिण– लाक्षो उराईन |
| 51 | राजबार चादर–II | 29 | 1041 | टांड़ एक | 0.09 | 0.09 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– देवसहाय उरांव दक्षिण– रामदेव इत्यादि |
| 52 | राजबार चादर–II | 29 | 1042 | टांड़ एक | 0.06 | 0.06 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– करमा उरांव दक्षिण– देवसहाय उरांव |
| 53 | राजबार चादर–II | 29 | 1043 | टांड़ एक | 0.06 | 0.06 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– रामदेव इत्यादि दक्षिण– देवसहाय उरांव |
| 54 | राजबार चादर–II | 29 | 1044 | टांड़ एक | 0.06 | 0.06 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– निज दक्षिण– करमा इत्यादि |
| 55 | राजबार चादर–II | 29 | 1046 | टांड़ एक | 0.05 | 0.05 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– रास्ता दक्षिण– रामदेव इत्यादि |
| 56 | राजबार चादर–II | 29 | 1047 | टांड़ एक | 0.03 | 0.03 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– रास्ता दक्षिण– रामदेव |
| 57 | राजबार चादर–II | 29 | 1049 | टांड़ एक | 0.03 | 0.03 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज |
| 58 | राजबार चादर–II | 29 | 1051 | टांड़ एक | 0.12 | 0.12 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– निज दक्षिण– रामदेव इत्यादि |
| 59 | राजबार चादर–II | 29 | 1052 | टांड़ दो | 0.12 | 0.12 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– निज दक्षिण– रामदेव इत्यादि |
| 60 | राजबार चादर–II | 29 | 1054 | टांड़ दो | 0.02 | 0.02 | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | जीतु उरॉव वो टीपन उरॉव वो सोमर उरॉव, पिता–चरवा उरॉव, पैतालीस अंश समान, व मुसमात लाछो उराईन, पति–सुधु उरॉव पन्द्रह अंश व बिवला उरॉव वो चन्दरू उरॉव, पिता–सोमना उरॉव आठ अंश समान व करमा उरॉव, पिता–चन्दरा उरॉव चार अंश, व बिरवल उरॉव वो लाला उरॉव, पिता–लंगड़ा उरॉव चौबीस अंश समान, व रामदेव उरॉव वो मंगल वो जेतन वो करना उरॉव, पिता–मुना उरॉव बारह अंश समान, व देवसहाय उरॉव, पिता–मिठुआ उरॉव बारह अंश, व जागे उरॉव वो लक्षु उरॉव वो बागेसर उरॉव, पिता–चामु उरॉव तीस अंस समान, व लुरकी उरॉव, पिता–टिपना उरॉव दस अंश व कैला उरॉव वो गंगा उरॉव, पिता–एतवा उरॉव बीस अंश व भोला उरॉव | उत्तर– रास्ता दक्षिण– निज |

ह0/–
उपायुक्त, लातेहार

PR 342512 (Land Reforms)24-25*D


# अनमोलप्रीत सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में सिर्फ 35 गेंदों में लगाया शतक

## 29 गेंदें में जैक फ्रेजर-मक्गर्क और 31 गेंदें में एबी डिविलियर्स उनसे आगे हैं।



**अहमदाबाद, (आईएएनएस)।** पंजाब के टॉप ऑर्डर बल्लेबाज अनमोलप्रीत सिंह ने तीसरा सबसे तेज लिस्ट ए शतक बनाया है। अनमोलप्रीत 35 गेंदों में शतक बनाने के बाद, लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले बल्लेबाजों में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। जैक फ्रेजर-मक्गर्क (29 गेंदें) और एबी डिविलियर्स (31 गेंदें) उनसे आगे हैं। अहमदाबाद में विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ नंबर 3 पर बल्लेबाजी करने आए अनमोलप्रीत ने 11 चौकों और 8 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। अरुणाचल प्रदेश के सभी गेंदबाजों के खिलाफ अनमोलप्रीत ने जमकर रन बटोरे। बाएं हाथ के स्पिनर हार्दिक वर्मा 9.52 की इकॉनमी रेट के साथ सबसे किफायती साबित हुए। अनमोलप्रीत ने ऑफ स्पिनर तेची नेरी को विशेष रूप से निशाना बनाया, जिन्होंने अपनी एकमात्र ओवर में 31 रन दिए। अनमोलप्रीत की धमाकेदार बल्लेबाजी की बदौलत पंजाब ने अरुणाचल प्रदेश के 164 रन को सिर्फ 12.5 ओवर में पूरा कर लिया। अनमोलप्रीत ने 45 गेंदों में 115 रन बनाए। तीन अंकों के आंकड़े तक पहुंचने के बाद उन्होंने एक सिक्सर और एक और चौका मारा।

# हार्दिक पांड्या विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट में बड़ौदा के लिए उपलब्ध रहेंगे



**हैदराबाद, (आईएएनएस)।** भारत के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट मैचों के लिए बड़ौदा की टीम में वापसी करेंगे, क्योंकि उन्हें शनिवार को विभिन्न स्थानों पर शुरू हुए टूनार्मेंट के पहले कुछ राउंड के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। बीसीए की क्रिकेट सुधार समिति के सदस्य किरण मोरे ने क्रिकबज के हवाले से कहा, वह नॉकआउट से खेलेंगे; उन्होंने हमें सूचित किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली राष्ट्रीय चयन समिति ने इस बात पर जोर दिया है कि खिलाड़ियों को घरेलू प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए।

## एक नजर

### पिकलबॉल कोचिंग कैंप का हुआ आयोजन

# भुवनेश्वर में नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल चैंपियनशिप तीन जनवरी से




**रांची।** रांची जिमखाना क्लब में 20 से 22 दिसंबर तक आयोजित पिकलबॉल कोचिंग कैंप में धनबाद से आए झारखंड। पिकलबाल एसोसिएशन के कोच गौरव कुमार और दीपक कुमार ने क्लब के सदस्यों को इस खेल की बारीकियां सिखाईं। इस तीन दिवसीय सेशन में पिकलबॉल को पहली बार अनुभव करने वाले खिलाड़ियों में उत्साह देखा गया। क्लब के सदस्य आनंद खेमका, दीपक अग्रवाल, पायल अग्रवाल, विनीत साबू, सुभाष अग्रवाल, प्रीति केडिया और रचित केडिया समेत दर्जनों खिलाड़ियों ने इस खेल को बड़े ही जोश और उत्साह के साथ खेला। सभी ने पिकलबॉल को एक नया और रोमांचक अनुभव बताया। झारखंड पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव प्रभात कुमार का आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने इस खेल को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए प्रेरित करने की दिशा में अहम भूमिका निभाई। जनवरी में 3 से 5 तक भुवनेश्वर में नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन से झारखंड के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा।

# महान रेसलर रे मिस्टीरियो सीनियर का निधन, 30 साल की थी रैसलिंग



**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध मैक्सिकन पहलवान रे मिस्टीरियो सीनियर का 66 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि पहलवान का बीते 20 दिसंबर को ही निधन हो गया था लेकिन इसकी पुष्टि परिवार ने अब की है। मिस्टरियो सीनियर ने मेक्सिको में लुचा लिब्रे स्टाइल में प्रसिद्धि हासिल की थी। वर्ल्ड रेसलिंग एसोसिएशन और लुचा लिब्रे एएए वर्ल्डवाइड जैसे प्रमुख संगठनों के साथ उन्होंने कई चैंपियनशिप खिताब जीते थे।

**मिस्टरियो जिसका असली नाम मिगुएल एंजेल लोपेज डायस था की मौत का खुलासा लुचा लिब्रे एएए ने एक्स अकाऊंट पर डाली एक पोस्ट से हुआ।**

# हरियाणा ने केरल को दस विकेट से हराया

### आंध्र प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड ने भी मैच जीते || बीसीसीआई अंडर - 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रोहन रोहिल्ला की घातक गेंदबाजी की बदौलत हरियाणा ने यहां चल रहे बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को केरल को 10 विकेट हरा दिया। उषा मार्टिन मैदान पर मैच में टॉस जीतकर हरियाणा ने केरल को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। केरल ने 26.2 ओवर में मात्र 80 रन बनाए। उमर अबू बेकर ने 31, रोशन नायर ने 19 एवं जेरिन पीएस ने 14 रन बनाए। हरियाणा की ओर से भुवन रोहिला ने मात्र 22 रन देकर छह विकेट के लिए, जबकि अनुज ठकराल ने 18 रन देकर तीन विकेट लिया। जीत के लिए आवश्यक रन हरियाणा ने 7.2 और में बिना किसी नुकसान के किया बना लिए । अर्ष रंगा ने चार चक्के एवं 6 चौके की मदद से 54 एवं जसवर्धन ने चार चौके मदद से 22 रन बनाए । दोनों नाबाद रहे। ओवल मैदान पर खेले गए मैच में दिल्ली ने नागालैंड को 9 विकेट से हराया। इस मैच में नागालैंड ने पहले खेलते हुए 39 . 1 ओवर में 142 रन बनाए। मुघावी सुमी ने 22 एवं विशाल साहनी ने तीन छक्के



एवं तीन चौके की मदद से 48 रन बनाए । दिल्ली की ओर से यतीश सिंह ने तीन तथा सौर्य मलिक एवं आर भागेला ने दो-दो विकेट लिए । जवाब में जीत दिल्ली ने 8.2 ओवर में एकक्ष विकेट पर आवश्यक रन बना लिए । अर्पित राणा ने 11 छक्के एवं सात चौके की मदद से नाबाद 100 रन बनाए । अंकित ने 42 रनों को योगदान किया। जेएससीए ग्राउंड में खेले गए मैच में उत्तराखंड ने मणिपुर को 243 रनों के भारी अंतर से पराजित किया । इस मैच में उत्तराखंड ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट पर 310 रन बनाए । हितेश ने तीन छक्के और साथ चौको की मदद से 91, ए सूर्यवंशी ने 66, अभिषेक पी ने 52 एवं लिंकेन ने छह चौके की मदद से 62 रन बनाए। मणिपुर की ओर से संजीत एवं सोम काता ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में मणिपुर की टीम मात्र 67 रन नहीं बना सकी। डोमिनिक ने 7 चौके की मदद से 31 रन बनाए। उत्तराखंड की ओर से रविंद्र ने 25 रन देकर पांच एवं हर्ष पटवाल में चार रन लेकर तीन विकेट लिया।

मैकेन स्टेडियम में आंध्र प्रदेश ने के रेवंता रेड्डी के शानदार नाबाद शतक की बदौलत सौराष्ट्र को सात विकेट से हरा दिया । सौराष्ट्र ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में 8 विकेट पर 293 रन बनाए। राज बघेला 113 एवं गाजर समर में 114 रनों की पारी खेली। आंध्र प्रदेश की ओर से साकेत राम एवं जसवंत ने दो-दो तथा कैएस राजू और शिव ने एक- विकेट लिया ।

# विराट के नाबाद शतक से झारखंड ने असम को सात विकेट से हराया



**जयपुर।** सवाई मानसिंह स्टेडियम में विजय हजारे ट्रॉफी के तहत खेले गए मैच में झारखंड ने विराट सिंह के नाबाद शतक और उत्कर्ष सिंह के अर्धशतक की बदौलत असम को सात विकेट से हरा दिया। इस मैच में असम ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 257 रन बनाए। ऋषभ दास ने 78, गांधी जॉनकर ने 77, देवाशीष ने 37, स्वरूपम ने 25 व आकाश सेनगुप्ता ने 21 रन बनाए। झारखंड की ओर से विकास सिंह एवं सरवर ने दो-दो विकेट लिया । विकास कुमार, अनुकूल राय एवं बालकृष्ण ने एक एक - एक विकेट लिया। जवाब में झारखंड ने आवश्यक रन आसानी से बना लिए । इशान किशन के 27 रनों के निजी स्कोर पर आउट होने के बाद उत्कर्ष सिंह एवं विराट सिंह ने 141 रनों की साझेदारी निभाई। उत्कर्ष सिंह 8 चौके की मदद से 85 व विराट सिंह ने दो छक्के व 6 चौके की मदद से नाबाद 106 रन बनाए। कुशाग्र ने भी नाबाद 16 रन बनाए। असम की ओर से अभिनव एवं एम दत्ता ने एक- एक विकेट लिया।

# झारखंड के दो खिलाड़ियों ने जीते चार पदक



**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में वाराणसी में चल रहे ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड के दो खिलाड़ियों ने पहले दिन भाग लिया जिसमें दोनों खिलाड़ियों ने अपना उम्दा प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण सहित तीन पदक राज्य को दिलाया । 9 वर्ष आयु वर्ग में खेल रहे आदित्य राज ने काता स्पर्धा में स्वर्ण पदक और कुमिते स्पर्धा में रजत पदक जीता। वही 11 वर्ष आयु वर्ग में खेल रही मिस्टी कुमारी ने काता स्पर्धा में कांस्य पदक और कुमिते स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर राज्य का परचम लहराया। विजेता खिलाड़ियों को कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हंसी भरत शर्मा और कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी कमीशन के चेयरमैन शिहान सुनील किस्पोट्टा ने पुरस्कृत किया। टीम कोच संसाइ अनिल किस्पोट्टा के मार्गदर्शन में दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन अच्छा रहा। विजेता खिलाड़ियों को शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बधाई दी। इन्होंने बताया कि आगामी 2025 के फरवरी महीने में फुजैरह दुबई में यूथ लीग अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन होना है जिसमें झारखंड के खिलाड़ी के भी भाग लेने की संभावना है।

# झारखंड ने ओडिशा को आठ विकेट से हराया

### बीसीसीआई अंडर 23 स्टेट ए ट्रॉफी टूर्नामेंट



**रायपुर।** बीसीसीआई अंडर - 23 स्टेट ए ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में शनिवार को झारखंड ने आसानी से उड़ीसा को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में उड़ीसा ने पहले खेलते हुए 40.2 ओवर में केवल 159 रन बनाए। ए शशांक ने 20 20, दिनेश माझी ने 28 , सैदीप ने 28 एवं सुजल ने 29 रन बनाए। झारखंड की ओर से हर्ष राज ने घातक गेंदबाजी करते हुए मात्र 37 रन देकर कर चार विकेट लिए, जबकि शमशाद एवं ओम सिंह ने दो-दो विकेट लिए ।साहिल एवं शुभ को एक - एक विकेट मिले। जवाब में झारखंड ने सत्य सेतु एवं साहिल राज के शानदार अर्ध शतक की बदौलत आसानी से आवश्यक रन 23.5 ओवर में दो विकेट पर बना लिए। सत्या सेतु ने दो छक्के एवं 6 चौके मदद से 65 एवं साहिल राज ने दो छक्के व छह चौके की मदद से नाबाद 53 रन बनाए। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 109 रनों की भागीदारी निभाई। शिखर मोहन ने 15 एवं आर्यन हुड्डा ने 22 रन बनाए।

# झारखंड वॉलीबाल संघ ने एडहाक समिति को लिखा पत्र, कहा मान्यता प्राप्त संघ को ही ट्रायल के लिए आमंत्रित किया जाए

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय वॉलीबॉल महासंघ की एडहॉक कमिटी ने सभी राज्यों को पत्र भेजकर जयपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम गठित करने का अनुरोध किया था।

इस पर झारखण्ड वॉलीबाल संघ के सचिव शेखर बोस ने आपति जताई है। वहीं भीएफआई की एडहाक समिति को पत्र लिखा है, जिसमें कहा है कि झारखंड वॉलीबाल संघ भारतीय वॉलीबॉल महासंघ एवं झारखंड ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके चेयरमैन सुबोध कांत सहाय, अध्यक्ष आरके आनंद एवं सचिव शेखर बोस हैं।

वहीं दुसरी ओर एक पैरेलल संघ चलाने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं। व्यावसायिक संस्थान मोंगिया स्टील में जयदीप सरकार एवं अन्य को भारतीय वॉलीबॉल महासंघ की एडहॉक कमिटी ने पत्र निर्गत कर ट्रायल करने का निर्देश दिया। जब कि एडहॉक कमिटि का स्पष्ट निर्देश था कि सभी प्रकार के विवाद से बचने के लिये स्वयं राज्य सरकार के खेल विभाग के द्वारा चयन कर टीम भेजें।

परन्तु आपके कर्यालय के दोनों पत्रों ने भ्रम की स्थिति पैदा कर दी है। पत्र में लिखा गया कि जब एडहॉक कमिटी ने राज्य सरकार को ही ट्रायल करने का निर्देश दिया था तो स्वयं ट्रायल ना कर अथवा राज्य सरकार की मान्यता प्राप्त वॉलीबॉल संघ के सहयोग से ट्रायल न करवाकर आपके कार्यालय के द्वारा किसी अन्य को(जयदीप सरकार एवं अन्य जो विवादित है) ट्रायल कराने हेतु निर्देशित किया है जो सरासर गलत कदम है।

इस संदर्भ में आपसे अनुरोध है तथा शीघ्र उक्त ट्रायल को स्थगित करते हुए मान्यता प्राप्त झारखंड वालीबाल संघ अथवा एडहॉक समिति के निर्देशानुसार राज्य सरकार के द्वारा ही कराया जाए। तथा इस कार्य में संलिप्त पदाधिकारियों की पहचान कर उनपर कठोर कार्रवाई की जाये ।

# सीसीएल में अंतर कंपनी वालीबॉल प्रतियोगिता आज से

**रांची।** सीसीएल द्वारा सीआईएल अंतर कंपनी वालीबॉल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन गांधी नगर क्रीड़ांगन में 22 से 24 दिसंबर तक किया जा रहा है । इस प्रतियोगिता में सीआईएल के आनुषंगिक कम्पनियां एवं एससीसीएम की टीमें भाग ले रही है । इस प्रतियोगिता के सारे मैच दूधिया रोशनी में गांधी नगर क्रीड़ांगन में आयोजित किए जायेंगे। इस प्रतियोगिता के तकनीकी संचालन झारखंड वालीबॉल संघ के नेतृत्व में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन रविवार संध्या छह बजे किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सीसीएल के हरीश दुहान, निदेशक एवं पंकज कुमार होंगे ।

# अरविंदो सीए ने 58 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में विजडम सीए बनाम अरविंदो सीए के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अरविंदो सीए की टीम ने 30 ओवर में 10 विकेट पर 140 रन बनाया। आदित्य ने 32 व प्रतीक ने 25 रन बनाया। एमडी अर्श ने तीन विकेट लेकर 22 रन, एमडी अली ने दो विकेट लेकर 22 रन व जैद हुसैन ने दो विकेट लेकर 24 रन दिया। विज्डम सीए की टीम ने 23.3 ओवर में 10 विकेट पर 82 रन बनाया। जयेश ने पांच विकेट लेकर 14 रन व अंशिक ने तीन विकेट लेकर 31 रन दिया।

# यंग तरुण संगम ने तीन विकेट से टूर्नामेंट जीता

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ईईएफ टाटीसिलवे में यंग तरुण संगम बनाम एसओसी के बीच खेला गया। एसओसी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 30.1 ओवर में 10 विकेट पर 167 रन बनाया। अरिहंत ने सर्वाधिक 69 रन बनाया। विकास ने तीन विकेट लेकर 26, पंकज ने 2 विकेट लेकर 30 व आरुष ने दो विकेट लेकर 41रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी यंग तरुण संगम ने 32.5 ओवर में सात विकेट पर 169 रन बनाया। विकास ने 54 व निखिल ने 25 रन बनाया। आदर्श ने तीन विकेट लेकर 27 रन व अमन ने तीन विकेट लेकर 30 रन दिया। यंग तरुण संगम ने तीन विकेट से टूर्नामेंट जीता।

# जेके इंटरनेशनल ने 210 से टूर्नामेंट जीता

**रांची।** वेंचर स्किल अंडर-16 क्रिकेट टूर्नामेंट शाखा ग्राउंड में जेके इंटरनेशनल बनाम डीएवी कपिल देव के बीच खेला गया। जेके इंटरनेशनल की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 35 ओवर में सात विकेट पर 360 रन बनाया। संस्कार ने 36, हर्ष ने 85, अक्षज ने 36, दीपक ने 21, आर्यन ने 42, निखिल ने 51 व सत्यम ने 20 रन बनाये। वहीं प्रत्यूष ने दो विकेट लेकर 36 रन दिए, जबकि शिवाय ने तीन विकेट लेकर 68 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी डीएवी कपिल देव की टीम ने 34.5 ओवर में 10 विकेट पर 149 रन बनाया। शिवाय ने 24, फैक ने 38, प्रत्यूष ने 21 रन बनाये। हर्ष ने दो विकेट लेकर 25 रन, निखिल ने चार विकेट लेकर चार रन व दीपक ने दो विकेट लेकर छह रन दिये। जेके इंटरनेशनल की टीम ने 210 से टूर्नामेंट जीता।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल की 55वीं बैठक

# हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम दर में कटौती का फैसला टाला



कटौती की मांग लंबे समय से चल रही पेंडिंग

**नई दिल्ली/जैसलमेर (आईएएनएस)।** जीएसटी काउंसिल ने शनिवार को लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर दर में कटौती का फैसला टाल दिया है। लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर जीएसटी कटौती उद्योगों की लंबे समय से पेंडिंग चल रही मांग है, क्योंकि इस कदम से बीमाकताओं और पॉलिसीधारकों दोनों पर कर का बोझ कम होगा। जानकारों के अनुसार, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जैसलमेर में अपनी 55वीं बैठक में जीएसटी काउंसिल ने इंश्योरेंस प्रीमियम के लिए संभावित कर परिवर्तनों पर फैसला टाल दिया है। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मंत्रियों के समूह (जीओएम) के अधिसंख्य पैनल सदस्यों ने हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी प्रीमियम पर ह्यपूर्ण छूटह्ल की वकालत की थी, कुछ पैनल सदस्यों ने दर को मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव दिया।

सम्राट चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, कुछ सदस्यों ने कहा कि अधिक चर्चा की आवश्यकता है। जनवरी में जीओएम की फिर से बैठक होगी। जीओएम ने टर्म लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसियों के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट का सुझाव दिया। हेल्थ इंश्योरेंस कवर के लिए वरिष्ठ नागरिकों द्वारा भुगतान किए गए प्रीमियम पर जीएसटी से छूट देने का भी प्रस्ताव किया गया।

वरिष्ठ नागरिकों के अलावा अन्य व्यक्तियों के लिए, 5 लाख रुपये तक की पॉलिसी को कवर करने वाले हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम पर छूट की सिफारिश की गई। हालांकि, 5 लाख रुपये से अधिक कवरेज वाली पॉलिसियों पर मौजूदा 18 प्रतिशत जीएसटी दर लागू रहेगी।

जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में सिफारिशों पर आगे विचार-विमर्श करेगी, क्योंकि कुछ और तकनीकी पहलुओं को सुलझाया जाना है। इस बीच, जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर पर जीओएम को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए जून 2025 तक छह महीने का विस्तार मिलने की संभावना है।

# एसआईपी में शुद्ध प्रवाह 233 फीसदी बढ़ा


### म्यूचुअल फंड में 135 प्रतिशत की हुई वृद्धि




**मुंबई (आईएएनएस)।** भारत में एसआईपी में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। एक रिपोर्ट के मुताबिक सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में शुद्ध प्रवाह 233 फीसदी (सालाना आधार) बढ़ा है। ऐसा इसलिए, क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था कठिन भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद लचीली बनी हुई है।

आईसीआरए एनालिटिक्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल जनवरी से नवंबर तक कुल शुद्ध प्रवाह 9.14 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023 में यह 2.74 लाख करोड़ रुपये था, जो 233 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। नवंबर के अंत में रजिस्टर्ड नए एसआईपी की संख्या बढ़कर 49.47 लाख हो गई, जबकि नवंबर 2023 में यह 30.80 लाख थी। रिपोर्ट के अनुसार, एसआईपी एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) नवंबर में 13.54 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि 2023 में यह 9.31 लाख करोड़ रुपये था। भारतीय म्यूचुअल फंड (एमएफ) इंडस्ट्री ने पिछले एक साल में शुद्ध प्रवाह में 135 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि और शुद्ध एयूएम (प्रबंधन के तहत संपत्ति) में लगभग 39 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि आने वाले वर्षों में उद्योग में कई गुना वृद्धि होने की संभावना है, क्योंकि भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक अच्छी स्थिति में है। आईसीआरए एनालिटिक्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और बाजार डाटा प्रमुख अश्विनी कुमार ने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था की संरचनात्मक विकास कहानी बरकरार रहने और भारत के वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान होने के साथ, घरेलू म्यूचुअल फंड उद्योग में आने वाले वर्षों में कई गुना वृद्धि होने की उम्मीद है। इस बीच, म्यूचुअल फंड उद्योग में कुल प्रवाह नवंबर 2024 में 135.38 प्रतिशत से बढ़कर 60,295.30 करोड़ रुपये हो गया, जबकि नवंबर 2023 में यह 25,615.65 करोड़ रुपये था।

# बायोटेक स्टार्टअप 10 वर्षों में 50 से बढ़कर 9,000 हो गए : जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह के अनुसार, भारत में वर्ष 2014 में केवल 50 बायोटेक स्टार्टअप थे, जो पिछले दशक में बढ़कर लगभग 9,000 हो गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में, केंद्रीय मंत्री ने इस वृद्धि का श्रेय पिछले 10 वर्षों में जैव-अर्थव्यवस्था में शानदार वृद्धि को दिया, जो कि वर्ष 2014 में 10 बिलियन डॉलर से बढ़कर वर्ष 2024 में 130 बिलियन डॉलर से अधिक की हो गई। जैव-अर्थव्यवस्था उद्योग के वर्ष 2030 तक 300 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, प्रदूषण, जलवायु चुनौतियों आदि के खतरे के साथ, इस सरकार ने स्थिरता को प्राथमिकता दी है। यह लगभग 10-15 साल पहले के समय के बिल्कुल विपरीत है, जब भारत को जलवायु या हरित चिंताओं जैसे मुद्दों के रूप में बहुत गंभीरता से नहीं लिया जाता था, क्योंकि उन्हें लगता था कि या तो भारत इससे अलग है, या शायद हम इसकी गंभीरता को नहीं समझते हैं।

### क्रिसमस से पहले शेयर बाजार में है मंदी

# बैलेंस निवेश रणनीति अपनाने का सही समय

### पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में 1,000 से अधिक अंकों की आई है गिरावट

**मुंबई (आईएएनएस)।** वैश्विक स्तर पर बिकवाली के बीच इस हफ्ते भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में 5 प्रतिशत की गिरावट आई, जिसके लिए अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में कटौती के लिए सतर्कता बरतना भी एक बड़ा कारण रहा। इसके परिणामस्वरूप विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) द्वारा लगातार बिकवाली की गई।

इस सप्ताह पांच में से तीन कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में 1,000 से अधिक अंकों की गिरावट आई और बीएसई में लिस्टेड फर्मों से लगभग 17 लाख करोड़ रुपये का बाजार पूंजीकरण खत्म हो गया।

बाजार के जानकारों के अनुसार, यह इक्विटी बाजारों के लिए एक बेहद खराब सप्ताह रहा, क्योंकि प्रमुख सूचकांकों में तेज गिरावट आई, जिससे पिछले चार हफ्तों की बढ़त खत्म हो गई। एंजेल वन के ओशो कृष्णन ने कहा, बेंचमार्क सूचकांक में इस गिरावट के साथ पिछले सप्ताह के बंद आंकड़े से लगभग 1,200 अंक नीचे आ गया। परिणामस्वरूप, यह सप्ताह 200 सरल मूविंग एवरेज (एसएमए) से नीचे समाप्त हुआ, जो लगभग 5 प्रतिशत की कुल हानि को दशार्ता है। निफ्टी 50 में तेज गिरावट देखी गई, सूचकांक ने सभी समर्थन स्तरों को तोड़ दिया।

# यूक्रेन ने रूस के कजान में किया ड्रोन से हमला

## अमेरिका के 9/11 जैसा हुआ अटैक, ऊंची इमारतों को बनाया गया निशाना

**मॉस्को (हि.स.)।**

रूस के कजान में शनिवार की सुबह किए गए ड्रोन हमले से अफरातफरी मच गई। मानवरहित ड्रोन आवासीय ऊंची इमारतों से टकरा गए। इससे आग लग गई। कजान मेयर कार्यालय ने इसकी पुष्टि की।



रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी तास के अनुसार, कजान मेयर कार्यालय ने कहा कि तातारस्तान की राजधानी कजान शहर के तीन जिलों में मानवरहित हवाई वाहनों ने आवासीय भवनों पर हमला किया। इसके बाद इन इमारतों को खाली करा लिया गया। तातारस्तान के प्रमुख रुस्तम मिन्निकानोव मौके पर हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को समयानुसार सुबह 7:50 बजे तातारस्तान क्षेत्र में एक ड्रोन को नष्ट कर दिया गया। मगर इस हमले के बाद कजान के सोवेत्स्की, किरोव्स्की और प्रिवोलज्स्वकी जिलों में आवासीय इमारतों में आग लग गई। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। नगर निगम की आपातकालीन सेवाओं को हाई अलर्ट पर रखा गया है। एक नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है। कजान के मेयर इल्सुर मेत्शिन ने प्रभावित लोगों को अस्थायी आवास, गर्म कपड़े और भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

कुछ रिपोर्ट्स में इस हमले को अमेरिका के 9/11 जैसा बताया गया है। कजान एयरपोर्ट को भी अस्थायी रूप से बंद करने का दावा किया गया है। रूस की विमानन निगरानी संस्था रोसावियात्सिया ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप के माध्यम से कहा, कजान पर यूक्रेनी ड्रोन हमले के बाद यह कदम उठाया गया है। दो अन्य हवाई अड्डों पर भी अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया गया है। कजान मॉस्को से लगभग 800 किलोमीटर दूर पूर्व में स्थित है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले के बाद आरोप लगाया कि इसके पीछे यूक्रेन का हाथ है। रूस का कजान शहर 2024 ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए चर्चा में रहा है। इसे रूस की तीसरी राजधानी भी कहा जाता है। वर्ष 2018 में यहीं पर फीफा वर्ल्ड कप आयोजित किया गया था। यहां भारत भी अपना दूतावास खोलने वाला है। यूक्रेन की राजधानी कीव से कजान की दूरी करीब 1400 किलोमीटर है। तास के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रात को यूक्रेन के 19 मानव रहित ड्रोन को मार गिराया गया। यूक्रेन ने बेलगोरोड क्षेत्र में नौ, वोरोनिश क्षेत्र में पांच, काला सागर के ऊपर तीन, कुर्स्क में एक और क्रास्नोडार में एक ड्रोन भेजकर हमले की कोशिश की। रूस ने इन सभी को मार गिराया।

## धोनी और सुनील शेट्टी बन सकते हैं 'मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' का हिस्सा


**भुवनेश्वर (आईएएनएस)।**



ओडिशा अपने स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए आगामी 'उत्कर्ष ओडिशा : द मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव 2025' में बॉलीवुड और भारतीय क्रिकेट के शीर्ष सेलिब्रिटी निवेशकों की मेजबानी करने जा रहा है। अगले साल 28 और 29 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम में स्टार्टअप ओडिशा द्वारा आयोजित एक हाई-प्रोफाइल प्लेनरी सेशन होगा। स्टार्टअप ओडिशा के सीईओ कमलजीत दास ने नई पॉलिसी के बारे में समाचार ऐजेंसी से कहा, 28 तारीख सेलिब्रिटी स्टार्टअप को लेकर अहम होगा। सेलिब्रिटी स्टार्टअप को लेकर दो दृष्टिकोण होगा। उन्होंने कहा कि कई सेलिब्रिटीज को एक ईमेल रिक्वेस्ट भेजा है, जिनमें महेंद्र सिंह धोनी और सुनील शेट्टी जैसे नाम शामिल हैं। इस सत्र में बॉलीवुड स्टार आलिया भट्ट और सुनील शेट्टी के भी आने की उम्मीद है।

### पूर्व आईएमएफ चीफ रोड्रिगो राटो को भ्रष्टाचार मामले में चार साल की जेल

**मैड्रिड।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पूर्व प्रबंध निदेशक और स्पेन के उप प्रधानमंत्री रोड्रिगो राटो को मैड्रिड प्रांतीय अदालत ने चार साल नौ महीने कैद की सजा सुनाई। 75 वर्षीय रोड्रिगो राटो को टैक्स फ्रॉड, धन शोधन और भ्रष्टाचार के मामले में दोषी पाया गया। साल 1996 से 2004 तक जोस मारिया अजनार की पीपुल्स पार्टी (पीपी) सरकार के दौरान उप प्रधानमंत्री और अर्थव्यवस्था मंत्री के रूप में कार्य करने वाले राटो को बहामास, स्विट्जरलैंड, मोनाको, लक्जमबर्ग और यूनाइटेड किंगडम सहित अन्य स्थानों पर बैंक खातों में संपत्ति छिपाने के मामले में दोषी पाया गया। बता दें कि राटो को दूसरी बार जेल की सजा हुई है। फरवरी 2017 में उन्हें विफल बैंकिया सेविंग्स बैंक के सीईओ के रूप में कार्य करते हुए 500 से अधिक अघोषित खरीद और नकद निकासी के लिए एक गुप्त कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने के लिए चार साल और छह महीने की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने अक्टूबर 2018 से अक्टूबर 2020 तक दो साल जेल में काटे थे।



### अफ्रीका में 70 हजार के करीब पहुंची एमपॉक्स पीड़ितों की संख्या

**अदीस अबाबा।** अफ्रीका में एमपॉक्स के मामले 70,000 के करीब पहुंच गए हैं। अफ्रीका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (अफ्रीका सीडीसी) ने बताया कि इस साल अब तक अफ्रीका में एमपॉक्स के मामलों की संख्या 69,000 को पार कर गई है, जबकि मरने वालों की संख्या 1,260 से अधिक हो गई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक, अफ्रीका सीडीसी के चीफ ऑफ स्टाफ और कार्यकारी कार्यालय के प्रमुख नगाशी नगोंगो ने एक ऑनलाइन मीडिया ब्रीफिंग के दौरान कहा कि अफ्रीकी महाद्वीप में साल की शुरूआत से अब तक 69,211 एमपॉक्स के मामले सामने आए हैं। इनमें से 14,794 की पुष्टि हुई और 1,268 से अधिक लोगों की मौतें हुई हैं। अफ्रीकी संघ की विशेष स्वास्थ्य सेवा एजेंसी के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले सप्ताह ही इस महाद्वीप में एमपॉक्स के 3,095 नए मामले सामने आए, जिनमें 553 की पुष्टि हुई और 31 नई मौतें हुई हैं।

### सूडान में जारी संघर्ष में 800 नागरिकों की मौत : यूएन

**जिनेवा।** पश्चिमी सूडान में उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर में जारी घेराबंदी के कारण मई 2024 से अब तक कम से कम 782 लोग मारे गए और 1,143 से अधिक घायल हुए हैं। यह जानकारी संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय (ओएचसीएचआर) ने दी। रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष जून में लड़ाई काफी बढ़ गई थी और संघर्षरत पक्षों के बीच आवासीय क्षेत्रों में भीषण लड़ाई हुई। लोग गोलीबारी में फंस गए, क्योंकि घरों का इस्तेमाल लड़ाई के लिए किया जाने लगा। साथ ही, बाजारों पर हमला किया गया और लूटपाट की गई।

### प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के मंत्रिमंडल में आठ नए मंत्री शामिल

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने मंत्रिमंडल में बदलाव की घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी सूची के अनुसार, मंत्रिमंडल में आठ नए मंत्रियों को शामिल किया गया और चार मंत्रियों की भूमिका बदल दी गई है। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने बताया कि इन बदलावों के बाद मंत्रिमंडल में प्रधानमंत्री के अलावा कुल 38 मंत्री बने रहेंगे और इसमें महिलाओं और पुरुषों की संख्या बराबर है। यह फेरबदल पूर्व उप प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड के इस्तीफा के कुछ दिनों बाद हुआ। जुलाई से अब तक कुल 9 मंत्रियों ने अपने इस्तीफे या अगले संघीय चुनाव से हटने की घोषणा की है।

# पीएम मोदी पहुंचे कुवैत

## 43 वर्षों में किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा



- कहा, हम कुवैत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को देते हैं बहुत महत्व

**एजेंसी। कुवैत सिटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार की दोपहर कुवैत पहुंचे। वह 43 साल में इस खाड़ी देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय पीएम बन गए। उनका कुवैत पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी कुवैत राज्य के अमीर शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर अपनी ऐतिहासिक दो दिवसीय यात्रा पर यहां पहुंचे हैं। उम्मीद है कि यह यात्रा खाड़ी देशों के साथ भारत के करीबी रिश्तों को एक नए स्तर पर ले जाएगी।

पीएम मोदी को बयान पैलेस में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया जाएगा फिर वह कुवैत के अमीर और कुवैत के क्राउन प्रिंस के साथ अलग-अलग बैठकें करेंगे। इसके बाद कुवैत के प्रधानमंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी, जिसमें द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की जाएगी। क्राउन प्रिंस भारतीय प्रधानमंत्री के सम्मान में एक भोज का आयोजन करेंगे। पीएम मोदी कुवैत के अमीर के विशेष अतिथि के रूप में 26वें अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में भी शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा, आज, मैं कुवैत राज्य के अमीर महामहिम शेख मेशल अल-अहमद अल-जबर अल-सबाह के निमंत्रण पर कुवैत की दो दिवसीय यात्रा पर जा रहा हूं। हम कुवैत के साथ ऐतिहासिक संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। हम न केवल मजबूत व्यापारिक और ऊर्जा साझेदार हैं, बल्कि पश्चिम एशिया क्षेत्र में शांति, सुरक्षा, स्थिरता और समृद्धि में भी हमारी साझा रुचि है।

बयान में कहा गया, यह यात्रा हमारे लोगों और क्षेत्र के फायदे के लिए भविष्य की साझेदारी के लिए रोडमैप तैयार करने का अवसर होगा। मैं कुवैत में भारतीय प्रवासियों से मिलने के लिए उत्सुक हूं, जिन्होंने दोनों देशों के बीच मैत्री के बंधन को मजबूत करने में बहुत योगदान दिया है। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि उनकी यात्रा भारत और कुवैत के लोगों के बीच विशेष संबंधों और मैत्री के बंधन को और मजबूत करेगी।

### 101 वर्षीय पूर्व आईएफएस अधिकारी, रामायण-महाभारत के अरबी अनुवादक से की मुलाकात



**एजेंसी**

**कुवैत सिटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का शनिवार दोपहर कुवैत सिटी स्थित होटल में पहुंचने पर भारतीय समुदाय ने भव्य स्वागत किया। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में कुवैत की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी से गर्मजोशी से मिलने वालों में 101 वर्षीय मंगल सेन हांडा भी शामिल थे, जो भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के पूर्व अधिकारी हैं। वे अब कुवैत में रहते हैं और लगभग चार दशक पहले रिटायर्ड हुए थे। वह कुवैत, यूनाइटेड किंगडम, इराक, चीन, अर्जेंटीना और कंबोडिया में सेवा दे चुके हैं। पीएम मोदी ने न केवल हांडा के साथ अभिवादन किया, बल्कि उनके परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। पूर्व आईएफएस अधिकारी की नातिन श्रेया जुनेजा ने पीएम मोदी से अनुरोध किया था कि वह कुवैत यात्रा के दौरान उनके 101 वर्षीय दादा से मुलाकात करें। जुनेजा के अनुरोध को स्वीकार करते हुए, पीएम मोदी ने एक्स पर संदेश दिया, बिल्कुल! मैं आज कुवैत में मंगल सैन हांडा जी से मिलने के लिए उत्सुक हूं। श्रेया को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिलने की पूरी उम्मीद नहीं थी, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी, (जो विदेश यात्राओं के दौरान भारतीय प्रवासियों के मुलाकात करना पसंद करते हैं), से मिले जवाब ने उन्हें बेहद खुश कर दिया।

जुनेजा ने एक्स पर कहा, आपसे प्रतिक्रिया पाना हमारे लिए सम्मान की बात है, सर! आपने एक बार फिर हमारा दिल जीत लिया है। नानाजी मंगल सैन हांडा बहुत खुश हैं और उनकी मुस्कान हमारे लिए बहुत मायने रखती है। हम इस दयालु व्यवहार के लिए बहुत आभारी हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुवैत में अब्दुल्ला अल बैरन और अब्दुल लतीफ अल नेसफ से मुलाकात की। अब्दुल्ला अल बैरन ने रामायण और महाभारत दोनों का अरबी में अनुवाद किया है। अब्दुल लतीफ अल नेसफ ने रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण प्रकाशित किए हैं। उन्होंने पीएम मोदी को दोनों रामायण और महाभारत के अरबी संस्करण भेंट किए। कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समूह, भारतीय समुदाय, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

# विदेश में पढ़ने वाले भारतीयों की संख्या में 50% से ज्यादा की वृद्धि

- वर्ष 2019 में विदेश में पढ़ने वाले भारतीयों की संख्या 5,86,337 थी
- वर्ष 2023 में बढ़कर 8,92,989 हो गई, सबसे ज्यादा पढ़ रहे अमेरिका, कनाडा व यूके में

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 19 दिसंबर 2024 को राज्यसभा में बताया कि बीते पांच वर्ष में विदेश में पढ़ने वाले भारतीयों की संख्या में 52.2% की बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2019 में विदेश में पढ़ने वाले भारतीयों की संख्या 5,86,337 थी, जो वर्ष 2023 में बढ़कर 8,92,989 हो गई।

शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि विदेश में रह रहे 8,92,989 भारतीय छात्रों में से सबसे बड़ा समूह अमेरिका में है, जहां 2,34,473 छात्र पढ़ रहे हैं। इसके बाद कनाडा में 2,33,532 और यूनाइटेड किंगडम (यूके) में 1,36,921 छात्र हैं। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से विदेश में अध्ययन करने का विकल्प चुनने वाले भारतीयों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2020 को छोड़कर, जब यह आंकड़ा 55.7% घटकर 2,59,655 रह गया था। यह गिरावट कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया भर में लगाए गए प्रतिबंधों के कारण थी, जिसके कारण वर्ष 2019 और वर्ष 2020 के बीच कई शैक्षणिक संस्थानों को कक्षाओं को पूरी तरह से ऑनलाइन करना पड़ा था।

केरल से सीपीआई (एम) सांसद वी. शिवदासन द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने एक लिखित जवाब में कहा कि शिक्षा मंत्रालय उच्च अध्ययन के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों से संबंधित डाटा नहीं रखता है, लेकिन उसके पास गृह मंत्रालय (एमएचए) के आव्रजन ब्यूरो (बीओआई) द्वारा प्रदान की गई जानकारी है कि पिछले पांच वर्षों में विदेश जाने के दौरान कितने भारतीयों ने अपनी यात्रा का उद्देश्य 'अध्ययन या शिक्षा' बताया है।

सबसे अधिक संख्या में भारतीय छात्रों की मेजबानी करने वाले शीर्ष तीन देशों में से एक कनाडा है, जहां भारतीय छात्रों के नामांकन में 76% की वृद्धि हुई है, जो वर्ष 2019 में 132,620 से बढ़कर वर्ष 2023 में 233,532 हो गई है। यह वृद्धि दोनों देशों के बीच बढ़ते राजनयिक तनाव के बावजूद हुई है। ये तनाव दिसंबर 2020 में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की भारतीय किसानों के विरोध प्रदर्शन का समर्थन करने वाली टिप्पणियों के बाद शुरू हुआ था। अक्टूबर 2023 में कनाडा ने भारत से 41 राजनयिकों को वापस बुला लिया था, जब भारत सरकार ने उनकी डिप्लोमैटिक इम्युनिटी को रद्द करने और उनके परिवारों के लिए सुरक्षा वापस लेने की योजना की घोषणा की। अक्टूबर 2024 में स्थिति और बिगड़ गई, जब दोनों देशों ने सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच एक-दूसरे के राजनयिकों को निष्कासित कर दिया। मालूम हो कि 18 जून, 2023 को कनाडा में एक गुरुद्वारे के बाहर हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हालांकि, इस वर्ष से कनाडा ने कुछ ऐसी नीतियों को अपनाया है, जिससे वहां अन्य विदेशी छात्रों के साथ-साथ भारतीय छात्रों की संख्या भी कम हो सकती है। अमेरिका, जहां एमआईटी, स्टेनफोर्ड, हार्वर्ड और यूसी बर्कले जैसे प्रतिष्ठित संस्थान हैं, ने भारतीय छात्रों की संख्या में 91% की वृद्धि दर्ज किया, जो वर्ष 2019 में 122,535 से बढ़कर वर्ष 2023 में 234,473 हो गई। इस बीच, यूनाइटेड किंगडम में 273.9% की वृद्धि देखी गई।

### बांग्लादेश में 3 मंदिरों में तोड़फोड़, एक गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, बदमाशों ने बांग्लादेश में तीन हिंदू मंदिरों को निशाना बनाया। इस दौरान मैमनसिंह और दिनाजपुर जिलों में आठ मूर्तियों को खंडित किया गया। पुलिस ने पुष्टि की है कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इनमें से एक घटना के सिलसिले में 27 वर्षीय एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। मंदिर सूत्रों और स्थानीय लोगों के मुताबिक हलुआघाट पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी अबुल खैर ने शनिवार को बताया कि बदमाशों ने शुक्रवार तड़के हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर की दो मूर्तियों को खंडित कर दिया। मैमनसिंह में गुरुवार और शुक्रवार की तड़के दो मंदिरों में तीन मूर्तियों को नष्ट कर दिया गया। हलुआघाट के शाकुई यूनियन में बोंदरपारा मंदिर पर शुक्रवार को हमला किया गया था, जबकि एक दिन पहले बीलडोरा संघ में पोलाशकंद काली मंदिर में एक और मूर्ति को खंड़ित दिया गया था।

## यादव हाई कोर्ट के जज बनने लायक नहीं : जस्टिस चंद्रचूड़



- तत्कालीन सीजेआई जस्टिस दीपक मिश्रा को भेजे पत्र में लिखा था
- पूर्व सीजेआई जस्टिस चंद्रचूड़ उस समय सुप्रीम कोर्ट के जज थे

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर कुमार यादव इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में विश्व हिंदू परिषद के लीगल सेल की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल हुए। समान नागरिक संहिता विषय पर बोलते हुए जज यादव ने उसका पुरजोर समर्थन किया। उन्होंने मुस्लिमों की चार शादियों को गलत बताया। इस्लाम के मुकाबले हिंदू धर्म को ज्यादा सहिष्णु बताया। जस्टिस यादव ने कहा, मुझे ये कहने में कोई संकोच नहीं है कि यह हिंदुस्तान है... और देश हिंदुस्तान में रहने वाले बहुसंख्यकों के अनुसार चलेगा। जज यादव इस तरह विवादित टिप्पणियों के कारण चर्चा में हैं। विपक्ष के कुछ सांसदों ने उन्हें हटाने के लिए संसद में नोटिस देकर महाभियोग की प्रक्रिया भी शुरू की है। इधर, सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम ने जस्टिस यादव को तलब कर कड़ी फटकार लगाते हुए चेतावनी दी है। लीगल न्यूज वेबसाइट 'लीफलेट' ने दावा किया है कि सुप्रीम कोर्ट का जज रहते हुए पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने जस्टिस यादव की नियुक्ति का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन सीजेआई से दो टूक कहा था कि यादव हाई कोर्ट का 'जज बनने लायक' नहीं हैं। दूसरी तरफ, पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने भी एक अन्य लीगल न्यूज वेबसाइट लाइव लॉ से बातचीत में कहा, 'यह सच है कि मैंने शेखर यादव के साथ-साथ कई अन्य नामों का भी विरोध किया था, जिसका कारण नेपोटिज्म, संबंधों और अन्य पूर्वाग्रहों से जुड़ा हुआ था।' उन्होंने आगे कहा कि किसी जज का रिश्तेदार होना अपने आप ही अयोग्यता का कारण नहीं हैं।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि मौजूदा जजों को हमेशा ध्यान रखना चाहिए के वे क्या बोल रहे हैं, भले ही वे अदालत के अंदर हों या बाहर। उनके बयानों से ऐसा संदेश नहीं जाना चाहिए, जिससे न्यायपालिका के बारे में ये धारणा बने कि वह पक्षपाती है। चंद्रचूड़ ने यादव के आरएसएस से संबंध होने, अभी केंद्र में एक मंत्री, जो तब बीजेपी से राज्यसभा सदस्य थे, से उनकी करीबी और पर्याप्त अनुभव की कमी के आधार पर उनके जज बनाए जाने का विरोध किया था।

'लीफलेट' ने सुप्रीम कोर्ट के दस्तावेज के विश्लेषण के आधार पर अपनी रिपोर्ट में ये दावा किया है। रिपोर्ट के मुताबिक, जस्टिस चंद्रचूड़ जब सुप्रीम कोर्ट के जज थे, तब 2018 में तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा ने उनसे तब वकालत कर रहे शेखर यादव की इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति को लेकर उनकी राय मांगी थी। 14 फरवरी 2018 को इलाहाबाद हाईकोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस दिलीप बाबासाहेब भोसले की अगुआई वाले हाईकोर्ट कॉलेजियम ने जज बनाए जाने के लिए 33 वकीलों के नाम को भेजा था। चूंकि जस्टिस चंद्रचूड़ सुप्रीम कोर्ट का जज बनने से पहले इलाहाबाद हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रह चुके थे, इसलिए तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा ने इन नामों पर उनकी राय मांगी थी। 'लीफलेट' अपनी रिपोर्ट में आगे लिखता है कि जस्टिस चंद्रचूड़ ने 13 अगस्त 2018 को तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा को खत लिखा। खत में उन्होंने यादव के कथित तौर पर अपर्याप्त अनुभव, उनके आरएसएस से संबंधों और तब बीजेपी के एक राज्यसभा सदस्य जो अब केंद्र में मंत्री हैं, उनसे यादव की करीबी का जिक्र करते हुए कहा था कि वह जज बनने लायक नहीं हैं। चंद्रचूड़ ने यादव को लेकर अपने नोट के आखिर में लिखा, 'वह हाई कोर्ट का जज नियुक्त किए जाने के लायक नहीं हैं।' महत्वपूर्ण यह है कि जिन 33 वकीलों ने नाम पर जस्टिस चंद्रचूड़ से सलाह मांगी गई थी, उन्होंने उनमें से केवल 6 नामों का ही समर्थन किया। 22 नामों के लिए जस्टिस चंद्रचूड़ ने अपने नोट में लिखा कि वे 'इलाहाबाद हाई कोर्ट का जज नियुक्त किए जाने लायक नहीं' हैं।

### हर साड़ी एक कहानी कहती है : निमरत कौर



**मुंबई।** विश्व साड़ी दिवस के अवसर पर शनिवार को अभिनेत्री निमरत कौर ने सोशल मीडिया पर एक संदेश साझा किया। अभिनेत्री ने अपने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें वह एक खूबसूरत काली साड़ी में दिखाई दे रही हैं। अलग-अलग पोज देते हुए अभिनेत्री ने खुद के वीडियो भी शेयर किए। अभिनेत्री ने तस्वीरों के साथ लिखा, हर साड़ी एक कहानी कहती है। क्या आप मेरी कहानी पढ़ सकते हैं? अभिनेत्री कौर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एक फैन ने लिखा, सुंदरता। दूसरे फैन ने कहा, कितनी प्यारी फोटो है! विश्व साड़ी दिवस हर साल 21 दिसंबर को मनाया जाता है, जो साड़ी की सुंदरता, सांस्कृतिक महत्व और स्थायी विरासत के लिए वैश्विक स्तर पर समर्पित है।

# श्री श्री रविशंकर के नेतृत्व में किया ध्यान

## अध्यात्मिक गुरु ने कहा, ध्यान से प्राप्त होती है आंतरिक सुरक्षा और शांति

**एजेंसी**

**संयुक्त राष्ट्र।** विश्व ध्यान दिवस की पूर्व संध्या पर अध्यात्मिक गुरु और 'आर्ट ऑफ लिविंग' के संस्थापक श्री श्री रविशंकर ने शुक्रवार (20 दिसंबर) को संयुक्त राष्ट्र संघ में आयोजित ध्यान सत्र का नेतृत्व किया। इस दौरान उनकी अगुवाई में करीब 18 मिनट तक वहां मौजूद सभी लोगों ने ध्यान किया। बता दें संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया है। शुक्रवार को उस समय, सुरक्षा परिषद में तीखी बहस चल रही थी, जिसमें 'अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए खतरे' पर चर्चा हो रही थी। इससे पहले दिन में 'सशस्त्र संघर्षों में बच्चे', मध्य पूर्व और अफ्रीका में तनाव और



यूक्रेन युद्ध जैसे विषयों पर चर्चा हो चुकी थी।

ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में शांति के माहौल में, रविशंकर ने विश्व ध्यान दिवस की पूर्व संध्या पर संयुक्त राष्ट्र में 'वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान' कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जिसे इस महीने महासभा द्वारा नवगठित किया गया था। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र में शांति और सुरक्षा के बारे में काफी चर्चा होती है। ध्यान से आंतरिक सुरक्षा और आंतरिक शांति प्राप्त हो सकती है, जिससे विश्व एक बेहतर स्थान बन सकता है। आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के संस्थापक रविशंकर ने कहा, मैं सभी देशों से शांति शिक्षा पर थोड़ा और ध्यान देने की अपील करता हूं। आइए हम अपने युवाओं को सिखाएं कि कैसे आराम करें, कैसे रोजाना तनाव से छुटकारा पाएं, कैसे अपनी नकारात्मक भावनाओं को संभालें और कैसे केंद्रित रहें। बता दें कि इसी 6 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत, लिकटेंस्टीन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा के एक मुख्य समूह द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। साथ ही विंटर सोलस्टिइस डे के अवसर पर मनाए जाने वाले इस कार्यक्रम का कई अन्य देशों ने भी समर्थन किया।

### दुनिया भर में मना पहला 'विश्व ध्यान दिवस'

**नई दिल्ली।** 'विश्व ध्यान दिवस' के अवसर पर विदेश में भारतीय मिशनों में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने यूएन ट्रस्टीशिप काउंसिल में 'वैश्विक शांति और सद्भाव के लिए ध्यान' कार्यक्रम की मेजबानी की। यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने प्राचीन भारतीय अभ्यास 'ध्यान' पर चर्चा की और इसे आंतरिक शांति और सद्भाव प्राप्त करने का एक साधन बताया। ध्यान को वैश्विक मान्यता मिलने पर गर्व व्यक्त करते हुए हरीश ने कहा, मुझे खुशी है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष फिलेमोन यांग, परिचालन सहायता के अवर महासचिव अतुल खरे, आध्यात्मिक नेता श्री श्री रविशंकर और अन्य लोग शुभ अवसर पर हमारे साथ शामिल हुए। लाओस की राजधानी वियनतियाने में, भारतीय दूतावास ने आर्ट ऑफ लिविंग लाओस और हॉलिडे इन वियनतियाने के सहयोग से इस दिवस को सेलीब्रेट किया। लाओस में भारतीय राजदूत प्रशांत अग्रवाल ने मौजूद लोगों को शांति, सद्भाव और व्यक्तिगत कल्याण के लिए ध्यान अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सरल ध्यान तकनीकों का भी अभ्यास किया।